CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

मेरठ, बुधवार 25 जून 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 24 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 28 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



राहुल गांधी ने की ओडिशा में दलित युवकों पर अत्याचार की कड़ी निंदा पेज 2



स्पिन गेंदबाज दिलीप दोशी का दिल का दौरा पड़ने से निधन खेल टाइम्स



नशीली दवाओं के विरुद्ध महत्वाकांक्षी युद्ध संपादकीय



इजरायल को दहलाकर मुस्लिमों में हीरो बने खामेनेई पेज 12

# ईरान और इजरायल के बीच सीजफायर ढाई घंटे में ही टूटा

### ईरान ने इजरायल पर 6 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, एक बीर्शेबा शहर में इमारत पर गिरी, पांच लोगों की मौत, 20 से ज्यादा घायल

### इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान के उत्तरी हिस्से में रडार साइट पर हमला किया, इजरायली आर्मी ने की हमले की पुष्टि

**तेहरान/वाशिंगटन, वार्ता**

**इजरायल -ईरान** जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि यह कुछ घंटों में ही टूट गया।

सीजफायर शुरू होने के करीब ढाई घंटे बाद ईरान ने इजरायल पर 6 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। एक मिसाइल बीर्शेबा शहर में इमारत पर गिरी, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा घायल हैं। ईरानी हमले के जवाब में इजरायल ने अपनी सेना को तेहरान में हमले का आदेश दिया था। इसके बाद इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। ईरानी मीडिया के मुताबिक तेहरान के उत्तरी हिस्से में मंगलवार शाम दो बड़े धमाकों की आवाज़ सुनी गई हैं। इजरायल के इस कदम से युद्ध विराम की कोशिशों पर पानी फिर सकता है। इजरायली आर्मी रेडियो ने हमले की पुष्टि की है। ताजा हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायल पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा था। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा कि मैं हमला नहीं रोक सकता, क्योंकि ईरान ने पहले सीजफायर का उल्लंघन किया और उसे जवाब देना जरूरी है। दोनों देशों के बीच जारी जंग के 12वें दिन, मंगलवार सुबह 3:32 बजे ट्रम्प ने सीजफायर पर सहमति बनने का ऐलान किया -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ **अमेरिका से नेतन्याहू को दूसरा बड़ा झटका, ट्रम्प का ऐलान, खामेनेई ही रहेंगे ईरान के सुप्रीम लीडर**

### कतर के अमीर ने मध्यस्थता की, ईरान को मनाया

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान और इजरायल के बीच सीजफायर कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मध्यस्थता के बाद हुआ। ट्रम्प ने मंगलवार सुबह 3:32 बजे 12 दिनों से जारी जंग को लेकर इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर की घोषणा की। ट्रम्प ने सीजफायर के पहले कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी से बात की थी। इसके बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने कतर के पीएम शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी से संपर्क किया। ट्रम्प ने हमद अल थानी को बताया कि इजरायल सीजफायर के लिए तैयार है और ईरान को मनाने के लिए मदद मांगी।

# भारत ने की ऑपरेशन सिंदूर के बाद 1981 करोड़ के हथियारों की आपात खरीद

## भारतीय सेना और अत्याधुनिक हथियारों से होगी लैस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेनाओं को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने और आतंकवाद रोधी अभियानों में सेना की संचालन तथा मारक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आपात खरीद प्रणाली के तहत 1981 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक हथियारों की खरीद के 13 अनुबंधों को अंतिम रूप दिया है।



रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि सेना के लिए आपात खरीद मद के तहत 2,000 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी। आपात खरीद प्रणाली के तहत सेना के लिए एकीकृत ड्रोन डिटेक्शन और इंटरडिक्शन सिस्टम (आईडीडी आईएस), लो लेवल लाइटवेट रडार (एलएल एलआर), बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस) - लॉन्चर और मिसाइल, रिमोटली पायलटेड एरियल व्हीकल (आरपीएवी), वर्टिकल टेक- ऑफ और लैंडिंग (वीटी ओएल), सिस्टम सहित लोइटरिंग म्यूनिशन, विभिन्न श्रेणियों के ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट (बीपीजे), बैलिस्टिक हेलमेट, क्विक रिएक्शन फाइटिंग व्हीकल (क्यूआर एफवी) - भारी और मध्यम और राइफलों के लिए नाइट साइट्स जैसे हथियार और उपकरण खरीदे जाएंगे। आपात खरीद प्रणाली के तहत त्वरित प्रक्रियाओं के माध्यम से की जाने वाली खरीद का उद्देश्य आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के लिए स्थितिजन्य जागरूकता, मारक क्षमता, गतिशीलता और सुरक्षा को बढ़ाना है। तेजी से क्षमता वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए अधिग्रहण को कम से कम समयसीमा के भीतर पूरा किया गया है। यह खरीद रक्षा मंत्रालय की सेना को उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए आधुनिक, मिशन-महत्वपूर्ण और पूरी तरह से स्वदेशी प्रणालियों से लैस करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय इससे पहले भी कई बार आपात खरीद प्रणाली के तहत सेनाओं के लिए खरीद कर चुका है।

### दो युवकों का आधा सिर मूंडा, घास खिलाई, गो-तस्करी के शक में पीटा

**गंजम।** ओडिशा के गंजाम जिले में गो-तस्करी के शक में दो दलित युवकों को बुरी तरह पीटा गया। उनका आधा सिर मुंडवाया गया। उन्हें घुटनों के बल रेंगने, घास खाने और नाली का पानी पीने के लिए मजबूर किया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। घटना 22 जून को खारिगुमा गांव में हुई। पुलिस ने अगले दिन यानी 23 जून को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, सिंगीपुर गांव के रहने वाले बबुला नायक और बुलु नायक हरिऔर इलाके से दो गाय और एक बछड़ा अपने गांव ले जा रहे थे। खारिगुमा गांव में गो-रक्षकों ने उन्हें रोका। उनसे 30 हजार रुपये मांगे। मना करने पर पीटा। सैलून ले जाकर आधा सिर मुंडवाया। उन्हें एक किमी तक घुटनों के बल रेंगने पर मजबूर किया। दोनों लोगों को घास खिलाई और नाली का पानी पिलाया गया।

### एयर इंडिया ने फिर शुरू की प. एशिया व यूरोप की उड़ानें

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एयर इंडिया ने मंगलवार को घोषणा की कि वह इस क्षेत्र में अपनी उड़ानें धीरे-धीरे फिर से शुरू करेगी। पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में हवाई क्षेत्र धीरे-धीरे फिर से खुल रहे हैं, इसलिए उड़ानों का संचालन चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। एयर इंडिया ने यह भी कहा कि मंगलवार से यूरोप के लिए और यूरोप से आने वाली उड़ानें भी दोबारा शुरू कर दी जाएंगी। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि जैसे-जैसे पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में हवाई क्षेत्र धीरे-धीरे फिर से खुल रहे हैं, एयर इंडिया मंगलवार से इस क्षेत्र में अपनी उड़ानें धीरे-धीरे शुरू करेगी।

### ऑपरेशन सिंधु के तहत 326 और भारतीय पहुंचे दिल्ली

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंधु के तहत इजरायल से मंगलवार को दो उड़ानों से 326 भारतीय नागरिक दिल्ली पहुंचे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि ऑपरेशन सिंधु का इजरायल चरण 23 जून को शुरू हुआ, जिसमें इजरायल से 161 भारतीय नागरिकों का पहला समूह स्वदेश लौटा। मंगलवार सुबह 8:20 बजे जॉर्डन की राजधानी अम्मान से ये लोग सुरक्षित रूप से नई दिल्ली पहुंचे।

### राजनाथ चीन में SCO की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को चीन के क़िंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दो दिन की बैठक के दौरान सदस्य देशों के रक्षा मंत्री क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शांति तथा सुरक्षा के साथ-साथ आतंकवाद विरोधी प्रयासों और एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच सहयोग सहित कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

# उप्र: जून में बारिश का 50 साल का रिकॉर्ड टूटा, सूरत में बाढ़ जैसे हालात

## यमुनोत्री-बद्रीनाथ में लैंडस्लाइड, तीन की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गुजरात में पिछले 2 दिन से तेज बारिश हो रही है। सूरत में 24 घंटे में 10 इंच बारिश दर्ज की गई है। शहर के कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। अधिकतर सड़कों पर पानी भर गया है। शहर के स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं।

लगातार बारिश से दो स्टेट हाईवे में जलभराव हो गया है। 4-5 हाउसिंग सोसाइटी में पानी भर गया है। पूना पर्वत गाम, वराछा, कपोदरा, कटारगाम, वेद रोड और जहांगीर पुरा जैसे निचले इलाकों में लोगों के घरों में पानी घुस गया है। इधर, दक्षिण पश्चिम मानसून ने मंगलवार को हरियाणा में भी एंट्री कर ली। इसके साथ ही दिल्ली को छोड़कर मानसून सभी राज्यों में पहुंच गया है। 24 मई को तय तारीख से 8 दिन पहले मानसून ने केरल में दस्तक दी थी। दिल्ली में सामान्य तौर पर 30 जून तक मानसून पहुंचता है। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और यूपी के कुछ जिलों में मानसून का प्रवेश बाकी है। आमतौर पर मानसून 8 जुलाई तक पश्चिमी राजस्थान के पोखरण में पहुंचता है। उत्तर प्रदेश में जून में बारिश का 50 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। 1971 से 2020 के बीच हुई औसत बारिश के मुकाबले इस साल 25 फीसदी ज्यादा बरसात हुई है। इस साल राज्य में एक जून से 23 जून के बीच 66.9 मिमी औसत बारिश हुई है, जबकि अनुमान 53.7 मिमी का था उत्तराखंड में मानसून के पहुंचने के साथ ही प्राकृतिक आपदाओं का दौर भी शुरू हो गया है। यमुनोत्री पैदल मार्ग पर नौ कैंची बैंड के पास भूस्खलन हुआ, इसमें करीब आधा दर्जन यात्री दब गए। मलबे से 2 शव बरामद किए गए हैं। राहत और बचाव का काम जारी है। बद्रीनाथ से लौट रहे हरियाणा के श्रद्धालु की कार पर पहाड़ी से एक बड़ा पत्थर गिर जाने से महिला यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। केदारनाथ पैदल मार्ग पर बरसाती नाले में उफान से भारी मात्रा में मलबा दुकानों में घुस गया। लगभग आधा दर्जन दुकानों को नुकसान हुआ है।

■ **दिल्ली को छोड़कर सभी राज्यों में पहुंचा मानसून**



इजरायल के सैनिक बीर्शेबा में ईरानी मिसाइल हमले में नष्ट हुए आवासीय भवनों के मलबे के बीच काम करते हुए। इस हमले में कई लोग मारे गए।

### तीन लाख का इनामी कुख्यात अपराधी रोमिल मुठभेड़ में ढेर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुठभेड़ में एक कुख्यात अपराधी को मार गिराया, जिसकी पहचान रोमिल वोहरा के रूप में हुई है और उस पर तीन लाख दस हजार रुपये का इनाम था। स्पेशल सेल एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सोमवार देर रात हरियाणा पुलिस की एसटीएफ से सूचना प्राप्त हुई थी कि कई आपराधिक मामलों में वांछित रोमिल दिल्ली में आने वाला है। इस पर हरियाणा एसटीएफ और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की एक संयुक्त टीम ने मिलकर उसे पकड़ने की योजना बनाई। उन्होंने कहा कि मंगलवार सुबह दक्षिणी दिल्ली के किशनगढ़ के इलाके में हरियाणा बॉर्डर के पास पुलिस की टीम ने रोमिल को घेर लिया। रोमिल ने गोलियां चलानी शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई रोमिल ढेर हो गया।

# ऑपरेशन सिंदूर में शामिल होना क्राइम करने की छूट नहीं देता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दहेज हत्या के आरोपी को पुलिस के सामने सरेंडर से छूट देने से इन्कार कर दिया। आरोपी ने कोर्ट के सामने दलील दी थी कि वो ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा था।

आरोपी ने कहा कि मैं 20 साल से राष्ट्रीय राइफल्स में ब्लैककैट कमांडो हूं। जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि आप ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा थे, इससे आपको घर पर अत्याचार करने की आजादी नहीं मिल जाती है। आप देखिए कि फिजिकली कितने फिट हैं, ये दिखा रहा है कि आपने अपनी पत्नी का गला घोंट दिया हो, उसे मार डाला हो। भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले का बदला लिया था। 6-7 मई की रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक की थी। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 20 साल पुराने इस केस में फैसला सुनाया है। 2004 में आरोपी बलजिंदर को अमृतसर की ट्रायल कोर्ट ने दोषी करार दिया था। इसके खिलाफ बलजिंदर ने हाईकोर्ट में अपील की थी।

■ **पत्नी की हत्या के आरोपी कमांडो को सुप्रीम कोर्ट की फटकार**

**उत्तराखंड पंचायत चुनाव**

# हाईकोर्ट के फैसले से पहले ही आयोग ने रोक लगाई

## नैनीताल हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में राज्य चुनाव आयोग ने की अधिसूचना जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून/नैनीताल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों पर हाईकोर्ट की रोक और मंगलवार की सुनवाई के आदेशों के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने भी अपने चुनावी कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने अपनी अधिसूचना जारी करते हुए कहा है कि पंचायत चुनावों में नामांकन की कार्रवाई एवं अन्य आगे की कार्यवाहियां अग्रिम आदेशों तक स्थगित की जाती हैं। यानी राज्य में पंचायत चुनावों की आचार संहिता फिलहाल हट गई है।

राज्य चुनाव आयुक्त सुशील कुमार द्वारा जारी अधिसूचना में हाईकोर्ट के सोमवार 23 जून और मंगलवार 24 जून की सुनवाई एवं निर्देशों का हवाला दिया गया है। कहा है कि 21 जून को राज्य चुनाव आयोग ने जो पंचायत चुनावों का कार्यक्रम जारी किया था, उस कार्यक्रम में दिनांक 25 जून से दिनांक 28 जून तक नामांकन एवं तदोपरान्त निर्वाचन का अग्रिम कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। चूंकि उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल के उपरोक्त आदेश से राज्य सरकार के आरक्षण सम्बन्धी सम्पूर्ण कार्यवाही अग्रिम आदेशों तक स्थगित की गई है जिस कारण पदों - स्थानों के आरक्षण एवं आवंटन की स्थिति स्पष्ट नहीं है। इन परिस्थितियों में नामांकन की कार्यवाही एवं तदोपरान्त अग्रिम कार्यवाहियां किया जाना संभव नहीं है। अत: उच्च न्यायालय नैनीताल के अनुपालन में आयोग द्वारा 21 जून को निर्गत अधिसूचना संख्या 1141 में विनिर्दिष्ट दिनांक 25 जून से नामांकन की कार्यवाही एवं अन्य कार्यवाहियां अग्रिम आदेशों तक स्थगित की जाती हैं।



■ **राज्य में अग्रिम आदेशों तक पंचायत चुनावों की आचार संहिता समाप्त**

### सरकार ने की हाईकोर्ट से पंचायत चुनाव से रोक हटाने की मांग

**नैनीताल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर लगी रोक को हटाने के सम्बंध में मंगलवार को राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के समक्ष मेंशन कर कहा कि 9 जून को सरकार ने जो नियमावली बनाई थी उसका गजट नोटिफिकेशन 14 जून को हो गया था। लेकिन कम्युनिकेशन गैप के कारण गजट नोटिफिकेशन को हाईकोर्ट के समक्ष सुनवाई के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जा सका था। मंगलवार को सरकार की ओर से यह नोटिफिकेशन हाईकोर्ट के समक्ष पेश कर दिया है। जिसके बाद मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने पंचायत चुनाव सम्बन्धी सभी याचिकाओं की सुनवाई के लिए 25 जून बुधवार (आज) अपरान्ह 2 बजे का समय निर्धारित किया है। इस मामले में मंगलवार को दीपिका किरौला व अन्य की याचिकाएं भी सुनवाई को लगी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पहलगाम हमले में सभी हमलावर बाहरी थे: उमर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले में कोई स्थानीय संलिप्त नहीं थे और सभी हमलावर विदेशी नागरिक थे। अब्दुल्ला ने पर्यटन स्थल गुलमर्ग में संवाददाताओं से कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें कोई स्थानीय लोग संलिप्त नहीं थे। छब्बीस लोगों को गोली मारने वाले विदेशी थे। उन्होंने कहा कि एनआईए ने जांच के दौरान हमलावरों की मदद करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने हालांकि इस पर भी जोर दिया कि दोनों को आतंकवादियों की मदद करने के लिए मजबूर किया गया हो। उन्होंने कहा कि और हो सकता है कि एनआईए ने यह भी कहा हो कि उन्हें मदद करने के लिए मजबूर किया गया था। अब जांच जारी रहने दीजिए। उसके बाद एनआईए के समक्ष आरोप प्रस्तुत किए जाएंगे।

### वैष्णो देवी का नया ट्रैक दूसरे दिन भी बंद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के कटरा कस्बे की त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के नए ट्रैक पर भूस्खलन के बाद मंगलवार को यह दूसरे दिन भी बंद रहा और कोहरे के कारण हेलिकॉप्टर सेवा स्थगित रही। अधिकारियों ने यहां बताया कि हेमकोटि के पास भारी बारिश के कारण सोमवार को भूस्खलन और मिटी धंसने से नया ट्रैक बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि मलबा हटाने के लिए लोग और मशीनें काम पर लगी हुई हैं और नए ट्रैक पर यात्रा की अनुमति नहीं दी जा रही है। नए मार्ग पर चल रही बैटरी कार सेवा भी प्रभावित हुई है। अधिकारियों ने बताया कि पुराने पारंपरिक मार्ग से यात्रा सुचारू रूप से चल रही है।

# गरीबोन्मुखी नीतियों के पीछे है नारायण गुरु की प्रेरणा: मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता**



सरकार के हर निर्णय के पीछे उनकी शिक्षाओं का योगदान है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के शिवगिरी मठ के संत नारायण गुरु को विक. सित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए ऊर्जा का बड़ा स्रोत बताया है और कहा है कि समाज के शोषित-पीड़ित-वंचित वर्ग के लिए उनकी सरकार के हर निर्णय के पीछे उनकी शिक्षाओं को योगदान है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां विज्ञान भवन में आध्यात्मिकता और नैतिकता का पालन करने वाले भारत के दो महानतम नेताओं श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक संवाद के शताब्दी समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर ब्रह्मर्षि स्वामी सच्चिदानंद, श्रीमठ स्वामी शुभंगा-नंदा, स्वामी शारदानंद, केन्द्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन जी, सांसद अडूर प्रकाश भी मौजूद थे। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज ये परिसर देश के इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी बन रहा है। एक ऐसी ऐतिहासिक घटना, जिसने न केवल हमारे स्वतन्त्रता आंदोलन को नई दिशा दी, बल्कि स्वतन्त्रता के उद्देश्य को, आजाद भारत के सपने को ठोस मायने दिए। सौ साल पहले श्रीनारायण गुरु और महात्मा गांधी की वो मुलाकात, आज भी उतनी ही प्रेरक है, उतनी ही प्रासंगिक है। वो मुलाकात, सामाजिक समरसता के लिए, विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए, आज भी ऊर्जा के बड़े स्रोत की तरह है।

# पूंजीगत निवेश के मामले में तेजी से उभर रहा यूपी

**लखनऊ, वार्ता**



बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

उत्तर प्रदेश पूंजीगत निवेश के मामले में देश के विकास इंजन के तौर पर मजबूती से उभर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के कुल पूंजीगत व्यय (कैपिटल एक्सपेंडीचर) में अकेले यूपी की हिस्सेदारी 16.3 फीसदी रहने का अनुमान है, जो सभी राज्यों में सबसे अधिक है।

उल्लेखनीय है कि पूंजीगत व्यय का अर्थ उस धनराशि से है, जो सरकारें स्थाई परिसंपत्तियों जैसे कि सड़कें और राजमार्ग, विद्यालय, अस्पताल आदि के निर्माण या अधिग्रहण पर खर्च करती हैं। सरल शब्दों में यह वह खर्च है, जो सरकार भविष्य की सुविधा और विकास के लिए करती है जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना। बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से प्रस्तुत की गई हालिया रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में देश के 26 राज्यों का कुल पूंजीगत व्यय 10.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष 8.7 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश (16.3 प्रतिशत), गुजरात (9.4 प्रतिशत), महाराष्ट्र (8.3 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (8.1 प्रतिशत) और कर्नाटक (7.6 प्रतिशत) मिलकर देश के कुल पूंजीगत व्यय का 50 फीसदी से अधिक हिस्सा खर्च करेंगे। इन आंकड़ों में सबसे ऊपर उत्तर प्रदेश का नाम आना इस बात का संकेत है कि राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास की रफ्तार तेज है।

पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भी यूपी ने सबसे अधिक 16.9 प्रतिशत पूंजीगत व्यय किया था। इसके बाद महाराष्ट्र (10.9 प्रतिशत), गुजरात (8.1 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (7.5 प्रतिशत) और ओडिशा (6.4 प्रतिशत) थे। पिछले कुछ वर्षों में की गई रणनीतिक योजना, निवेशक सम्मेलन, लॉजिस्टिक हब निर्माण, एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट्स का विस्तार जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने राज्य को पूंजीगत निवेश के मामले में देश में लोकप्रिय बना दिया है। यूपी इंडस्ट्रियल डिफेंस कॉरिडोर, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, मेडिकल कॉलेजों का निर्माण और गंगा एक्सप्रेसवे जैसे मेगाप्रोजेक्ट्स भी इसके प्रमुख उदाहरण हैं। इज ऑफ डूइंग बिजनेस और कानून- व्यवस्था में सुधार के चलते यूपी घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिए पहली पसंद बन गया है।

अधिकारियों की माने, तो ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दौरान मिले भारी निवेश प्रस्ताव अब धरातल पर उतर रहे हैं, जिससे राज्य का कैपिटल एक्सपेंडिचर भी बढ़ा है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। यही नहीं, केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त कोशिशों से यूपी को बजट आवंटन, परियोजनाओं की मंजूरी और वित्तीय सहायता में बड़ी बढ़त मिली है।

## राहुल ने की दलित युवकों पर अत्याचार की कड़ी निंदा

# ओडिशा की घटना संविधान पर हमला

**भुवनेश्वर, वार्ता**



घटना उन लोगों के लिए आईना है, जो कहते हैं कि जाति अब कोई मुद्दा नहीं है, देश संविधान से चलता है, किसी की सोच से नहीं

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ओडिशा के गंजम जिले के धराकोट ब्लॉक के अंतर्गत सिंगीपुर गांव में दो दलित युवकों पर किए गए अमानवीय अत्याचार की कड़ी आलोचना की है। गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि यह घटना उन लोगों के लिए आईना है, जो कहते हैं कि जाति अब कोई मुद्दा नहीं है। देश संविधान से चलता है, किसी व्यक्ति की खास सोच से नहीं। उन्होंने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की।

कांग्रेस नेता ने कहा कि ओडिशा में दो दलित युवकों को घुटनों पर चलने, घास खाने और गंदा पानी पीने पर मजबूर करना सिर्फ़ अमानवीय नहीं, बल्कि मनुवादी सोच की बर्बरता है। ये घटना उन लोगों के लिए आईना है, जो कहते हैं कि जाति अब मुद्दा नहीं रही। दलितों की गरिमा को रौंदने वाली हर घटना, बाबा साहेब के संविधान पर हमला है- बराबरी, न्याय और मानवता के खिलाफ़ साज़िश है। भाजपा शासित राज्यों में ऐसी घटनाएं आम होती जा रही हैं, क्योंकि उनकी राजनीति ही नफ़रत और ऊंच-नीच पर टिकी है। उन्होंने कहा कि विशेषकर ओडिशा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के खिलाफ़ अत्याचार चिंताजनक रूप से बढ़े हैं। गांधी ने कहा कि दोषियों को तुरंत गिरफ़्तार करके कड़ी सज़ा दी जानी चाहिए। देश संविधान से चलेगा, मनुस्मृति से नहीं। गंजम जिले के धारकोटे ब्लॉक में हुई, यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वीडियो में दो दलित युवकों को मवेशी तस्करी के संदेह में सार्वजनिक रूप से अपमानित और प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़ित हरिपुर गांव के निवासी हैं, कथित तौर पर एक शादी के लिए दहेज के रूप में तीन गायों को सिंगीपुर ले जा रहे थे, तभी भीड़ ने उन्हें रोक लिया। अवैध गाय तस्करी के संदेह में भीड़ ने उन्हें रस्सियों से बांध दिया, घुटनों के बल पर पूरे गांव में घुमाया और उन्हें गंदे नाले का पानी पीने के लिए मजबूर किया। इस बीच ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने मंगलवार को ओडिशा विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता राम चंद्र कदम के नेतृत्व में कांग्रेस की एक तथ्य-खोजी टीम को गांव का दौरा करने, पीड़ित से मिलने, घटना की जांच करने और प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक रिपोर्ट सौंपने के लिए नियुक्त किया। तथ्यान्वेषी दल के अन्य सदस्य प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं विधायक रमेश जेना, पूर्व विधायक लालतेन्दु महापात्रा और महासचिव तुलेश्वर नायक हैं।

### मोदी ने किया अर्थव्यवस्था का बंटाधार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है और जनता को प्रताड़ित किया जा रहा है। पार्टी के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पिछले 11 वर्ष में मोदी सरकार ने देश की तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का बंटाधार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है और नोटबंदी से शुरू होकर देश के लोगों पर हर वर्ष नए प्रयोग हो रहे हैं। जनता को नित नए तरीकों से प्रताकड़त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बचत खातों से मिलने वाली ब्याज दरें 25 वर्ष के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई हैं, जिससे बुजुर्गों और आम नागरिकों की जेब पर सीधा वार हो रहा है। बैंकों ने अपने दरवाज़ों को पहले ही आम लोगों के लिए बंद कर रखा है। इसके बाद तो वे केवल बेहद अमीर पूंजीपति मित्रों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# न्यायमूर्ति शेखर को हटाने संबंधी नोटिस पर 44 सांसदों ने किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली, वार्ता**



कपिल सिब्बल ने उठाए सवाल

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव को कथित 'घृणास्पद भाषण' के चलते पद से हटाने के संबंध में प्रस्ताव लाने का नोटिस देने वाले 55 सांसदों में से 44 सदस्यों के हस्ताक्षर का सत्यापन हो गया है, जबकि कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने अब तक अपने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया है। इस मामले को लेकर कपिल सिब्बल ने दावा किया है कि राज्यसभा सचिवालय से ऐसा कोई ईमेल नहीं मिला है, जिसमें पुष्टि की गई हो कि पिछले छह महीनों के दौरान उनके आधिकारिक ईमेल पर तीन बार नोटिस भेजा गया है।

सिब्बल ने हस्ताक्षरों के सत्यापन की आवश्यकता और मार्च में देरी से प्रक्रिया शुरू करने में पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नोटिस 13 दिसम्बर 2024 को प्रस्तुत किया गया था। सूत्रों के अनुसार, पूर्व केंद्रीय मंत्री और अब निर्दलीय राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने पिछले छह महीनों में अपने आधिकारिक ईमेल पर तीन बार अनुस्मारक भेजने के बाद भी अब तक राज्यसभा सचिवालय के समक्ष अपने हस्ताक्षर का सत्यापन नहीं कराया है। सिब्बल ने का कहना है, मैंने सभापति धनखड़ से कई बार मुलाकात की है, लेकिन उन्होंने न्यायमूर्ति यादव को हटाने के नोटिस पर मेरे हस्ताक्षरों के सत्यापन का मुद्दा कभी नहीं उठाया जबकि पूरी प्रक्रिया का प्रस्तुतकर्ता और आरंभकर्ता मैं ही हूं। शेखर यादव को हटाने के लिए 55 सांसदों ने प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन उनमें से एक सदस्य सरफराज अहमद के हस्ताक्षर नोटिस पर दो बार हैं।



सेंसेक्स 82055.11
निफ्टी 25044.35



सोना रु. 98807
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 106502
प्रति किलो



# चौतरफा लिवाली की बदौलत बाजार में तेजी

**मुंबई, वार्ता**



इजरायल-ईरान के बीच युद्ध विराम समझौते की घोषणा से निवेशक हुए उत्साहित

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इजरायल और ईरान के बीच युद्ध विराम समझौते की घोषणा के बाद विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 158.32 अंक की छलांग लगाकर 82055.11 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 72.45 अंक बढ़कर 25044.35 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.54 प्रतिशत उछलकर 45,818.41 अंक और स्मॉलकैप 0.71 प्रतिशत की छलांग लगाकर 53,053.00 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4144 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2662 में लिवाली जबकि 1339 में बिकवाली हुई, वहीं 143 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए राखी गई कुल 2976 कंपनियों के शेयरों में से 1966 में तेजी जबकि 917 में गिरावट रही वहीं 93 में टिकाव रहा। बीएसई में फोकस्ड आईटी, टेक, तेल एवं गैस, आईटी और ऊर्जा की 0.18 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर 16 अन्य समूहों का रुझान सकारात्मक रहा।

इससे कमोडिटीज 1.12, सीडी 0.37, एफएमसीजी 0.36, वित्तीय सेवाएं 0.81, हेल्थकेयर 0.18, इंडस्ट्रियल्स 0.34, दूरसंच. ार 1.13, यूटिलिटीज 0.19, ऑटो 0.62, बैंकिंग 0.72, कैपिटल गुड्स 0.26, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.42, धातु 0.96, पावर 0.55, रियल्टी 0.16 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.13 प्रतिशत मजबूत रहे। विश्व बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.28, जर्मनी का डैक्स 1.90, जापान का निक्केई 1.14, हांगकांग का हैंगसेंग 2.06 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.15 प्रतिशत उछल गया। कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 638 अंक की छलांग लगाकर 82,534.61 अंक पर खुला और लिवाली होने से दोपहर से पहले 83,018.16 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं इसके बाद अचानक हुई बिकवाली से कारोबार के अंतिम चरण में यह 81,900.12 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 81,896.79 अंक के मुक. ाबले 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 82055.11 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी 208 अंक उछलकर 25,179.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,317.70 अंक के उच्चतम जबकि 24,999.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,971.90 अंक की तुलना में 0.29 प्रतिशत मजबूत होकर 25,044.35 अंक पर बंद हुआ।

### सीजफायर की खबर से गिरे सोने के दाम

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इजरायल और ईरान के बीच युद्धविराम की घोषणा की खबर के बाद सोने और चांदी के भाव गिर गए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव 97,000 से नीचे चला गया, मंगलवार सुबह सोने की कीमत 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98,807 प्रति 10 ग्राम पर खुली, जो पिछले बंद भाव 99,388 से काफी कम है। दिन के शुरुआती कारोबार में सोने का भाव और नीचे गया और 96,422 के स्तर तक पहुंचा, जो 2.98 प्रतिशत की भारी गिरावट को दर्शाता है। चांदी की कीमतें भी 0.24 प्रतिशत कम होकर 1,06,502 प्रति किलोग्राम पर खुली, जो पिछले बंद भाव 1,06,759 से कम है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे

**नई दिल्ली, वार्ता**



चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे

विदेशी बाजारों में आई भारी गिरावट के दबाव में मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 112 रिंगिट लुढ़ककर 3975 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.96 सेंट की गिरावट के साथ 52.28 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5600-5700, दाल चना 6600-6700, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9450-9550, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 16849 रुपये, मूंगफली तेल 17948 रुपये, सूरजमुखी तेल 16116 रुपये, सोया रिफाइंड 14102 रुपये, पाम ऑयल 13333 रुपये और वनस्पति तेल 14666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# इटावा की घटना पर भड़के सपा मुखिया अखिलेश

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा है कि भागवत कथा किसी जाति विशेष की न होकर सभी की होती है।

वे मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यूपी की बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा। इटावा के बकेवर में पिछड़ी जाति के एक कथावाचक पर हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह घटना सिर्फ एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि समाज के उस वर्ग पर हमला है, जो अब अपने अधिकारों के लिए मुखर हो रहा है। कथा सुनना सबका हक है, तो बोलना भी सबका अधिकार है।अखिलेश यादव ने कहा कि लोगों ने इसको व्यवसाय बना लिया है। ऐसे लोगों की वजह से इटावा की घटना घटित हुई है। सरकार ऐसा कानून लेकर आए कि कथा वाचन का काम एक वर्ग विशेष के लोग ही कर सकते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ईरान और...**

था। सुबह 10:38 बजे उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा कि अभी से सीजफायर लागू होता है, प्लीज इसे न तोड़ें। वहीं डोनाल्ड ट्रम्प साफ कर चुके हैं कि वह अब शांति चाहते हैं और युद्ध को और बर्दाश्त नहीं करेंगे, लेकिन इजरायल युद्ध विराम की शुरुआत से ही इसका उल्लंघन कर रहा है। मंगलवार को ट्रम्प ने इजरायल के हमलों की निंदा करते हुए कहा कि वह इजरायल के एक्शन से खुश नहीं है।

इस बयान के कुछ घंटों बाद ट्रम्प ने नेतन्याहू को एक और झटका दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वे ईरान में शासन परिवर्तन का विरोध करते हैं, जबकि उन्होंने दो दिन पहले ही संकेत दिया था कि वे इसका समर्थन कर सकते हैं। नेतन्याहू अपने कई भाषणों में कह चुके हैं कि ईरान का खामनेई शासन शांति में रुकावट है और वह ईरान की जनता के लिए और क्षेत्र के लिए इसे उखाड़ फेकेंगे। लेकिन अब ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि वह ईरान में शासन बदलने के पक्ष में नहीं हैं। ट्रम्प ने नीदरलैंड जाते समय एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि शासन परिवर्तन से 'अराज. कता' पैदा होगी, जबकि नेतन्याहू ने एक इंटरव्यू में कहा था कि अली खामेनेई के मरने से ये लड़ाई बढ़ेगी नहीं, बल्कि खत्म होगी।

हालांकि दो दिन पहले ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, 'यदि वर्तमान ईरानी शासन ईरान को फिर से महान बनाने में असमर्थ है, तो शासन परिवर्तन क्यों नहीं होगा, लेकिन कतर में ईरान के हमले के बाद ट्रम्प के सुर बदले हुए नजर आ रहे हैं और अब वह ईरान से पंगा लेने के मूड में नहीं दिख रहे हैं। वहीं इस बहस के बढ़ने के बाद इसके बाद व्हाइट हाउस ने अपने कदम पीछे खींचते हुए कहा कि यह ईरानी लोगों को तय करना है और यह अमेरिकी सेना का लक्ष्य नहीं है। वहीं इस युद्ध के बाद ईरान समेत पूरी दुनिया में अली खामेनेई की लो. कप्रियता बढ़ गई है।

# इलेक्ट्रिक कार विनिर्माण प्रोत्साहन योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन सुविधा शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारी उद्योग मंत्रालय ने देश में इलेक्ट्रिक यात्री कारों के कल-कारखानों को बढ़ावा देने की योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था मंगलवार से शुरू कर दी और आवेदन 21 अक्टूबर शाम छह बजे तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने इसके लिए पोर्टल प्रारंभ किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह योजना के 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के स्तंभों को मजबूत करने वाली है और इसका उद्देश्य भारत को अगली पीढ़ी के ऑटोमोटिव विनिर्माण और प्रौद्योगिकी नेतृत्व के लिए एक विश्वसनीय वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि एसपीएमईपीसीआई योजना के तहत इस पोर्टल के लॉन्च से वैश्विक इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं के लिए भारत के तेजी से विकसित हो रहे ऑटोमोटिव परिदृश्य में निवेश करने के नए रास्ते खुलते हैं। यह योजना न केवल 2070 तक कार्बन उत्सर्जन के स्तर में वृद्धि को निवल शून्य करने के लक्ष्य को हासिल करने की हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के अनुकूल है, बल्कि यह एक स्वस्थ, नवाचार- संचा. लित अर्थ व्यवस्था बनाने के हमारे संकल्प को भी मजबूत करती है। सरकार ने पिछले साल 15 मार्च को इसकी अधिसूचना जारी की थी। योजना के विस्तृत दिशानिर्देश इसी माह दो तारीख को अधिसूचना संख्या एसओ 2450 (ई) दो जून के माध्यम से जारी किए गए थे। इन्हें मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। आवेदन पोर्टल आज सुबह 10.30 बजे से चालू हो गया है। आवेदन स्वीकृति तिथि से 5 वर्ष की अवधि के लिए 15 प्रतिशत की निम्नस्तरीय सीमा शुल्क की दर पर न्यूनतम 35,000 डॉलर के मूल्य के साथ पूरी तरह विनिर्मित वाहनों का आयात करने की अनुमति दी जा रही है। योजना के प्रावधानों के आवेदक को इस योजना के लाभ की पात्रता के लिए भारत में न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना आवश्यक होगा। उम्मीद है कि इस योजना के तहत कुछ चुनिंदा विदेशी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता भारत में अपने कारखाने लगाने के लिए आ सकते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

## एजेंट के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन शक्ति मंच का थाने पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मेरठ के किठौर थाना क्षेत्र से एक ठगी का मामला सामने आया है जहां एक एजेंट ने विदेश भेजने के नाम पर दर्जनों लोगों को अपना शिकार बनाते हुए 15 से 20 लाख रुपये ठग लिए जहां लोगों को विदेश में ड्राइविंग और कॉलिंग सेंटर में जॉब करने के लिए भेज दिया, लेकिन वहां लोगो को चेन्नई और कपड़े धोने का काम मिला।

किसी तरह लोग अपने वतन लोटे और एजेंट से पैसे वापस लेने की माग की। इससे नाराज एजेंट ने लोगों के साथ गाली गलौज करते हुए मारने की धमकी दी लोगों ने किसानों के साथ थाने पर पर प्रदर्शन कर दिया और आरोपी एजेंट पर कार्यवाही की मांग की है। गौरतलब है कि बीते सोमवार को भारतीय किसान यूनियन शक्ति मंच द्वारा थाना किठौर के परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। किसान यूनियन के पदाधिकारी वसीम चौधरी व सुहैल ने बताया कि पुष्पेंद्र उर्फ सोनू ग्राम गन्दू नंगला थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ का निवासी है। जो कि किठौर में भारत गैस एजेंसी के सामने ऑफिस बनाये हुए है। सोनू एक एजेंट के रूप में काम करता है। जो विदेश में भेजने के नाम पर मोटी रकम वसूलता है। ऐसा ही मामला इरफान अली पुत्र महबूब, मोहम्मद शुऐब पुत्र परवेज अली, नसीबुर्रह्मान व किठौर के करीब 10 लड़को का ग्रुप बना कर विदेश भेजने के नाम पर 15 से 20 लाख रुपये की ठगी की गई। जिसकी शिकायत किठौर पुलिस से की गई है। इस सम्बंध में किठौर थाना प्रभारी ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।



## 28 को सीसीएसयू में होगी कांवड़ सेवा शिविर संचालकों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) बृजेश सिंह ने बताया कि कांवड़ मेला 2025 जुलाई माह में प्रारंभ होने वाला है। श्रावण मास की शिवरात्रि का त्यौहार गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 11 जुलाई से प्रारंभ होकर मुख्य पर्व शिवरात्रि 23 जुलाई को मनाया जायेगा। शिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण हरिद्वार से कांवड़ के माध्यम से गंगा. जल लाते है और अन्य जनपदों प्रदेशो के श्रद्धालुगण जनपद मेरठ एवं महानगर मेरठ के अंदर से होते हुये कांवड़ लेकर गुजरते है। पर्व पर कांवड़ सेवा शिविर संचालको के साथ एक आवश्यक बैठक डीएम की अध्यक्षता में 28 जून को एक बजे सीसीएसयू में आयोजित होगी।

# इमरान के हमलावरों का नहीं लगा सुराग

- तीन दिन पहले गोल मार्केट में बसपा नेता व व्यापारी इमरान अंसारी को अज्ञात हमलावरों ने मारी थी गोली
- पुलिस कई से कर रही है पूछताछ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** बसपा नेता एवं व्यापारी इमरान अंसारी पर जानलेवा हमला करने वाले हमलावरों का सुराग नहीं लग पाया है। तीन दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। उधर, पीड़ित परिजनों के मुताबिक उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।गौरतलब है कि तीन दिन पहले रात करीब पौने दस बजे नगर के गोल मार्केट में बसपा नेता एवं व्यापारी इमरान अंसारी को बाइक सवार दो युवकों ने गोली मार दी थी। गंभीर हालत में उन्हें मेरठ के एक निजि अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां ऑपरेशन के बाद उनकी कमर से बुलेट निकाली गई, लेकिन जान बचाने के लिए डाक्टरों को उनका एक गुर्दा निकालना पड़ा। इस मामले में उनके पुत्र ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज से हमलावरों के फरार होने की दिशा आदि की जानकारी हासिल करने में लगी है।


बसपा नेता इमरान का देर रात हुआ ऑपरेशन, हालत स्थिर

गोल मार्केट में अज्ञात हमलावरों ने पीछे से मारी थी गोली

एसपी देहात पहुंचे घटनास्थल पर, खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें गठित

देर रात हुआ ऑपरेशन

इमरान अंसारी

एक महिला पर भी था लाखों का बकाया

एसपी देहात राकेश कुमार मिश्र पहुंचे मवाना

# मेरठ कॉलेज की अनुष्का यादव बनी चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ कॉलेज, मेरठ की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अनुष्का यादव ने प्रयागराज में आयोजित हो रहीं 23 वीं अंडर 20 नेशनल एथलेटिक चैंपियनशिप की हैमर थ्रो स्पर्धा में नया मीट रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीतकर उत्तर प्रदेश राज्य के साथ-साथ मेरठ कॉलेज मेरठ का नाम रोशन किया है। मेरठ कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर सीमा पवार एवं कॉलेज के मंत्री विवेक कुमार गर्ग ने अनुष्का यादव की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। विवेक कुमार गर्ग ने अपने संदेश में कहा कि मेरठ कॉलेज के विद्यार्थियों ने न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों के क्षेत्र में अपना जौहर दिखाया है। अनुष्का यादव की उपलब्धि इसी कड़ी का एक हिस्सा है। इस छात्रा की ऐतिहासिक उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार को उन्होंने हार्दिक बधाई दी। यह जानकारी प्रोफेसर चंद्रशेखर भारद्वाज प्रेस प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी ने दी।




## अमेजन इंडिया ने की प्राइम डे 2025 की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अमेजन इंडिया ने घोषणा की कि प्राइम डे 2025 भारत में पहली बार तीन दिन तक मनाया जाएगा। यह खास सेल 12 जुलाई की रात 12 बजे शुरू होकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक चलेगी। इन 72 घंटों में प्राइम मेंबर्स के लिए जबरदस्त डील्स, शानदार बचत, नई लॉन्चिंग्स और एक्सक्लूसिव एंटरटेनमेंट का मजा मिलेगा, और यह सब कुछ खासतौर पर प्राइम ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है। ते हैं। भारत और उभरते बाजारों के लिए प्राइम, डिलीवरी और रिटर्न्स निदेशक अक्षय साही ने कहा, प्राइम डे हमेशा से हमारे सदस्यों के लिए एक उत्सव रहा है। उन्हें नई लॉन्चिंग्स, बेहतरीन डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का अनुभव मिलता है।

### बालाजी कॉलेज में चल रही शिव पुराण का चौथा दिन

# शिव की पूजा से पाप होते हैं नष्टः दीनबंधु महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के बढला रोड स्थित बालाजी कॉलेज में चल रही शिव पुराण के चौथे दिन कथा वाचक महामंडलेश्वर दीनबंधु महाराज वृंदावन में शिव पूजा के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि जो शिव की पूजा विधि विधान से नियमित रूप से करता है उसके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और सभी मनोकामना पूरी हो जाती है।

महाराज ने कहा कि शिव पुराण कथा 11 दिन तक चलती है इसलिए यह दिन पूजा के श्रेष्ठ दिन होते हैं शिव पुराण में भगवान शिव ने अपनी पूजा की विधि स्वयं बताई है जो विधिपूर्वक पूजा करता है उसकी सभी मनोक. ामना पूर्ण होती है सृष्टि की शुरुआत में पांच मुखी शिव उत्पन्न हुए थे जिसमें पांच शब्द निकले थे ओंकार बना था ओंकार से ही चारों वेद उत्पन्न हुए थे इसलिए वेदों की जगह यदि मात्र ओंकार का जाप ही कर लिया जाए तो चारों वेदों का लाभ मिलता है। शिव पुराण में भगवान शिव ने कहा कि शिवलिंग दो प्रकार के होते हैं एक चल जो घर से बाहर मंदिर में स्थापित होता है दूसरा अचल जो घर में मंदिर में स्थापित होता है, वहीं नर्मदा के जल में निकला शिवलिंग श्रेष्ठ होता है घर के मंदिर में मात्र अंगुल का ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिवलिंग का पूजन गंगाजल से करें और यदि गंगाजल उपलब्ध नहीं हो तो जो भी मंदिर के पास कुआ हो उसका भी प्रयोग कर सकते हैं यदि दुश्मन परेशान कर रहे हैं तो कनेर के फूलों का शिवलिंग बनाकर पूजा करने से दुश्मन खुद शरण में आ जाते हैं। कथा में दूर दराज से सैकड़ो महाराज भी शिव महिमा को सुनने पहुंचे वहीं नगर के आसपास से सैकड़ो महिला पुरुष भी कथा सुनने पहुंच रहे हैं। इस मौके पर बालाजी हॉस्पिटल कॉलेज के चेयरमैन गौरव गिरी का विशेष सहयोग रहा। आयोजक यतिन गर्ग, भरत अग्रवाल, सौरभ मित्तल, आर्यवीर चौहान, वरुण राणा, शिव कुमार गर्ग, राकेश सोनी, नितिन मित्तल, अतुल शर्मा, पार्थ अग्रवाल, आर्यन मित्तल, शौर्य करनवाल आदि का विशेष सहयोग रहा।




# गरीबी और शोषण का मुख्य कारण जातिवाद और नशा हैः चंद्र मोहन

- समिति के मजदूर किसानों ने सवा लाख वृक्षारोपण अभियान का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** श्री परमधाम के संस्थापक एवं हिन्द मजदूर किसान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रान्तिगुरु चन्द्रमोहन का जन्मदिवस सोमवार को मेरठ में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समिति के मजदूर किसानों ने पौधे लगाकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सवा लाख वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ किया।

हिन्द मजदूर किसान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रमोहन ने बताया कि जैसे वृक्षों से पृथ्वी पर पर्यावरण खुशहाल होता है वैसे ही जातिरहित एकजुटता, और नशा रहित समाज से मानवता खुशहाल होती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि जाति व्यवस्था से जातिवाद पैदा होता है, जातिवाद से जातिवादी राजनीति, जातिवादी राजनीति से भ्रष्ट राजनीति और भ्रष्ट राजनीति से आतंकवाद वह भूख भ्रष्टाचार इत्यादि सभी अनाचार पैदा होते हैं। जब तक जाति व्यवस्था रहेगी तब तक हम और हमारे परिवार कभी सुरक्षित व खुशहाल नहीं हो सकते। हमारी गरीबी और शोषण का एक मुख्य कारण जाति व्यवस्था और नशा है। हमको जाट, गुर्जर, बाह्मण, ठाकुर, मौर्य, कुशवाहा, सैनी, दलित इत्यादि में विदेशियों ने बांटा और अब ये जाति के ठेकेदार इस जाति व्यवस्था को मजबूत कर रहें हैं क्योंकि जाति व्यवस्था से इन जाति के ठेकेदारों का ही लाभ होता है मजदूर किसान या आम जनता का लाभ नहीं होता। कोई भी जातिवादी नेता या जाति का ठेकेदार अपनी जाति वालों को नशे से बाहर निकलने का प्रयास नहीं करता ज्यादातर अपनी ही जाति में नशा बांटते हैं क्योंकि नशे में फंसने के बाद मनुष्य अपना अपने परिवार का अपने धर्म का और अपने देश का हित कभी सोच ही नहीं पाता है। जो भी व्यक्ति जाति व नशे का दुश्मन है वो ही हमारा परम मित्र हो सकता है, हमदर्द हो सकता है उसके बराबर हमारे बच्चों का, हमारे धर्म का हमारे देश का हितकारी कोई नहीं हो सकता इसलिए इन जाति के ठेकेदारों का बहिष्कार करो और ऐसे मनुष्य का साथ दो जो जाति और नशे का प्रबल विरोधी हो।

हम बाह्मण, जाट, गुज्जर, सैनी, दलित इत्यादि बाद में हैं पहले हम हिन्दू हैं ये हमें अपने दिमाग में बैठाना पड़ेगा। हमें यह ध्यान रखना होगा कि राजनीति हमारा फायदा न उठाये, हम राजनीति का फायदा उठायें। धर्म के मजबूत होने से ही हम, हमारे बच्चे सुरक्षित रह सकते हैं हमें इस बात को मजबूती से पकड़ना होगा। वहीं हिंद मजदूर किसान समिति के सैकड़ो मजदूर उपस्थित रहे।



## अधिकारियों ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला न्यायाधीश संजीव पांडे, जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा द्वारा जिला कारागार एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में जिला न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी द्वारा महिला बैरक, चिकित्सा कक्ष, पाकशाला, पुरूष बैरक आदि का निरीक्षण कर जेल अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। बैरक में उन्होंने कैदियो से वार्ता कर उनसे खान-पान, स्वास्थ्य, पैरवी हेतु वकील आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अन्य अधिकारी व जेल प्रशासन भी उनके साथ रहा।

# चौधरी जगवीर सिंह ने समाज के लिए ठुकरा दिया था कैबिनेट मंत्री का पद

## 1995-96 में बसपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे जगवीर सिंह

- गुर्जर समाज के विधायक मंत्री से आज भी बड़ा है उनका कद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी जगवीर सिंह गुर्जर किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। क्षेत्र की गुर्जर राजनीति में उनके समाज के वर्तमान विधायक-मंत्री से उनका कद आज भी बड़ा है। अपने समाज के लिए उन्होंने कैबिनेट मंत्री पद तक ठुकरा दिया था। जिससे गुर्जर समाज की पश्चिमी उप्र की राजनीति में उनका कोई सानी नहीं है।

### पद छोड़ा और बसपा को कहा था अलविदा

वर्ष 1995 में बसपा सरकार में मुख्यमंत्री मायावती ने हस्तिनापुर क्षेत्र के गांव करीमपुर निवासी चौधरी जगवीर सिंह गुर्जर को अपनी सरकार में सहकारिता विभाग में कैबिनेट मंत्री बनाया था। साल 1996 में हस्तिनापुर क्षेत्र में भड़की जातीय हिंसा और साम. ुहिक नरसंहार के बाद गुर्जर समाज के लिए उन्होंने कैबिनेट मंत्री का पद त्याग दिया था और बसपा को भी हमेशा के लिए अलविदा कह दिया था।



### स्व. मुलायम सिंह ने कराई थी सपा ज्वाइन

बसपा छोड़ने के बाद 1997 में उन्होंने समाजवादी पार्टी ज्वाइन की और स्वयं दिवंगत मुलायम सिंह यादव ने उन्हें पार्टी में शामिल किया। उन्होंने 1999 में सपा से मेरठ लोकसभा से चुनाव लड़ा था और उन्हें लगभग पौने तीन लाख वोट मिले थे। उसके बाद भी वह दूसरी बार चुनाव लड़े थे। सर्वसमाज की राजनीति के बीच वह बराबर जनता के बीच रहते हैं।

वर्तमान में भी वह सपा से जुड़े हैं और पार्टी मुखिया अखिलेश यादव के नजदीकियों में उनकी गिनती होती है। क्षेत्रीय राजनीति में मजबूत पकड़ के चलते चाहे किसी भी पार्टी का नेता हो, उनके दर पर पहुंचता जरूर है। गुर्जर समाज के वर्तमान विधायक-मंत्री से आज भी उनका कद कहीं ऊंचा है।

### उनके पुत्र युद्धवीर सिंह बने थे पराग डेयरी के चेयरमैन

साल 2007 में बसपा के शासन काल में पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी जगवीर सिंह गुर्जर ने सपा से जुड़े होने के बावजूद भी अपने पुत्र युद्धवीर सिंह को मेरठ-बागपत दो जनपदों की गगोल पराग डेयरी का चेयरमैन बनवाया था। उस समय भी पूरे प्रदेश में इस चुनाव की गूंज पहुंची थी।

# गरीबों का अनाज हजम कर सरकार को बदनाम कर रहा राशन डीलर

## हस्तिनापुर क्षेत्र के नंगली-गजरौली पंचायत का मामला, राशन मांगने पर हड़काता है डीलरः ग्रामीण

- आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने राशन विक्रेता को भेजा नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली मुफ्त अनाज योजना को राशन डीलर पलीता लगाने में लगे हैं। हस्तिनापुर क्षेत्र के नंगली गजरौली गांव का राशन डीलर हर युनिट पर एक किलो अनाज कम वितरित कर रहा है। आरोप है कि राशन पूरा मांगने पर ग्रामीणों को हड़काता है और सरकार से ही राशन कम आने की बात कहता है। सस्ते गल्ले की दुकान के तमाम मानकों की अनदेखी कर राशन डीलर सरकार को सीधे-सीधे बदनाम कर रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिला पूर्ति अधिकारी ने डीलर को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर रिकार्ड प्रस्तुत करने व स्पष्टिकरण देने की चेतावनी जारी की है।

### राशन कार्ड कटवाने की देता है धमकी

नंगली गजरौली निवासी कोमल, सुदेश, राधा, स्याना, सरोज, संगीता आदि ने पूर्ति विभाग से शिकायत कर बताया कि उन्हें प्रति यूनिट एक किलोग्राम कम राशन दिया जा रहा है। कमोबेश गांव में अधिकांश राशन कार्ड धारकों को यही स्थिति है। शिकायत में यह भी आरोप है कि पूर्ति विभाग द्वारा दुकान की प्रमाणित चोहद्दी से हटकर गांव के बाहर सड़क किनारे बनी दुकान में खाद्यान्न रखकर राशन वितरित किया जा रहा है। दुकान बदलने की जानकारी विभाग को नहीं दी गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रति यूनिट के हिसाब से जब वे राशन देने को कहते हैं तो राशन डीलर उन्हें उल्टा धमकाता है और कहता है कि सरकार से ही राशन कम मिल रहा है। इसके अलावा भी वह राशन कार्ड कटवाने की धमकी ग्रामीणों को देता है।



### तीन दिन के भीतर रिकार्ड प्रस्तुत करने का नोटिस

जिला पूर्ति अधिकारी ने राशन डीलर अमरेश को 20 जून को नोटिस जारी किया है। नोटिस में प्राप्ति के तीन दिन के भीतर रिकार्ड रजिस्टर कार्यालय में प्रस्तुत करने और स्पष्टिकरण देने की चेतावनी दी गई है। जिला पूर्ति अधिकारी ने राशन डीलर के इस कृत्य को आवश्यक वस्तु अधिनियम विक्रय एवं वितरण नियंत्रण का विनियमन आदेश-2016 के विभिन्न प्राविधानों का उल्लंघन है। निर्धारित अवधि में जवाब नहीं देने पर आरोप स्वीकार करने व अग्रिम कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

## कृषि भूमि के अधिग्रहण पर रोक लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि उत्तर प्रदेश में खेती की जमीन की सुरक्षा और किसानों के हितों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा सामने आया है जिसमें उद्योगों को और हाईवे के निर्माण के लिए बड़ी मात्रा में कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि खेती का रकबा कम न किया जाए उद्योग व हाईवे हेतु बंजर या अनूप योगी भूमि का ही उपयोग किया जाए खेती में उपयोग होने वालों उपकरणों अन्य यंत्रों को जीएसटी से मुक्त किया जाए। जिससे किसान उस यन्त्र को आराम से खरीद सके। खेती में प्रयुक्त ट्रैक्टर की 10 वर्ष समय विधि को समाप्त किया जाए क्योंकि ट्रेक्टर खेती के कार्य में आता है। किसान अपना निजी काम ट्रेक्टर से नहीं करता। ग्रामीण क्षेत्रों को बिजली कटौती से मुक्त किया जाए। भीषण गर्मी में भी ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बिजली को बंद किया जा रहा है। जिसके कारण खेतों में पानी न पहुं. चने से किसानों की खेती खराब हो रही है और नुकसान हो रहा है। ट्यूबवेल पर 5 किलो वाट का सोलर पैनल मुफ्त लगाया जाए प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को खेती व बागवानी की जमीन से न्यूनतम एक किलोमीटर दूर स्थापित किया जाए।

# पंजाब एण्ड सिंध बैंक की शाखाओं में पौधारोपण व छबील का हुआ आयोजन

### 118वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किया कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पंजाब एण्ड सिंध बैंक ने अंचल सहित सभी शाखाओं में बड़े ही धूम धाम से 118 वीं स्थापना दिवस मनाया। बैंक को बहुत ही उत्कृष्टता के साथ सजाया-संवारा गया। अंचल सहित सभी शाखाओं में पौधारोपण, छबील तथा अरदास आयोजन के साथ-साथ कई सामा. जिक कार्य किए गए। आंचलिक प्रबंधक महेश सभरवाल ने कई लाभार्थियों को व्हील चैयर वितरित किए। बैंक द्वारा कई सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कुलर लगया गया। सभरवाल ने अपने सभी स्टाफ सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि आप सभी की मेहनत से बैंक निरंतर प्रगति के राह पर बढ़ रहा है। ग्राहकों से भी बैंक में विश्वास बनाए रखने का आह्ववान किया। इस अवसर पर बैंक के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# डीएम साहब कृपया ध्यान दें...



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इसे लापरवाही की हद नहीं तो और क्या कहा जाएगा। लगभग एक माह पूर्व तूफान आया था जिसमें काफी वृक्ष उखड़कर गिर गये थे मेरठ के डीएम कार्यालय के सामने बने सार्वजनिक शौचालय की तरफ एक जामुन का पेड़ था जो इस तूफान में गिर गया था बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई थी। रात की ड्यूटी करने वाले जवानों ने जैसे-तैसे पेड़ को एक तरफ रखवा कर विद्युत आपूर्ति शुरू कराई थी लेकिन आज तक उक्त पेड़ को यहां से हटवाया नहीं गया है। डीएम कार्यालय के अलावा तीन एडीएम और चार एसीएम के कार्यालय भी वहीं पर हैं। परन्तू इस पेड़ को हटवाने पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ड्यूटी वाले जवान इस बाबत लिखित तहरीर दे चुके हैं।

# बैठक में व्यापारियों की 21 समस्याओं पर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापार बन्धु संबंधी कुल 21 समस्यायें शामिल थी, जिनसे संबंधित विभाग के प्रतिनिधियों से समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गयी एवं लगभग तीन समस्याओं का निस्तारण व्यापारी हित में कराया गया। बैठक का संयोजन अरूण कुमार पाण्डेय, उपायुक्त प्रशासन राज्य कर, मेरठ द्वारा कराया गया। नगर निगम के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि जिमखाना मैदान व महिला उद्यान के पास स्थित नाले की साफ-सफाई का कार्य पूर्ण कराया गया। अध्यक्ष ने एडीएम सिटी व नगर निगम को कानून व व्यवस्था को देखते हुये संयुक्त रूप से शिव चौक छिपी टैंक के पास पेशाब घर यूरिनल के निर्माण की समस्या का निस्तारण कराने हेतु अपर जिलाधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिया गया। अध्यक्ष ने नगर निगम के उच्चाधिकारियों को शहर के विभिन्न चौराहो व सड़क किनारे लगी हाईमास्ट लाईटो स्ट्रीट लाईटो को ठीक कराने व नई लाईटे लगाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर, एसपी ट्रैफिक, लोक निर्माण विभाग, जिला सूचना अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, विद्युत विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी मौजूद रहे।

## देर रात किसान को मारी गोली, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सोमवार की देर रात जानी थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने खेत पर काम कर रहे एक किसान को गोली मार दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। सोमवार की देर शाम जानी खुर्द निवासी सुभाष (55) सिसौला घर के सामने उसका खेत है वह अपने खेत में पानी करने गया था तभी बदमाश आए और सुभाष को गोली मार दी। जिससे वह मौके पर गिर गया। घटना की जानकारी वहीं पर पास के ग्रामीणों ने थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस में घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया मंगलवार को उपचार के दौरान सुभाष की मृत्यु हो गई। मृत्यु की खबर सुनते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया। पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# व्यापारी नेता पर हमले के खिलाफ आक्रोश

- **व्यापारियों के आंदोलन की धमकी पर भड़की कुर्मी क्षत्रिय महासभा**
- **प्रदर्शन कर अधिकारियों को सौंपे पत्र**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर के राष्ट्र जागरण उद्योग व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष राजीव गुप्ता पर किए गए जानलेवा हमले का मामला दिन व दिन तूल पकड़ता जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर सोमवार को एसएसपी से उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में मिले व्यापारियों ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही न होने पर जहां समूचे प्रदेश में आंदोलन की चेतावनी दी थी, वहीं इसके जबाव में मंगलवार को कुर्मी क्षत्रिय महासभा भी सड़क पर उतर आई। महासभा के कार्यकर्ताओं ने नगर में प्रदर्शन कर एसडीएम, सीओ के साथ ही कोतवाल को आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की। संगठन के जिला अध्यक्ष केपी सिंह पटेल, महासचिव रघुवीर सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को कस्बे में विशाल जुलूस निकाल. कर जोरदार प्रदर्शन किया। कुर्मी क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ता नारेबा. जी करते हुए सबसे पहले कोतवाली पहुंचे, और कोतवाल राहुल सिंह को एक शिकायती पत्र देकर राजीव गुप्ता पर पिछले पांच सालों से कुर्मी समाज के खिलाफ तरह-तरह की पोस्टें कर क्षेत्र का माहौल खराब करने का आरोप लगाते हुए इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की। कोतवाल ने उनका ज्ञापन लेकर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

उसके बाद महासभा के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे, और उन्हें भी शिकायती पत्र सौंपा। नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता सीओ कार्यालय पहुंचे, और सीओ गौरव सिंह को शिकायती पत्र देकर राजीव गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की। इसमें गन्ना समिति के चेयरमैन निर्भय गंगवार, विहिप के पूर्व जिला अध्यक्ष अखिलेश गंगवार, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राममोहन गंगवार, युवा अधिवक्ता राजीव गंगवार, श्रीपाल गंगवार, महेन्द्र गंगवार, कुर्मी क्षत्रिय महासभा के तहसील उपाध्यक्ष नत्थू लाल आर्य, दुष्यन्त गंगवार, सुरेश पटेल, तुलाराम गंग. वार, देवेश गंगवार, मोहन स्वरूप गंगवार, हरीश गंगवार, संजीव गंग. वार, हरिप्रसाद गंगवार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल रहे।

## तीन दशक पहले हुए विवाद की हुई चर्चा

मालूम हो तीन दशक पहले भी कुर्मी और बनिया समाज के लोग आमने सामने आ गए थे, जिसमें भगवत सरन गंगवार का सर फट गया था, उस समय विधायक छोटे लाल गंगवार थे। कई दिनों तक चला यह विवाद जैसे-तैसे निपट सका था। इसके बाद से दोनों वर्गों के बीच रह रहकर विवाद होता रहा है। पिछले शुक्रवार 20 जून की रात बरेली-पीलीभीत हाईवे किनारे एक ढाबे पर खाना खाने गए व्यापारी नेता राजीव गुप्ता पर जानलेवा हमला किया गया था, जिसकी नामजद रिपोर्ट दर्ज भी कराई गई थी।

घटना के बाद से जहां वैश्य समाज और कुर्मी समाज के लोग आमने-सामने आ गए हैं, लोगों का मानना है कि समय रहते इस मामले का समाधान नहीं किया गया तो इसका बड़ा असर आगामी पंचायत और विधानसभा चुनाव के साथ ही नगर पालिका चुनाव में पढ़ने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# मदरसे के छात्र के साथ कुकर्म

- **बरेली में हैदरी दल का सदस्य गिरफ्तार, फोन में मिले 40 अश्लील वीडियो**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** फरीदपुर थाना क्षेत्र में नबी हसन नाम के युवक को गिरफ्तार किया गया। उसने मदरसे में पढ़ने वाले एक छात्र का मोबाइल फोन लेकर उसके नंबर से इंस्टाग्राम आईडी बनाई, जिसमें हैदरी दल 25 बरेली नाम से एक ग्रुप बनाया। आरोप है कि इसके जरिए वह सामाजिक धार्मिक उन्माद फैलाने वाली पोस्ट लोगों को भेज कर गलत प्रचार-प्रसार कर रहा था। आरोपी ने मदरसे के ही एक छात्र से कई बार दुष्कर्म किया। उसका अश्लील वीडियो भी बनाया। आरोपी के फोन में 40 अश्लील वीडियो मिले हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज किए। उसे जेल भेज दिया गया है।

फरीदपुर क्षेत्र के गांव पिपरथरा निवासी नबी हसन पुत्र शकील अहमद वर्तमान में शाहजहांपुर के एक मदरसे में हाफिज की पढ़ाई कर रहा था। वह हैदरी दल का सदस्य बताया जा रहा है। उसने साथ पढ़ने वाले सीतापुर निवासी किशोर का मोबाइल फोन चुपके से ले लिया। उसके फोन नंबर से इंस्टाग्राम पर आईडी बनाई, जिसमें हैदरी दल 25 नाम बरेली से एक ग्रुप बनाकर भड़काऊ पोस्ट करने लगा। पीड़ित किशोर को इसकी जानकारी हुई तो उसने सोमवार शाम फरीदपुर थाने में पहुंचकर आरोपी नबी हसन के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया।

शाहजहांपुर का रहने वाला 13 वर्षीय किशोर भी मदरसे में पढ़ता है। इसने आरोप लगाया है कि नबी हसन ने उसके साथ कई बार कुकर्म किया। आरोपी फरीदपुर स्थित अपने मकान पर भी किशोर को कई बार लेकर आया। यहां उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके अश्लील वीडियो बनाए। किसी को बताने पर आरोपी ने वीडियो वायरल करने व पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी।

आरोपी नबी हसन की करतूतों से परेशान पीड़ित किशोर ने अपने परि. जनों को जानकारी दी। किशोर के पिता ने भी सोमवार देर रात आरोपी नबी हसन के खिलाफ फरीदपुर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने नबी हसन को बीसलपुर रोड पर धर्म कांटे के पास साठा पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पुलिस की जांच के मुताबिक आरोपी नबी हसन मदरसे में रहकर लोगों का चोरी-चुपके अश्लील वीडियो बना लेता था। उसके फोन में 40 अश्लील वीडियो मिले हैं। आरोपी लोगों की अश्लील वीडियो बनाकर फिर उन्हें वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता था। वह लोगों को डरा धमकाकर उनका ब्रेनवॉश करता था। वह एक बड़ा समूह तैयार करना चाहता था।

फरीदपुर इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि आरोपी नबी हसन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट व कुकर्म सहित कई अन्य गंभीर धाराओं में दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। उसके मोबाइल फोन से 40 अश्लील वीडियो मिले हैं। वह लोगों की अश्लील वीडियो बनाता था। उन्हें डरा धमका कर अपने अनुसार काम कराता था। वह वीडियो इंटरनेट पर भी वायरल कर देता था।

# मुहर्रम के चांद के साथ होगा 1447 हिजरी का आगाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना मुहर्रम है। माहे मुहर्रम का चांद 26 जून (जुमेरात) शाम को देखा जाएगा। चांद के दीदार के साथ 27 या 28 जून से 1447 हिजरी का आगाज होगा। अजीम कुरबानी से इस्लामी साल का आखिर होता है, और शहादत से नए साल की शुरुआत होती है। हिजरी सन् का आगाज मुहर्रम महीने से होता है। दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि इस तरह यौमे आशूरा (10 वीं मुहर्रम) 6 या 7 जुलाई को पड़ेगा।

दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि पहली मुहर्रम को इस्लाम के दूसरे खलीफा हजरत उमर फारूक रदियाअल्लाहु अन्हु की शहादत हुई। आज से चौदह सौ साल पहले सन 680 ईस्बी को पैगंबर-ए-इस्लाम के प्यारे नवासे हजरत इमाम हुसैन रदियाअल्लाहु अन्हु व उनके 72 साथियों को कर्बला की तपती धरती पर भूखा-प्यासा शहीद कर दिया गया। सब्र, हक्कानियत, अमन की खुशबू और इंसानियत का नाम हुसैनियत है। हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों ने अपना सर जालिम हुकू. मत के सामने झुकने नहीं दिया। बल्कि सर कटाकर इस्लाम का परचम बुलंद कर दिया। बुराई के खिलाफ आवाज बुलंद करने का पैगाम भी कर्बला का मैदान देता है। मुसलमान इस माह शहीद-ए-कर्बला को खिराज पेश करने के लिए ज्यादा से ज्यादा भलाई के काम करें। गैर शरई कामों से बचते हुए नमाज की पाबंदी, कुरान की तिलावत, रोजा रखने के साथ इमाम हुसैन की याद में महफिल सजाएं, लंगर का एहतिमाम करें, लेकिन एक बात का खास ख्याल रखें, लंगर को लुटाने की जगह बैठकर खिलाएं कि इससे रिज्क की बेहुरमती होती है। बीमारों, यतीमो, बेवाओं, बेसहारों का खास ख्याल रखें।

# पुलिस ने मुठभेड़ में दो बदमाशों को पकड़ा

- **एक के पैर में लगी गोली, छीने हुए मोबाइल और बाइक बरामद**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** छात्रा से मोबाइल छीनने वाले बदमाशों की तलाश में पुलिस ने छापामारी की तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से लोगों से छीने गए दो मोबाइल, एक बिना नम्बर प्लेट की बाइक, एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस और दो कारतूस के खोखे बरामद किए हैं। पुलिस ने उन दोनों को जेल भेज दिया।

क्षेत्र के गांव रहमतुल्लाहपुर की छात्रा शिखा राठौर पुत्री विद्याराम 12 जून को कस्बे के एक कोचिंग सेंटर से पढ़कर अपने घर साईकिल से जा रही थी कि परोथी गांव के पास पहुं. चने पर पीछे से बाइक से आए दो बदमाश उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए थे। जिसकी रिपोर्ट छात्रा शिखा की ओर से कोतवाली में दर्ज करायी गयी थी। सोमवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि छात्रा से मोबाइल छीनने वाले बदमाश ग्रेम डैम के पास किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। जिसपर कोतवाल राहुल सिंह, एसओजी टीम के साथ वहां छापामारी की तो बदमाशों ने उनपर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश तसलीम पुत्र अकबर हुसैन निवासी ग्राम सिकलापुर थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत के पैर में गोली लग गयी। पुलिस ने मौके पर उसे और उसके साथी सूरजपाल पुत्र फतेहचन्द्र निवासी मोहल्ला गुलशन नगर कस्बा नवाबगंज को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से पुलिस ने लोगों से छीने गए दो मोबाइल, घटना में इस्तेमाल हुई बिना नम्बर प्लेट की बाइक, एक तमंचा 315 बोर, दो कारतूस के खोखे व दो जिंदा कारतूस मिले। पुलिस ने घायल बदमाश तसलीम का जिला अस्पताल में उपचार कराने के बाद उसे और उसके साथी सूरजपाल को जेल भेज दिया।

## परिषदीय विद्यालयों को दूसरे विद्यालय में मर्ज किए जाने के आदेश को वापस किए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक पत्र विधायक डॉक्टर एमपी आर्य को सौंपा। जिसमें परिषदीय विद्यालयों को दूसरे विद्यालय में मर्ज किए जाने के आदेश को वापस लिए जाने की मांग की गई है।

संगठन के जिला अध्यक्ष नरेश गंगवार, जिला मंत्री बलवीर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष योगेश गंग. वार द्वारा विधायक डॉक्टर एमपी आर्य को एक पत्र सौंपा। प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए पत्र में 50 से कम संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को पेयरिंग कर दूसरे विद्यालय में मर्ज किए जाने के आदेश को निरस्त किए जाने की मांग की है।

विधायक डॉक्टर एमपी आर्य को सौंपे गए पत्र में उन्होंने मुख्यमंत्री को सौंपे जाने का आश्वासन शिक्षक नेताओं को दिया है।

## एक नजर

### नाबालिग को भगा ले जाने वाले युवक सहित दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक सहित दो लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। लड़की के पिता की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि आरोपी युवक ने अपने भाई और पिता की मदद से उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया।

पुलिस ने नाबालिग के पिता की ओर से मिली तहरीर के आधार पर सुभान उर्फ भूरा पुत्र बाबू सुनार, रिहान पुत्र बाबू सुनार निवासी मोहल्ला इस्लाम नगर और बाबू सुनार पुत्र नामालूम, निवासी मोहल्ला इस्लाम नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है, और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले टूटी सड़क ठीक कराने के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कांवड़ यात्रा शुरू होने में कुछ ही दिन बचे हैं। परन्तु टूटी हुई सड़क ठीक न होने से कावड़ यात्रियों व डाक कावड़ लाने वाले शिव भक्तों को होने वाली दिक्कत से बचाने के लिए कस्बा निवासी केपी शर्मा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर कस्बे के मुख्य मार्ग पर नगर पंचायत कार्यालय के पास टूटी हुई सड़क को ठीक कराने के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।

बताते चलें कि कुछ ही दिनों में शिव भक्त कावड़ लेने के लिए निकलनेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले टूटी हुई सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने के निर्देश जारी किए थे लेकिन विभागीय लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों पर मुख्यमंत्री का आदेश भी बेअसर साबित हो रहा है।

कस्बे में धनेटा - शीशगढ़ रोड पर नगर पंचायत कार्यालय के पास की सड़क टूट कर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इस रास्ते से डाक कावड़ भी निकलेगी। इस टूटी हुई सड़क से डाक कावड़ियों को गिरकर चोट लगने का खतरा भी है वर्षा होने पर सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है सड़क को ठीक कराने के लिए कस्बा निवासी केपी शर्मा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।

### बॉब की शाखा में 25दिन से शाखा प्रबंधक की तैनाती न होने से खाताधारक परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में पिछले 25 दिनों से शाखा प्रबंधक की तैनाती न होने से खाता धारक परेशान है खाताधारकों के तमाम काम लटके पड़े हैं। बताते चलें कि बैंक ऑफ बड़ौदा की शीशगढ़ शाखा में गत माह 30/31मई को शाखा प्रबंधक का स्थानांतरण कर दिया गया था जबसे आज तक किसी भी शाखा प्रबंधक की तैनाती न किए जाने से खाताधारक तो परेशान है ही साथ ही वित्तीय संकट पैदा हो गया है कोई बड़ा लेनदेन न होने के कारण समस्या और भी गंभीर होती जा रही है खाताधारक अपने रुके हुए कार्य को कराने के लिए शाखा में जाते है लेकिन शाखा प्रबंधक की तैनाती न होने से बैरंग वापस लौट जाते है आखिर कब तक यह सब चलेगा ग्राहकों की इस बात का जवाब किसी के पास नहीं है। बैंक ऑफ बड़ौदा की सबसे पुरानी शाखा है अधिकांशत: खाते इसी बॉब की शाखा में है लेकिन शाखा प्रबंधक की तैनाती न होने से अब ग्राहकों का सब्र टूटता जा रहा है।

### बीडीए अफसरों की सांठगांठ से 39 लाख रुपये की सरकारी जमीन एक लाख में बेची, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बीडीए अफसरों की सांठगांठ से शातिरों ने सरकारी पार्क की बेशकीमती जमीन का बैनामा कौड़ियों के दाम में कर दिया। 39 लाख 68 हजार रुपये कीमत की जमीन एक लाख पांच हजार रुपये में बेच दी गई। गोपनीय शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस ने खुली जांच की थी, जांच के दौरान गड़बड़ी मिलने पर प्रेमनगर थाने में दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

विजिलेंस को जांच के दौरान पता लगा कि बीना राठौर पत्नी जगमोहन निवासी शिवनगर कॉलोनी ने प्लाट संख्या 36 सन 1987 में 25300 रुपये में खरीदा था। प्लॉट के दक्षिण में पार्क स्थित है। साल 2008 में अवैध कॉलोनी का बीडीए द्वारा नियमितीकरण किया गया। नियमितीकरण के दौरान बीडीए के जेई और शंकर सहकारी आवास समिति के तत्कालीन सचिव ने सांठगांठ कर फर्जी नक्शा पत्रावली पर लगवा दिया।

नक्शे में उस समय जेई रहे सुखपाल ने 848.75 वर्ग मीटर रकवे वाले पार्क को 588.80 वर्ग मीटर का दिखाकर बीडीए में अंकित करा दिया। इसका फायदा उठाकर समिति के तत्कालीन सचिव विपिन कुमार ने प्लाट नंबर 36 के दक्षिण में स्थित पार्क में से प्लाट नंबर 36 ए रकवा 167.22 वर्गमीटर और 36 बी रकवा 125.41 वर्गमीटर बनाए। विपिन ने दोनों प्लाट 105000 रुपये में सचिन पुत्र जगमोहन निवासी शिवनगर के नाम कर दिये, जबकि दोनों प्लाट रकवे की कीमत 39 लाख 68 हजार रुपये है। पार्क की जमीन को षड्यंत्र कर हड़प कर कब्जा कर लिया गया। विजिलेंस की जांच में शिकायत सही पायी गई। एसपी विजिलेंस सीमा जादौन ने मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश की गई थी। सिफारिश के बाद विपिन कुमार और सचिन कुमार के विरुद्ध प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# डीएम ने योजना में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के दिए निर्देश

- **डीएम ने सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत आने वाले राजस्व संबंधी कार्यों की, की समीक्षा**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मंगलवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत आने वाले राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में जनपद की प्रगति कम है, जिसपर डीएम ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लायी जाये, जिससे रैंकिंग में सुधार आ सके।

बैठक में डीएम ने गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि जिन गन्ना किसानों का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है, उन गन्ना किसानों का भुगतान शीघ्र कराया जाए।

उन्होंने समस्त सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम डैशबोर्ड की लगातार समीक्षा की जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

डीएम ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि 5 साल से अधिक समय से लंबित राजस्व वादों तथा धारा-34 के अन्तर्गत जो भी केस लंबित हैं, उनका निस्तारण समयान्तर्गत किया जाए। विरासत दर्ज करने की स्थिति सही पाए जाने पर सभी लोगों को ऐसी ही स्थिति बनाये रखने तथा फील्ड का लगातार निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, समस्त उपजिलाधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कमिश्नर ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में प्रगति लाने के दिए निर्देश

- **कमिश्नर की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को मण्डलीय समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में कमिश्नर ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृक्षारोपण हेतु लक्ष्य के सापेक्ष जहां भी तैयारियां पूर्ण नहीं हुई है, उसे समयान्तर्गत शतप्रतिशत पूर्ण करा लिया जाये, निर्देश दिए गए कि श्रावण माह में जो भी श्रद्धालुगण मंदिरो में दर्शन करने आएं उन्हें प्रसाद के रूप में एक पौधा प्रदान किया जाये, तथा श्रद्धालुओं को पौधे की निरन्तर देख-भाल करने व पानी देने के लिए भी प्रेरित किया जाये।कमिश्नर ने मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश के मौसम है, ऐसे में डेंगू तथा मलेरिया से बचाव के दृष्टिगत लगातार फागिंग तथा स्क्रीनिंग कराई जाए। बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को बरेली मण्डल में पूरी तत्तपरता के साथ चलाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि बरेली मण्डल गोल्डन कार्ड बनाने की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है, जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुये अति शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिये गए, तथा जिन लोगों का गोल्डन कार्ड बनाया जाए उनका नाम पोर्टल पर अवश्य अपलोड कराने हेतु निर्देशित किया गया।

कमिश्नर ने कहा कि अधिक वर्षा होने पर जनपद पीलीभीत व बदायूं में बाढ़ की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिसपर सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि इसकी एक बैठक कर पूर्व से तैयारियां कराना सुनिश्चित करें। बाढ़ आने की स्थिति में बाढ़ सामग्री शासन के निर्देशानुसार ही बांटी जाए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

बैठक में निराश्रित गौवंश संरक्षण व गौशालाओं की समीक्षा की गयी, और उप निदेशक पशु पालन को निर्देश दिए कि गौशालाओं तथा गौवंशों का जो भी डाटा भेजा जाए, उसे उचित व सही भेजा जाए। बैठक में पाया कि मण्डल में गौशालाओं का निर्माण का कार्य अधूरा है, जिसपर सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि एक अलग से बैठक कर गौशालाओं के अधूरे निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण कराया जाए।

बैठक में पाया गया कि सहभागिता योजना के अन्तर्गत दी गयी गायों का सत्यापन कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है, जिस कारण पेमेंट में भी समस्या आ रही है, जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुये शीघ्र सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिये गए।

बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारियों को ऋण वितरण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में पीएम सूर्य घर योजना में मण्डल की स्थिति खराब है, जिसपर निर्देश दिए गए कि उक्त योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में से एक है, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। बैठक में मुख्य अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिये कि वर्षा के समय ट्रांसफार्मर खराब होने से विद्युत आपूर्ति बाधित होने से जनसामान्य को समस्या होती है, अत: समयान्तर्गत ट्रांसफार्मरों को रिपेयर कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि टोल फ्री नंबर 1912 पर जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उनका निस्तारण भली प्रकार किया जाए।

बैठक में सीएम डैश बोर्ड के अन्तर्गत सी, डी एवं ई श्रेणी प्राप्त विभागों, योजनाओं की समीक्षा की गयी, और पाया कि शाहजहांपुर जनपद राज्य कर की स्थिति में सुधार करने के निर्देश दिए, तथा आईजीआरएस में शिकायतों के निस्तारण में असंतुष्ट फीडबैक की संख्या अधिक प्राप्त हो रही हैं, जिसपर निर्देश दिये कि शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत व उचित प्रकार से किया जाये।

बैठक में 50 लाख रुपए से अधिक कि धनराशि की परियोजनाओं की समीक्षा की गयी, और समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए गए कि जो निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुए हैं, उन्हें अतिशीघ्र पूर्ण कराएं और उनका उद्घाटन जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया जाये। बैठक में कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा गलत रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर कमिश्नर द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

बैठक में डीएम बरेली अविनाश सिंह, डीएम पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह, डीएम बदायूं अवनीश राय, डीएम शाहजहांपुर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ बरेली देवयानी, सीडीओ पीलीभीत राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सीडीओ बदायूं केशव कुमार, सीडीओ शाहजहांपुर डा. अपरा. जिता सिंह, कार्यदायी संस्था सहित मण्डल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खौफ के साये में गुजरे दिन, खरीद लिया था कफन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** ईरान से बरेली लौटे जायरीन ने वहां फैली बारूद की गंध से अपनी माटी की सुगंध को बेहतर बताया। उन्होंने बताया कि सिर के ऊपर उड़ती मिसाइलें, धमाके और धुएं का गुबार दिल में खौफ पैदा कर रहा था, एयरपोर्ट बंद थे। मायूसी के बीच भारतीय दूतावास ने उनको कोम से मशद पहुंचाया, तब जाकर तसल्ली मिली। वहां बेहतर सुविधाओं वाले पांच सितारा होटल में ठहराया गया, पर दिल में वतन वापसी को लेकर बेचौनी थी। ऊपर वाले का शुक्र है कि हम सकुशल अपनी मिट्टी पर कदम रख सके। फिलहाल, शहर के कुछ लोग दिल्ली में ही रुके हुए हैं।

कंघी टोला की नजमा बेगम ने कहा कि ईरान में आखिरी चार दिन दहशत के साये में गुजरे। मिसाइलें उड़ती देखकर दिल बैठ जाता था। फिर यह तय कर लिया था कि अगर यहीं जिंदगी का खात्मा हुआ तो शहादत मिल जाएगी। कफन भी खरीदकर रख लिया था। ईरान का माहौल काफी जज्बाती है।

मीरा की पैठ रुखसार नकवी ने कहा कि अचानक फ्लाइट कैंसिल होने की खबर ने परेशानी बढ़ा दी थी। बस दुआ कर रहे थे कि किसी तरह वतन वापसी का इंतजाम हो जाए। कोम से मशद आए। वहां दिन ढलने के बाद बाहर निकलने की इजाजत नहीं थी। वतन लौटकर सुकून का एहसास हो रहा है।

किला की मुजीब जहरा ने कहा कि जायरीन को ज्यादा परेशानी नहीं हुई, मगर सब घबरा गए थे। भारतीय दूतावास के मीसम रजा और ईरान के मौलाना हैदर ने हमारी बहुत मदद की। दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर लोगों ने तिरंगा देकर स्वागत किया तो बहुत अच्छा लगा। भारत और ईरान दोनों सरकारों का शुक्रिया।

किला छवनी के हसन जाफर ने कहा कि उड़ती मिसाइलों और धमाके की आवाजों के बीच सभी सकुशल वतन वापसी की दुआ कर रहे थे। हालत यह था कि मशद एयरपोर्ट आने तक मोबाइल फोन तक बंद करा दिए गए थे। इसके ठीक विप. रीत ईरान के लोगों में कोई खौफ नहीं था। वह उड़ती मिसाइलों का वीडियो बना रहे थे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# कांवड़ यात्रा के दौरान न हो किसी भी प्रकार की अव्यवस्था:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने आगामी बरसात एवं कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए एनएचएआई एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में हाईवे किनारे बसे गांवों की जल निकासी व्यवस्था, अवैध होर्डिंग्स को हटाना, सड़क किनारे सफाई व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 9 जुलाई 2025 से पूर्व सभी नालों की सफाई पूर्ण कर ली जाए, हाईवे मार्गों पर शिवभक्तों द्वारा प्रयुक्त होने वाले कांवड़ मार्गों की विशेष साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। सभी स्ट्रीट लाइट्स क्रियाशील रहें, ताकि श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की




असुविधा न हो। अवैध होर्डिंग्स को तुरंत हटाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा जिन स्थानों से होर्डिंग हटाई जाएंगे उनके रोस्टर प्रस्तुत करें। सड़क किनारों की नियमित साफ-सफाई की निगरानी हेतु अधिकारियों को उत्तरदायी बनाया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए जनसुविधाओं का विशेष ध्यान रखें ताकि बरसात के मौसम और कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा परियोजना निदेशक NHAI नरेंद्र सिंह, एसडीएम खेकड़ा निकेत वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी अरुण अत्री सहित आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चैकिंग के दौरान 25 हजार का इनामी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** कोतवाली पुलिस ने चैकिंग अभियान के दौरान 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी हर्ष बड़ौत का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से काले रंग की स्कॉर्पियो, एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। आरोपी ने 15 दिन पहले अपने साथियों के साथ एक महिला के मकान पर फायरिंग की थी। इस मामले में वह फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। बड़ौत कोतवाली प्रभारी मनोज चल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चैकिंग अभियान के दौरान आरोपी को पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच जारी है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन होने पर पारुल दांगी को प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के लुहारी गांव में गांव के सम्मानित लोगों ने भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव संजीव दांगी लुहारी के नेतृत्व में पारुल दांगी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके के पर और प्रधान सुधीर कुमार रामकुमार राजीव चौधरी देवेंद्र गौतम लोकेंद्र सिंह अनिल आर्य के अलावा गांव के काफी लोगों ने उन्हें फूल-मालाओं से शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मास्टर कुलबीर सिंह की पुत्री पारुल दांगी लुहारी का चयन लाइंग ऑफिसर के पद हुआ था किसी को लेकर आज उनका स्वागत किया गया है।

## किशोरी की बरामदगी को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** ब्राह्मण समाज के लोगों ने नाबालिग लडकी की बरामदगी की मांग को लेकर कलेक्टेट पर धरना प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को एक ज्ञापन देते हुए लडकी को जल्द सकुशल बरामद किये जाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर लकडी जल्द बरामद नहीं की गई तो कलेक्ट्रेट पर ही अनिश्चतकालीन धरना देंगे।

मंगलवार को ब्राह्मण समाज के लोगों ने बताया कि सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के खिड़ौदा गांव से एक 15 वर्षीय लड़की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी गुहार लगाई है। परिवार का आरोप है कि पुलिस लड़की की तलाश के लिए पैसों की मांग कर रही है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार पैसे नहीं दे पा रहा है। पुलिस की कार्यशैली से नाराज होकर ब्राह्मण समाज ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी है। उनका कहना है कि लड़की को जल्द न ढूंढने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन की जिम्मेदारी पुलिस की होगी। लड़की के परिवार ने अनहोनी की आशंका जताते हुए तुरंत कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन से लड़की की सकुशल बरामदगी की अपील की गई है। धरना स्थल पर पहुंचे सीओ



## एक नजर

## सपाइयों ने रानी दुर्गावती को बलिदान दिवस पर किया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में रानी दुर्गावती को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको नमन किया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि रानी दुर्गावती एक महान भारतीय महिला योद्धा थी। उन्होंने गोंडवाना राज्य प्रशासन किया। भारतीय महिलाओं के इतिहास में वे वीरता और महिला सशक्तिकरण की प्रतीक है। उन्होंने अपने राज्य पर अपने नाबालिक पुत्र वीर नारायण के संरक्षक के रूप में शासन संभाला और अपने शासन की रक्षा करते हुए युद्ध में अपना बलिदान दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजपाल शर्मा, नगेंद्र सिंह, बिल्लू प्रधान, हाजी निजात खान काला विधूड़ी, महबूब मलिक, चिराग चौधरी, सन्नी सुलानिया, राहुल यादव, शाहरुख, कविता गोस्वामी, कृष्णपाल प्रधानाचार्य आबिद, संजय डीलर, ललित चौधरी, परवेज मलिक, एड.विभोर गुप्ता, इरशाद मलिक मगन कश्यप आदि मौजूद रहे।

## 25 जून को होगा नौवां विशाल भंडारा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में गोस्वामी परिवार की ओर से बाबा हेमगिरी गोस्वामी समाध हर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 जून बुधवार को नौवां विशाल भंडारा आयोजित करेगा यह भंडारा नगर के कोताना रोड स्थित पंचमुखी शिव मंदिर संस्कृत पाठशाला पर किया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण करने का आहवान किया है यह जानकारी देते हुए गोस्वामी समाज के अध्यक्ष नितिन गोस्वामी ने दी है।

## चैकिंग के दौरान फरार चल रहे एक वारंटी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत** पुलिस ने चैकिंग के दौरान फरार चल रहे एक वारंटी को पकड़ा है जिनके खिलाफ कारवाही की जा रही है।
पुलिस द्वारा अपराधों को रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत बागपत पुलिस ने मोहल्ला केतीपुरा कस्बा बागपत निवासी शेरू उर्फ सैफ अली खान पुत्र लडडू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिनके खिलाफ कारवाही की जा रही है।

## माखर गांव में जलभराव और गंदगी के कहर से ग्रामीण परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र में स्थित माखर गांव की गलियों में जलभराव और गंदगी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।
यह वही गांव है जिसे 2008 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने निर्मल ग्राम पुरस्कार से सम्मानित किया था। उस समय अजीत सिंह गांव के प्रधान थे। वर्तमान में गांव की स्थिति बिगड़ी हुई है। गलियों में गंदा पानी भरा है। महिलाएं और बच्चे इस स्थिति में रोजाना आवागमन करने को मजबूर हैं। गांव में फैली गंदगी से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्य भी यहां किल नजर आ रहे हैं।

## हरिद्वार से दंडवत कांवड़ यात्रा लेकर बडौत पहुंचे शिव भक्त मोहित गुर्जर का फुलमालाओं से किया गया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में पहले दंडवत कांवड़ यात्रा लेकर अपने साथियों के साथ सोनीपत के रहने वाले मोहित गुर्जर का बडौत नगर आगमन पर श्रमिक एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीण वर्मा के नेतृत्व में उनका मालाओं से स्वागत किया गया। मोहित गुर्जर कट गुर्जर मुकुल गुर्जर अर्पित गुर्जर अजय गुर्जर रविंद्र दयाल आदि शिव भक्तों ने उनका स्वागत किया। मोहित गुर्जर एक पैर से विकलांग है। उनका पैर कटा हुआ है। वह हरिद्वार से गंगाजल लेकर आज बडौत नगर में आए और उनका स्वागत किया गया। इस संबंध में सोनीपत के शिव भक्त मोहित गुर्जर से जब बातचीत की गई तो इनका कहना है कि भोले बाबा के आशीर्वाद से मैं दंडवत कावड़ लेकर हरिद्वार से आ रहा हूं भोले बाबा की इच्छा के अनुसार मुझे इसका पुण्य लाभ भी मिल रहा है जगह-जगह रोककर मेरा सभी शिव भक्त स्वागत कर रहे हैं।



## चोरों ने नलकूपों से ट्रांसफॉर्मर किए चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**दोघट।** थाना क्षेत्र के बामनौली के जंगल में चोरों ने दो किसानों के नलकूपों से ट्रांसफॉर्मर चुराकर फरार हो गए। चोरों ने हरबल और जसवीर के नलकूपों पर लगे 25-25 केवीए के ट्रांसफॉर्मर को पोल से नीचे गिरा दिया। चोरों ने ट्रांसफॉर्मर से मशीन, कॉपर के तार और तेल समेत सभी कीमती सामान निकाल लिया। मंगलवार सुबह जब किसान खेतों में पहुंचे तो उन्हें ट्रांसफॉर्मर टूटे हुए मिले। किसानों ने तुरंत डायल 112 और विद्युत विभाग को सूचना दी। बामनौली बिजली घर के जूनियर इंजीनियर केके पटेल ने बताया कि दोनों ट्रांसफॉर्मरों से लाखों रुपए का सामान चोरी हुआ है। उन्होंने बागपत थाने में शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, दोघट इंस्पेक्टर बच्चू सिंह का कहना है कि उन्हें अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है।

## यश ने प्रतियोगिता में जीते तीन गोल्ड, एक कास्य पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** कर्नाटक के दावणगेरे मे आयोजित सब जूनियर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में गौना सहबानपुर के यश यादव ने तीन गोल्ड एक कास्य पदक जीतकर गांव का नाम रोशन किया जिसके बाद गांव में हर्ष का माहौल है।

कर्नाटक के दावणगेरे में आयोजित सब जूनियर इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनसिप का आयोजन 22 जून से 30 जून तक आयोजित किया जायेगा जिसमे गौना सहबानपुर के यश यादव ने सब जूनियर नेशनल इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 53 किलो भार वर्ग में 482.5 किलो भार उठा कर के जीते 3 गोल्ड मेडल 1 कांस्य पदक जीते जिसमें स्कक्वट मे 167.5 किलो कांस्य पदक, बेंच प्रेस में 115 किलो गोल्ड मेडल और डेडलिफ्ट 200 किलो गोल्ड मेडल और साथ ही डेडलिफ्ट में यश ने बनाया नेशनल रिकॉर्ड और यश का सलेक्शन आगामी इक्विप्ड एशियनपावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए चयन हो गया। ग्रामीणों ने यश के परिजनों को शुभकामना दी।



## अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर किया रेप

**अमरोहा।** प्रेमी ने किशोरी को झांसे में लेकर अश्लील फोटो खींच लिये। जबकि आपत्तिजनक हालत में वीडियो भी बना ली। जिन्हें वायरल करने की धमकी दे उसने कई बार पीड़िता के साथ रेप किया। किशोरी की मां ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। एफआईआर के मुताबिक गांव के ही रहने वाले इंतेखाब ने करीब एक साल पहले किसान की नाबालिग बेटी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होने लगी, अक्सर वीडियो कॉल भी करते थे। आरोप है कि मुलाकात के बहाने बुलाकर युवक ने किशोरी के साथ शारीरिक संबंध बना लिए। इस दौरान इंतेखाब ने किशोरी के अश्लील फोटो खींच लिए। इतना ही नहीं आपत्तिजनक हालत में उसका वीडियो भी बना लिया। बाद में इन्हीं फोटो को वायरल करने की धमकी देकर कई बार रेप किया। इंतेखाब के उत्पीड़न से परेशान किशोरी ने परिजनों को आपबीती बता दी। इसके बाद किशोरी की मां ने मामले की शिकायत इंतेखाब के परिजनों से की तो उसने अश्लील फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए।

## पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** चांदीनगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो शराब तस्करो को 48 पव्वे अवैध शराब के साथ पकड़ा है जिनके खिलाफ कारवाही की जा रही है। पुलिस द्वारा अपराधों को रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत चांदीनगर पुलिस ने गढी कलंजरी निवासी अनुराग पुत्र बलराम व कृष्ण पुत्र बलराम को 48 पव्वे अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है जिनके खिलाफ कारवाही की जा रही है।

## जिलाधिकारी ने की डिस्टिक कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बुधवार को जिलाधिकारी ने डिस्टिक कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता इंदू सिंह द्वारा बैठक का संचालन किया गया। जनपद बागपत में सात नई बिपेक्स तथा 10 दुग्ध समिति का गठन किया गया है। नवगठित सात नई सहकारी समिति मे से तीन के पास गोदाम उपलब्ध है तथा चार नई बिपेक्स के लिए प्राथमिकता के आधार पर भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में संचालित 36 बी पैक्स में सभी समितियों एवं उपकेंद्रों के नाम भूमि अभिलेखों में दर्ज कराने का भी अनुरोध किया गया है। विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के



तहत 2700 वर्ग मीटर जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।भारत सरकार की एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड योजना के तहत योजनाधिकारियों (ddag DHO up नेडा, उद्योग) विभागो के लाभार्थियों को योजना में जोड़ने हेतु अनुरोध किया गया। मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिला अधिकारी पंकज वर्मा, जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव, जिला गन्ना अधिकारी अमर प्रताप सिंह, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड द्वारा मुख्य रूप से प्रतिभाग किया गया।

## अपराधियों ने ली पुलिस के समक्ष अपराध न करने की शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** पुलिस प्रशासन ने अपराध की रोकथाम के लिए एक अनूठी पहल की है। जनपद के विभिन्न थानों में 120 अपराधियों ने पुलिस के समक्ष अपराध न करने की शपथ ली। इन अपराधियों का अतीत लूट, डकैती, जुआ-सट्टा और गोकशी जैसे अपराधों से जुड़ा रहा है। एसपी बागपत सूरज कुमार राय ने एक वीडियो के माध्यम से इस पहल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कदम समाज में अपराध कम करने और असामाजिक तत्वों को मुख्यधारा में लाने के लिए उठाया गया है। पुलिस का मानना है कि अपराधियों को सुधार का अवसर मिलना चाहिए। हालांकि, एसपी राय ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर कोई व्यक्ति दोबारा अपराध करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया है। उनका मानना है कि इससे क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था मजबूत होगी।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र विकास व पुत्रवधू अलका से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
कृष्णपाल शर्मा पुत्र रामदास शर्मा निवासी ग्राम कासमाबाद उर्फ दुडभा जनपद बागपत हाल निवासी मेरठ रोड बागपत थाना व तहसील जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2009 अनुक्रमांक 0562454 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्व में कही खो गए है।
सन्नी कुमार पुत्र चन्द्र पाल सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट सादिकपुर सिनौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मोहसीन व पुत्रवधू आसमा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
नूर मौहम्मद पुत्र बसीर निवासी उर्दू कॉलोनी गुराना रोड़ थाना व तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र रूपक व पुत्रवधू पारूल से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
रामबीर पुत्र त्रिलोक चन्द शर्मा निवासी ग्राम कासमाबाद उर्फ दुडभा थाना व जनपद बागपत।

# डीएम ने सुनी चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने मंगलवार को विकासखंड सिंभावली के ग्राम पंचायत गोहरा आलमगीरपुर में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने पाया कि कई ग्रामवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है, जिस पर उन्होंने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र व्यद्रियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए। जन चौपाल में शिकायतकर्ता आसमा ने बताया कि उन्हें और उनके परिवार को आज तक किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला है। किरण देवी ने शिकायत की कि पति की सात वर्ष पूर्व मृत्यु होने के बावजूद उन्हें निराश्रित पेंशन योजना का लाभ नहीं मिला है। इसी प्रकार, एक वृद्ध महिला ने 60 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत की। एक दिव्यांग महिला, अनीता देवी, ने बताया कि जन्म से विकलांग होने के बावजूद ग्राम सचिव से कई बार बात करने पर भी उनकी पेंशन नहीं बन पाई है। इन शिकायतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने ग्राम सचिव को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया। जिलाधिकारी ने ग्राम सचिव को निर्देश दिए कि गांव में साफ-सफाई कर रही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के वेतन में उनके कार्य प्रणाली को देखते हुए एक हजार रुपये की बढ़ोतरी की जाए। इसी के साथ चकबंदी से संबंधित समस्या पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को जल्द से जल्द निस्तारण का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत भवन में कोई पंचायत सहायक उपलब्ध नहीं है। जिलाधिकारी ने जल्द से जल्द पंचायत सहायक की तैनाती की मांग करने हेतु संबंधित को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जन चौपाल में सभी अधिकारियों को गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए। कार्य में लापरवाही बरतने पर एसओसी चकबंदी के पेशकार को सस्पेंड करने के निर्देश भी दिए गए। जन चौपाल के बाद जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत गोहरा में 2 हेक्टेयर में बने हुए तालाब और तारा पशु आहार का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, ग्राम प्रधान और ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# गैंगस्टर में फरार 15 हज़ार का इनामी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड नगर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे 15 हज़ार रूपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश को गिरफ्तार कर पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि गिरफ्तार किया गया बदमाश शातिर किस्म का अपराधी है। उन्होंने बताया कि बदमाश थाना हापुड़ नगर में गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहा था। जिसके ऊपर एसपी ने 15 हज़ार रूपये का इनाम घोषित किया था। उन्होंने बताया कि मंगलवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान गैंगस्टर में फरार 15 हज़ार के इनामी बदमाश मिर्जा मुशीर उर्फ मुशीर पुत्र मिर्जाशब्बीर निवासी सलीम मस्जिद वाली गली नं 2 मोहल्ला चौहान बांगर न्यू सीलमपुर भजनपुरा थाना जाफराबाद उत्तर-पूर्वी दिल्ली को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनामी बदमाश के खिलाफ थाना बाबूगढ़, थाना गढ़मुक्तेश्वर, थाना हापुड़ नगर और थाना धौलाना में करीब आधा दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया है।



# महिला शिक्षकों ने टोल पास के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष जयश्री के नेतृत्व में महिला शिक्षकों ने पिलखुवा के छिजारसी टोल टैक्स पर अपने वाहनों के लिए मासिक पास बनवाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय को एक ज्ञापन सौंपा।

संघ की जिलाध्यक्ष जयश्री ने जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय को बताया कि जनपद में कार्यरत अधिकांश शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपने निवास स्थान से विद्यालय पहुंचने के लिए प्रतिदिन छिजारसी टोल से गुजरना पड़ता है। उन्होंने बताया कि निवास स्थान की दूरी 20 किलोमीटर से अधिक होने के कारण उन्हें प्रतिदिन 300 रुपये का टोल देना पड़ता है,

जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शिक्षिकाओं ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि वे टोल प्रबंधक को निर्देश दें कि विभागीय पहचान पत्र के आधार पर शिक्षकों के लिए प्रतिदिन टोल से आने-जाने हेतु मासिक पास बनाया जाए।




# कांग्रेस ने किया रेल किराए में वृद्धि का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** केंद्र सरकार द्वारा रेल की सभी श्रेणियों के किराए में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा है कि इस वृद्धि से यात्रियों, खासकर दैनिक यात्रा करने वाले निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों पर गहरा असर पड़ेगा।

राकेश त्यागी ने अपने बयान में कहा कि जहां एक ओर केंद्र और प्रदेश सरकारों द्वारा रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि से मध्यम श्रेणी के लोगों के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है, वहीं अब केंद्र सरकार ने रेल किराए में बढ़ोतरी कर आम जनता की जेब पर सीधा डाका डालने का काम किया है। उन्होंने बताया कि रेल किराए में की गई यह बढ़ोतरी 1 जुलाई से लागू होगी, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने केंद्र सरकार से इस बढ़ी हुई किराए को तुरंत वापस लेने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने यह बढ़ोतरी वापस नहीं ली, तो हर कांग्रेसी कार्यकर्ता केंद्र सरकार की इस तानाशाही के खिलाफ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन



## एक नजर

### बुजुर्ग महिला पर पालतू कुत्ते से हमला कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा थाना क्षेत्र में अपने खेत पर जा रही एक बुजुर्ग महिला पर पड़ोसी दबंग व्यक्ति द्वारा जानबूझकर पालतू कुत्ता छोड़ने और उन्हें घायल करने का आरोप लगा है। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार, पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव गालंद निवासी ब्रह्मवाला अपने खेत पर जा रही थीं। रास्ते में एक जंगली नस्ल के पालतू कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया। परिजनों का आरोप है कि कुत्ते के मालिक ने पहले उसे रोका, लेकिन जैसे ही महिला निकली उसने कुत्ते को जानबूझकर छोड़ दिया। इस हमले में महिला के हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई हैं। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर उन्हें बचाया। ग्रामीणों का आरोप है कि कुत्ते का मालिक पहले भी जानबूझकर लोगों पर कुत्ता छोड़ता रहा है और अब तक कई लोग उसके इस बर्ताव का शिकार हो चुके हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच शुरू कर दी गई है।

### ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत दो वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा न्यायालय से मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय से गैर हाजिर चल दो वारंटी आदिल पुत्र इलियास और दिलशाद पुत्र अलीमुद्दीन को उनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया की वारंटीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तार किए गए वारंटी लंबे समय से न्यायालय से गैरहाजिर चल रहे थे जिनके खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी किया था। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने दोनों वारंटीयों को गिरफ्तार किया है।

### अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा चित्तौली मोड पुलिया के पास चेकिंग की जा रही थी तभी पुलिस को एक संदिग्ध आता दिखाई दिया पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने मौके से युवक को दबोच लिया जब उसकी तलाश ली गई तो उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। युवक की पहचान निसार उर्फ शालू पुत्र अलीमुद्दीन निवासी गली नं 7 आयशा मस्जिद के पास मोहल्ला रफीकनगर थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आने की कार्रवाई की जा रही है।

### संदिग्ध हालात में नाबालिग लापता, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले से 16 वर्षीय नाबालिग लड़की सोमवार दोपहर संदिग्ध हालात में लापता हो गई। परिजनों के मुताबिक, वह दोपहर करीब 12 बजे बाजार जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। परिवार ने बताया कि लड़की के गायब होने के समय उनके मोबाइल पर दो अलग-अलग अज्ञात नंबरों से कॉल आई, लेकिन कॉल रिसीव करने पर कोई बात नहीं हुई। परिजनों को शक है कि किसी ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया होगा। मामले की रिपोर्ट मिलते ही कोतवाली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीस कुमार ने बताया, लापता नाबालिग के मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की गई है। कॉल डिटेल्स और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। संभावित स्थानों पर टीमें लगाई गई हैं। हमारी कोशिश है कि जल्द से जल्द लड़की का पता लगाया जाए।

### हापुड़ में जीएसटी एसआईबी का छापा, स्क्रैप कारोबारी के दफ्तर से दस्तावेज जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को हापुड़ की किठौर रोड स्थित एक मकान में जीएसटी की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन ब्रांच (SIB) टीम ने छापा मारा। उत्तर प्रदेश सरकार लिखी गाड़ी में सवार होकर पहुंचे अधिकारियों ने फाइन ट्रेडिंग कंपनी पर यह कार्रवाई की। पीर नगर के पास मेरठ रोड पर स्थित फाइन ट्रेडिंग कंपनी में स्क्रैप का कारोबार होता है। रेड के दौरान टीम ने कंपनी से दस्तावेज, मोबाइल और लैपटॉप अपने कब्जे में ले लिए और जांच शुरू कर दी। अधिकारी फिलहाल मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं।

### मोनाड विश्वविद्यालय की छात्रा से मोबाइल छीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** मोनाड विश्वविद्यालय से पढ़कर लौट रही छात्रा का मोबाइल फोन दो बाइक सवार बदमाशों ने झपट लिया। घटना मोनाड मार्ग पर हुई जहां थ्री व्हीलर से जा रही छात्रा से चलती गाड़ी में ही मोबाइल छीनकर आरोपी फरार हो गए। पीड़िता के भाई मयंक ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि मोबाइल में शैक्षणिक दस्तावेज और जरूरी जानकारियां थीं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच चल रही है।

# पशु कटान के मामले दोषी को हुई सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ पुलिस द्वारा प्रतिबंधित पशु कटान करने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई साथ ही अर्थदण्ड से भी दंडित किया गया। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2007 में आरोपी परवेज द्वारा प्रतिबंधित पशु कटान करने के सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम थाना पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय द्वारा परवेज पुत्र यासीन को दोषी मानते हुए जेल में बिताई गयी अवधि 5 दिवस व 1,500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# डीएम ने की जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मांगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारियों सहित आबकारी विभाग, एनसीबी, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, खाद्य सुरक्षा, औषधि विभाग, क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो जैसे विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को रोकने के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बढ़ाना और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना था। इस दौरान विभागों द्वारा पिछले महीने में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में चल रही दवाइयों की फैक्ट्रियों और मेडिकल स्टोर्स पर लगातार निरीक्षण किया जाए। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए दवाइयों में नशीले पदार्थों की मिलावट की जांच करने के भी निर्देश दिए गए। औषधि विभाग के अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि यदि कोई भी मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के पाया जाता है, तो उसे तत्काल सील कर कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि जनपद के सभी मेडिकल स्टोर्स के बाहर एक बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा, जिस पर स्पष्ट रूप से लिखा हो कि हमारे यहां किसी भी प्रकार की नशीली दवाइयां व ड्रग्स नहीं मिलते है और एक टोल फी नंबर भी अनिवार्य रूप से लिखा होना चाहिए। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारियों को ड्रग्स बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उन्हें जेल भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कार्य आगामी कांवड़ यात्रा से पूर्व हो जाना चाहिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक सहित सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




# श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 72वें बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** मोहल्ला गढ़ी स्थित शिव मंदिर सभागार में मंगलवार को श्री मुखर्जी पुस्तकालय की ओर से डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 72वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के केन्द्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय शंकर तिवारी रहे।

उन्होंने कहा कि मात्र 23 वर्ष की आयु में बैरिस्टर बनने वाले डा. मुखर्जी को 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय का कुलपति बनाया गया। उन्होंने नेहरू मंत्रिमंडल में उद्योग मंत्री रहते हुए कार्य किया, लेकिन बंगाल दंगों और कश्मीर मुद्दे पर मतभेद के चलते त्यागपत्र दे दिया। जम्मू-कश्मीर में एक देश एक विधान के लिए आंदोलन करते हुए उन्हें जेल में डाल दिया गया, जहां 23 जून 1953 को उनका बलिदान हुआ। कार्यक्रम में प्रवीन शर्मा, रोहित मित्तल, सुनील गर्ग, राकेश बंसल, वरुण शर्मा, अशोक आर्य, बीके मित्तल सहित सुशील सिंघल और राजपाल शर्मा मौजूद रहे।




# कांवड़ यात्रा मार्ग पर सीसीटीवी से होगी निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सावन माह की कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस और प्रशासनिक स्तर से सभी तैयारी शुरू कर दी गई हैं, ताकि कांवड़ लाने वाले शिवभक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और सुरक्षा के प्रबंध भी पुरी तरह चाक चौबंद रहें। टूटी सड़कों की मरम्मत से लेकर बिजली खंभों पर पिन्नी लगाई जाएगी, ताकि बरसात के मौसम में करंट उतरने से कोई अनहोनी घटना न हो पाए।

भगवान शिव का सबसे प्रिय कहलाए जाने वाला सावन मास इस बार 11 जुलाई को प्रारंभ होगा, जिसकी शिवरात्रि के उपलक्ष्य में 23 जुलाई को भगवान शिव का जलाभिषेक पर्व मनाया जाएगा। क्षेत्र के हजारों शिव भक्त हरिद्वार, गोमुख, गंगोत्री से कांवड़ लाकर अपने निकटतम मंदिरों में भगवान भोले का जलाभिषेक करेंगे। जबकि दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लाखों शिव भक्त ब्रजघाट गंगा से कांवड़ भरने आएंगे। इसके अलावा भी हरिद्वार समेत दुर्गम पहाड़ी स्थलों से कांवड़ लेकर लौटने वाले बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा समेत कई जनपदों के लाखों शिवभक्त भी गढ़ ब्रजघाट गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर ही अपने गंतव्य स्थलों को प्रस्थान करते हैं। जिसके कारण शिवरात्रि पर जलाभिषेक होने के बाद भी सावन के अंतिम सोमवार तक ब्रजघाट गंगानगरी में कांवड़ यात्रा निरंतर चलती रहती है। शिवभक्तों की सुरक्षा को लेकर सीएम योगी समेत डीजीपी ने कड़ी हिदायत जारी की हैं, जिनको लेकर पुलिस और प्रशासनिक स्तर से सभी जरूरी तैयारी शुरू कर दी गई हैं। एसडीएम अंकित कुमार वर्मा ने बताया कि दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे के साथ ही कांवड़ मार्ग और जलाभिषेक वाले मंदिरों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। नगर पालिका और ब्लॉक प्रशासन को अपने क्षेत्र में आने वाले कांवड़ मार्गों की मरम्मत के साथ ही पेयजल की व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद करने की हिदायत दी हुई है। ऊर्जा निगम को सड़कों के किनारे लगे खंबों पर पिन्नी लगवाए का निर्देश दिया गया है। सीओ वरुण मिश्रा का कहना है कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा के प्रबंध पूरी तरह चाक चौबंद रहेंगे। शरारती तत्वों के साथ ही अनर्गल अफवाह उड़ाकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में घायल किशोर की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ढाई माह पहले जनपद बिजनौर में ट्रक की चपेट में आकर घायल हुए किशोर की उपचार के दौरान मौत होने पर घर में कोहराम मच गया।

गढ़ के मोहल्ला मदरसा निवासी आसू कुरैशी का बेटा बिलाल और दौताई निवासी नईम का बेटा फहीम कई माह पहले मजदूरी करने बिजनौर गए थे। जो आठ अप्रैल की रात को खाना खाने के लिए बाइक पर सवार होकर अपने एक अन्य साथी के साथ होटल पर जा रहे थे। बिजनौर के चिड़ियापुर क्षेत्र में पीछे से जा रहे ट्रक ने बाइक को चपेट में ले लिया था, जिससे तीनों ही किशोर गंभीर रूप में घायल हो गए थे। जिनमें 17 वर्षीय बिलाल की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि शेष दोनों किशोरों का दिल्ली के अस्पताल में उपचार चल रहा था। जिनमें 18 वर्षीय फहीम की सोमवार की रात को मौत होने पर घर में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन घदिल्ली के अस्पताल को रवाना हो गए, जिन्होंने पोस्टमार्टम होने के बाद शव को घर लाकर गांव दौताई के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर अपराधी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** चेकिंग के दौरान संदेह होने पर रुकने का इशारा घकिए जाने पर बाइक सवार बदमाश ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी, जिसके जवाब में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली टांग पर लगने से घायल हुए बदमाश को हिरासत में लेकर पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा दिया।

सिंभावली पुलिस मंगलवार की देर शाम को क्षेत्र में गश्त और चैकिंग कर रही थी। इस दौरान नयाबांस नहर रेगूलेटर पुलिया से थोड़ी दूरी पर एक व्यक्ति सिखैड़ा अंडर पास के निकट स्पेलेंडर बाइक पर सदिग्ध दशा में जाता हुआ दिखाई दिया। संदेह होने पर दरोगा सौराज सिंह ने उसे रुकने का इशारा कर दिया, परंतु बाइक रोकने की बजाए संबंधित व्यक्ति रफ्तार बढ़ाकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने पीछा किया तो खुद को घिरता देख बाइक सवार व्यक्ति ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, जिसमें कांस्टेबल सचिन पंवार बाल बाल बच गया। पुलिस टीम ने आत्म सुरक्षा में जवाबी फायरिंग कर दी। जिसमें टांग पर गोली लगने से बाइक सवार व्यक्ति घायल होकर गिर पड़ा। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान टांग में गोली लगने से घायल हुए व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लेकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा दिया। जिसने पूछताछ के दौरान अपना नाम रिजवान उर्फ काँचू पुत्र अब्दुल रहमान निवासी गांव पलवाड़ा थाना बहादुरगढ़ बताया है। जिसके कब्जे से तमंचा, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस और स्पेलेंडर बाइक बरामद हुई है। सीओ ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाश के विरुद्ध गौकशी, शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस समेत कई अन्य धाराओं से जुड़े एक दर्जन से भी अधिक मामले दर्ज हैं, जिसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसके कब्जे से मिली बाइक की जांच भी कराई जा रही है। ताकि यह पता लग सके कि कहीं बाइक चोरी की तो नहीं है।



# पटवाई में बनी मस्जिद, मंदिर, मजार व थाना कार्यालय एक घंटे में हुआ ध्वस्त

**■ पांच जेसीबी से हटाया गया अवैध अतिक्रमण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** पीडब्ल्यूडी की जगह में बनी मस्जिद और थाना कार्यालय दीवार शाहबाद रामपुर रोड पर मजार ,मंदिर को एक घंटे में पांच जेसीबी ने मंगलवार सुबह 5:00 बजे अवैध अतिक्रमण को हटा दिया गया। पटवाई में पीडब्ल्यूडी की जगह में बने अवैध कब्जा को हटाया जा रहा है। 15 दिन पूर्व पहले शाहबाद रामपुर रोड पर तालाब में बने मदरसा और उसकी आगे की जगह में 14 दुकान पीडब्ल्यूडी की जगह में बनी हुई थी। जिसे प्रशासन ने नोटिस देकर 14 दुकानें और मदरसा को जेसीबी द्वारा हटवा दिया गया।

लेकिन 21जून को पटवाई थाने मस्जिद के आगे सात दुकानें थी। उन्हें भी पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में तुड़वा दिया गया। लेकिन जब दुकान तोड़ी जा रही थी तो सराय की कुछ महिलाएं और वहां के लोगों ने विरोध भी किया था। यहां तक महिलाओं की तरफ से पुलिस के ऊपर पत्थर भी फेंके गए। 21 जून को ही एसडीएम के आदेश पर शाहाबाद रामपुर रोड पर बनी मजार और मंदिर



पर लाल निशान लगाए थे।

22 जून को थाने के पास बनी मस्जिद में से सामान निकलवा दिया गया। पटवाई थाने के पास बनी मस्जिद को तोड़ने के लिए 23 जून को ही प्रशासन अलर्ट हो गया 24 जून मंगलवार सुबह ही 5:00 बजे शाहबाद के एसडीएम तहसीलदार शाहबाद सी ओ पटवाई थाना प्रभारी संदीप मिश्रा पुलिस फोर्स पी एस सी की मौजूदगी में मंगलवार सुबह 5:00 बजे एक घंटे में मस्जिद थाना कार्यालय थाने की दीवार , मजार , मंदिर को सुबह ही ध्वस्त कर दिया गया। तथा मस्जिद के मलबे को भी तुरंत डंपर द्वारा किसी और जगह भिजवा दिया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान किसी व्यक्ति या महिला द्वारा कोई विरोध नहीं किया गया शांतिपूर्वक पटवाई में अतिक्रमण हटाया गया।

# अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने मनाया संगठन का सातवां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल का सातवां स्थापना दिवस ग्राम पंचायत क्रमचा में मनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने बताया कि 24 जून 2018 को डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया द्वारा अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल की स्थापना की गई थी। जिसे आज सात वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। हमारे संगठन का उद्देश्य समृद्ध हिन्दू, सुरक्षित हिन्दू एवं सम्मान युक्त हिन्दू और हिन्दू ही आगे के उद्देश्य को लेकर सम्पूर्ण भारत वर्ष के साथ साथ दुनिया के लगभग पचास देशों में हमारा संगठन कार्य कर रहा है। सात वर्ष पूर्ण होने पर आज ग्राम क्रमचा में पहुंच कर सात वरिष्ठ नागरिक गणों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।



इस मौके पर सभी ने शपथ ली कि हम जातियों न बंटकर केवल सनातनी हिन्दू के रूप में अपनी पहचान बनाएंगे।

क्योंकि जाति कोई भी हो उससे पहले हम सब हिन्दू हैं। इस मौके पर जो वरिष्ठ नागरिक सम्मानित किए हीरालाल, भागीरथ, पातीराम, ओम प्रकाश, अंगन लाल, कुंवर सेन एवं सोमवती को सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में जिला उपाध्यक्ष राकेश गंगवार, प्रीतम प्रसाद, जसवंत सिंह, हरीश गंगवार, नंनुकी प्रसाद गंगवार, विशाल दुबे, देवेन्द्र कुमार, प्रमोद गुप्ता, राजेश लोधी आदि लोग मौजूद रहे।

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो व्यक्ति गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो व्यक्तियों को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अपराधों को रोकने के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मिलक के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने 23 जून को चेकिंग के दौरान दो नफर अभियुक्त गण विपिन पुत्र अतवीर सिंह और प्रियांशु पुत्र राजेश सिंह निवासी ग्राम भौंनकपुर थाना मिलक को चोरी की गई। एक अदद मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट मिलक बाईपास भैसोड़ी शरीफ जाने वाले मार्क पर नर्सरी के पास से गिरफ्तार कर लिया। दोनों को गिरफ्तार कर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तओं का चालान कर दिया।

# रामपुर की कला, संस्कृति, संगीत और साहित्य बेमिसाल : अंशु खन्ना

**■ रॉयल फेबल्स की संस्थापक का नूर महल में स्वागत, धरोहरें देखीं**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रॉयल फेबल्स की संस्थापक अंशु खन्ना ने कहा कि रामपुर की समृद्ध संस्कृति, साहित्य, संगीत, दस्तरख्वान और कला बेमिसाल है। अंतिम शासक के पौत्र नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां द्वारा विरासत को बरकरार रखना काबिले तारीफ है।

मंगलवार को अंशु खन्ना और वरुण खन्ना का नूर महल पहुंचने पर पूर्व मंत्री नवेद मियां ने स्वागत किया। अंशु खन्ना ने इमामबाड़ा खासबाग समेत कई धरोहरें देखीं और इंडियन



इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के रामपुर चौप्टर चेयरमैन श्रीश गुप्ता से मुलाकात की। दोनों के बीच रामपुर की कला और संस्कृति को लेकर चर्चा हुई।

पूर्व मंत्री नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि रॉयल फेबल्स की संस्थापक अंशु खन्ना को राष्ट्रपति अंशू खन्ना को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित कर चुके हैं। वो भारतीय राजघरानों की विरासत और परम्परा को पुर्नजीवित और संरक्षित करने का कार्य कर रही हैं। अंशु खन्ना निफ्ट दिल्ली में विजिटिंग फैकल्टी भी हैं।

उन्होंने बताया कि देश ख्रविदेश में रॉयल फेबल्स ने कई सफल शो किए हैं। रॉयल फेबल्स द्वारा रामपुर रियासत के शाही दास्तरख्वान, जयपुर की राजकुमारी दीया कुमारी द्वारा विकसित पैलेस एटलियर संग्रह, जम्मू और कश्मीर की राजकुमारी ज्योत्सना सिंह द्वारा बनाई गई मीनाक. ारी कला, किशनगढ़ की राजकुमारी वैष्णवी कुमारी द्वारा बनाई गई लघु कला, बड़ौदा की महारानी राधिकारा. जे गायकवाड़ द्वारा महाराजा फतेह सिंह संग्रहालय में विकसित राजा रवि वर्मा लिथोग्राफ तथा पन्ना की राज. कुमारी कृष्णा कुमारी द्वारा बनाई गई वन्य जीवन चित्रकला आदि को देश और दुनिया के लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया है।

# पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने बलात्कार के नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर चालान किया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रजपुरा निवासी रेवती नंदन ने 8 जून को लिखित तहरीर देकर दो लोगों के खिलाफ अपनी पुत्री के साथ घर में घुसकर जबरदस्ती बलात्कार करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मंगलवार को कोतवाल धनंजय सिंह, उप निरीक्षक राजीव त्रिपाठी आदि ने मुखबिर की सूचना पर बिलासपुर रोड फ्लाईओवर के नीचे से एक आरोपी प्रियांशु उर्फ प्रशांत कुमार पुत्र मिश्रीलाल निवासी ग्राम राजपुरा थाना मिलक को गिरफ्तार कर चलन करके संबंधित न्यायालय में भेजा।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, परिवार में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** क्षेत्र के गांव मानपुर उत्तरी के युवक की ट्रेन की चपेट मे आने से मौत हो गई युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे मे कर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है। रामपुर जनपद के मानपुर निवासी युवक की

बाजपुर सेंट मैरी हॉस्पिटल के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। कोतवाली पुलिस एवं आरपीएफ के एएसआई कृष्ण सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए



काशीपुर भेज दिया है। ग्राम मानपुर निवासी सुल्तान 32 वर्षीय पुत्र मकबूल बाजपुर अपनी दवाई लेने के लिए गया था कि सेंट मैरी हॉस्पिटल के पास लगभग 12:30 बजे रेलवे लाइन से पैदल आ रहा था कि अचानक लाल कुआं काशीपुर जाने वाली ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर परिवार वाले भी घटनास्थल पर पहुंच गए सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भेज दिया गया। वहीं रेलवे विभाग एवं आरपीएफ एएसआई कृष्ण सिंह भी मौके पर पहुंच घटना की जांच पड़ताल की। मृतक सुल्तान की पत्नी नसीम जहां ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करते है। तीन बच्चे हैं और इनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था बाजपुर अपनी दवाई लेने के लिए आये थे।युवक की मौत से परिवार मे कोहराम मचा हुआ है परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष ने ओवर लोड डंपरों को रोकने के लिए की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** मंगलवार भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने तेज गति व ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है। भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने लगातार मार्गों पर हो रहे हादसे का सबब बन रहे ओवरलोड और तेज गति से चलने वाले डंपरों पर अंकुश लगे जाने की मांग की है।उन्होंने ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर को पत्र लिख कर उनसे मांग कि है। स्वार रामपुर बाजपुर मार्ग पर लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं मार्गो पर ओवरलोड वाहन ई रिक्शा के उल्टे सीधे आगमन से आए दिन मार्ग पर जाम लगना आम बात हो गई है जिससे लोगों का आवागमन करने में



भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन अभी तक स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही है। अनुरोध है कि तेज गति व ओवर लोड डंपरों को तुरंत रोका जाए।

# कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना परिसर में क्षेत्र के ताजियेदारों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में बोलते हुए थाना प्रभारी हमवीर सिंह जादौन ने कहा कि ताजियेदार जमीन से 12 फिट का ही ताजिया बनाए, निर्धारित ऊंचाई से बड़ा ताजिया बनाए जाने पर कार्यवाही होगी। साथ ही साथ पहले से निर्धारित रास्ते से ही सभी तजिए लेकर जाएं, कोई नई परंपरा न डाले। कोई भी समस्या हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करे ताकि पुलिस समय से



पहुंचकर कार्यवाही कर सके। प्रभारी ने बैठक में कहा कि त्यौहारों पर आपसी भाईचारा बनाए रखें। मीटिंग में क्षेत्र के सभी ताजियेदार और गणमान्य लोग मौजूद रहे।त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। बैठक में नरेश कुमार शर्मा, कलीम खान, सईद अख्तर, आशीष कुमार गुप्ता, हाजी शानू, पंडित विवेक वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने किया मौके पर जाकर निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पटवाई/रामपुर।** शाहाबाद-रामपुर हाईवे पर बनी दुकानें, मन्दिर, मस्जिद तथा दरगाह को हाईवे से तोड़कर हाईवे को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है।

पटवाई में हटे अतिक्रमण को देखने मौके पर पहुंचकर उपजिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, एसडीएम शाहबाद तथा भारी पुलिस बल के साथ दौरा कर जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने जल्द से जल्द कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

# मसवासी नगर पंचायत कर्मी लौटे वापस कार्य पर

**■ बजरंग दल नेता सहित तीन नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मसवासी/रामपुर।** नगर पंचायत के कर्मियो द्वारा चार दिन तक चला धरना प्रदर्शन भाजपा नेता के खिलाफ पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज करली गई जिससे नगर पंचायत कर्मियो द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया है। नगर पंचायत कर्मी काम पर लौट आये है बजरंग दल नेता अर्जुन गुप्ता व उनके साथ अन्य युवकों ने शुक्रवार को पंचायत कार्यालय मे नगर पंचायत कर्मी राजीव शर्मा के साथ गाली गलोज कर मारपीट करने का प्रयास किया ओर नगर पंचायत मे



ही ठोकने की धमकी दी थी। जिसकी शिकायत नगर पंचायत कर्मी राजीव शर्मा ने चौकी पुलिस से की थी लेकिन पुलिस ने भाजपा नेता व उसके साथियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की पुलिस द्वारा बजरंग दल नेता के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने से नगर पंचायत कर्मी लामबंद हो गए। पुलिस द्वारा बजरंग दल नेता के खिलाफ कार्रवाई न किये जाने की शिकायत उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के राष्ट्रीय नेतृत्व से की गई जिसको लेकर शनिवार को उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के राष्ट्रीय महासचिव दीप सिंह राही के नेतृत्व मे सफाई कर्मचारी नगर पंचायत कार्यालय पर एकत्र हुए ओर चौकी पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की लेकिन पुलिस ने फिर भी बजरंग दल नेता के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की। जिससे गुस्साए नगर पंचायत कर्मियो ने नगर की सफाई व्यवस्था चौपट कर दी और कोतवाली मे धरना प्रदर्शन किया। तब कहीं जाकर पुलिस ने राजीव शर्मा की शिकायत पर बजरंग दल नेता अर्जुन गुप्ता, रवी मौर्य, विरेन्द्र कुमार उर्फ वीरू व तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू करदी जिससे नगर पंचायत कर्मी हड़ताल खत्म कर काम वापस पर लोट आये।

सायं काल मसवासी पुलिस ने अर्जुन गुप्ता को गिरफ्तार कार्यवाही करते हुए न्यायालय पेश किया।

# नवाबों के जमाने की 60 साल पुरानी मस्जिद तोड़कर हटाया अतिक्रमण



**पीडब्ल्यूडी में थी मस्जिद**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पटवाई/रामपुर।** पटवाई के सराय के लोगों ने बताया कि शाहबाद रामपुर रोड पटवाई थाने के पास मस्जिद नवाबों के जमाने की थी। सड़क चौड़ीकरण के चलते वह पीडब्ल्यूडी की जद में आ गई।

जिसे प्रशासन ने मंगलवार को पांच जेसीबी से तोड़कर अतिक्रमण हटाया है।

वहीं पास में थाने का कार्यालय को भी तोड़ा गया।

# सांसद ने किया पटवाई का दौरा, मस्जिद मजार तोड़े जाने को बताया गलत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने मंगलवार की शाम को पटवाई का दौरा किया। जहां पटवाई में मंगलवार को हाईवे पर बनी दुकानों सहित मस्जिद, मजार, मन्दिर तथा थाने की दीवार को तोड़ दिया गया था। जिसका निरीक्षण करने डीएम एसपी भी पहुंचे थे।

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने पटवाई पहुंच कर मौके पर जाकर देखा उन्होंने कहा कि प्रशासन ने गलत तरीके से मस्जिद व मजार को शहीद कर दिया है। जिला प्रशासन द्वारा कहा गया कि मस्जिद व मजार लोक निर्माण विभाग की जगह पर बनी है



जबकि पटवाई के लोगों द्वारा बताया गया की मस्जिद लगभग 80 साल पुरानी बनी हुई है और मस्जिद का इंद्राज वक्फ बोर्ड में भी है।

पटवाई के लोगों द्वारा बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा व लोक निर्माण विभाग द्वारा मस्जिद को तोड़ने का कोई कानूनी नोटिस मस्जिद कमेटी को नहीं दिया गया था बल्कि थाना पटवाई के कोतवाल द्वारा लोगों को डरा धमकाकर उनसे जबरदस्ती सादा कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए थे।

सांसद नदवी के द्वारा लोगों को आश्वासन दिया गया की मैं मस्जिद व मजार की कानूनी लड़ाई हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट तक लड़ूंगा। जिला प्रशासन द्वारा अगर किसी मस्जिद को बिना किसी नोटिस के तोड़ा जाएगा तो मैं आंदोलन करूंगा जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

सत्र शुरू होने पर मैं पटवाई मस्जिद के प्रकरण को सत्र में भी उठाऊंगा। इस मौके पर उस्मान सिद्दीकी, अकरम, नजाकत अली, शन्नू खां, खालिद, आसिम खां, मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट, हाफिज नूरी, नासिर शेख, अरशद एडवोकेट आदि लोग उपस्थित रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारी व कार्यकर्ता रामपुर अंबेडकर पार्क में एकत्र हुए किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा कर आठ सूत्र ज्ञापन जिलाधिकारी को संबोधित लेने सिटी मजिस्ट्रेट अंबेडकर पार्क में पहुंच गए। किसानों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया सभी समस्याओं का समाधान करने का आज भाषण देने पर ज्ञापन दिया गया। इससे पहले किसानों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने कहा कि किसानों का गाने का करोड़ों रुपए राणा शुगर मिल दवाई बैठी है। किसान को धान की रोपाई घर के खर्च आदि के लिए पैसे की जरूरत है तथा किस बैंक और समिति से कर्ज लेता है तो ब्याज दिया जाता है। जब किसान के पैसे की बात आती है तो प्रशासन खामोश चुप हो जाता है किसान को भी ब्याज सहित भुगतान कराए प्रशासन इस समय किसानों की धान की रोपाई का काम चल रहा है और किस को एनपीके खाद की जरूरत है जो कि सोसायटियों पर पूर्ण मात्रा में नहीं उपलब्ध है। किसान को खाद उपलब्ध कराया जाए बिलासपुर में डांडिया वन में अवैध कटान वन विभाग के अधिकारियों की देखरेख में चल रहा है। कीमती लकड़ी खैर, शागौन, शीशम आदि को रातों के अंधेरे में काट कर बेच रहे हैं। गुर्जरों के ट्रैक्टर-ट्रॉली द्वारा आरा मशीनों को सप्लाई की जा रही है तथा सुबह शाम हजारों कुंतल लकड़ी की सप्लाई की जा रही है। सरकार के राजस्व को खुला नुकसान पहुंचाया जा रहा है बिजली विभाग की मनमानी को तुरंत रोका जाए। बिलासपुर तहसील में तैनात लेखपाल यशपाल चौधरी कानून को नसीर अहमद द्वारा मोटी रकम लेकर तालाबों व सरकारी स्कूल की जमीन पर अवैध कब्जे कर दिए हैं। नया सरकारी अस्पताल मास्टर रोड के बीच में एक बड़ा तालाब था। इस पर पार्टी करने वालों से मिलकर प्लानिंग कर दी पुरानी गल्ला मंडी के पीछे तालाब पर बड़ी शाखा स्टेट बैंक के पीछे कस्बा राजपुर रोड आईटीआई भवन के निकट सरकारी स्कूल की जमीन पर कब्जा कर दिया गया है। इस मौके पर जसवीर सिंह, मोहम्मद अहमद, शकील अहमद, हरताल सिंह यादव, फरहत अली खान, रेखा रानी, उर्मिला, उषा, अंजलि, सुरेंद्र सिंह, संतोष, सूरजभान, राजपाल, भोर, वीरेंद्र सिंह, अकील अहमद, मुबारक हसन, आरिफ खान, कबीर आलम, जमाल अहमद, सतनाम सिंह, राजवीर सिंह, हरिचंद, बलजीत सिंह, शरीफ, हसीब वारसी, महिपाल सिंह, जीत सिंह, मेहर सिंह, रूप सिंह, राजवीर सिंह, हाजी शफीक अहमद आदि शामिल रहे।




## सम्बन्ध विच्छेद

मेरा पुत्र अजय जिसका एक बेटा व एक बेटी है वह बुरी संगत में पड़ गया है अपनी पत्नी व बच्चों तथा माता पिता को नहीं देखता है। जिस कारण अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है।

भविष्य में मुझसे व मेरे परिवार से उसका कोई ताल्लुक नहीं रहेगा अपने कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**रामचन्द्र पुत्र गंगाराम**
**श्रीमती नन्ही पत्नी रामचन्द्र**
**नि.पुलिस लाइन डूंगरपुर थाना गंज जिला रामपुर।**

# रिटायर कर्मी से ठगे 25 लाख

## समाज कल्याण कर्मी को भांजी व पति ने बनाया निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** समाज कल्याण विभाग के रिटायर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से जमीन के नाम पर भांजी व उसके पति समेत तीन ने 25 लाख 91 हजार 500 रूपये ठग लिये। कोर्ट के आदेश पर तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

**कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट**

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र की सुबोध नगर कॉलोनी में बृजपाल त्यागी का परिवार रहता है। 31 जुलाई 2023 को वह समाज कल्याण विभाग से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद से सेवानिवृत हुए थे। आरोप है कि गौतम बुद्ध नगर के बादलपुर थाना क्षेत्र के गांव छपरौला में मेट्रो रेल बिहार कॉलोनी की रहने वाली उनकी भांजी हंसा, अपने पति विजेंद्र त्यागी व बेटी खुशी के साथ 20 जुलाई 2023 को उनके घर आई थी। तीनों ने नोएडा में जमीन कारोबार में रुपये लगाने का झांसा देकर बृजपाल त्यागी को अपने जाल में फंसा लिया। करीबी रिश्ता होने की वजह से बात पर विश्वास करते हुए बृजपाल त्यागी ने 25 लाख 91 हजार 500 रुपये उनके बताए खाते में ट्रांसफर कर दिए। आरोपियों ने उन्हें बताया था कि जमीन नोएडा में है। साल 2024 में बृजपाल त्यागी ने नोएडा आकर जमीन देखने की बात कही तो आरोपी टालमटोल करने लगे। आखिर में परेशान होकर बृजपाल त्यागी ने अपने पैसे वापस करने को लेकर तकादा शुरू किया तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित बृजपाल त्यागी ने मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा, उन्होंने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में सीजेएम के आदेश पर विजेंद्र त्यागी, हंसा और खुशी त्यागी के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## किशोरी को ले गया युवक, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** प्रेम प्रसंग के चलते किशोरी युवक के साथ फरार हो गयी। पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां की रहने वाली एक किशोरी का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 22 जून को रात 12 बजे किशोरी घर से लापता हो गयी। सुबह होने पर जब वह दिखाई नहीं दी तो परिजनों ने तलाश की। इस बीच जानकारी की तो पता चला कि उसका प्रेमी भी घर से गायब है। किशोरी के पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का मुक. दमा दर्ज कराते उसे तलाश करने की गुहार लगायी है।

# दीपक का शव देख बदहवास हुए परिजन

## देहरादून जाने के लिए घर से निकला था मृतक, गोली मारकर की गई हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गोली मारकर की गयी हत्या में मृतक की शिनाख्त गांव गालिबबाड़ा के रहने वाले सतेन्द्र सिंह के बेटे दीपक कुमार के रूप में हुई है। मृतक शराब पीने का आदि था दो साल पहले घर छोड़कर चला गया था। सोमवार की रात वह देहरादून जाने के लिए घर से निकला था। जबकि परिजनों ने उसे तीन हजार रूपये खर्चे के लिए भी दिये थे।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव शहबाजपुर में बाहरी छोर पर नहर किनारे गांव निवासी जितेंद्र कुमार का खेत है। जिसमें उन्होंने गन्ने की बुआई कर रखी है। सोमवार सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने जित. ेंद्र कुमार के खेत में एक युवक की रक्तरंजित लाश पड़ी देखी थी। सिर में गहरा घाव था, जिसे देखकर प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा था कि जैसे गोली मारकर हत्या की गई है। पहचान छिपाने के लिए चेहरा बिगाड़ने की भी कोशिश की गई थी। गले में एक ताबीज पड़ा था जबकि एक पैर में काला धागा बंधा हुआ था।।शरीर पर कपड़े नहीं थे, युवक ने सिर्फ अंडरवियर पहन रखा था। सूचना मिलते ही एसपी अमित कुमार आनंद व सीओ सिटी शक्ति सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए थे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए थे वहीं डॉग स्क्वायड ने भी खेत में छानबीन की थी। काफी को. शिश बावजूद युवक की पहचान नहीं हो सकी थी लिहाजा पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया था। एसपी ने घटना के खुलासे के लिए चार टीम गठित की थीं। वहीं, पुलिस ने मृतक की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर लोगों से उसे पहचानने की अपील की थी। व्हाट्सऐप ग्रुप पर फोटो देखकर नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव गालिबबाड़ा के अनुज चौधरी ने गांव के ही रहने वाले सतेंद्र सिंह के बेटे दीपक के रूप में मृतक की पहचान की। साथ ही उसके घर जाकर भी सूचना दी। इसके बाद सतेंद्र अन्य परिजनों के साथ मोर्चरी पर पहुंचे। यहां उन्होंने मृतक की पहचान अपने बेटे दीपक के रूप में की। सतेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि दीपक शराब पीने का आदी था। दो साल पहले उसे डांट दिया था, जिसके बाद वह घर छोड़कर चला गया था। करीब पंद्रह दिन पहले ही वह घर लौटा था। लेकिन, घर से अक्सर गायब रहता था। सोमवार रात करीब तीन बजे दीपक देहरादून में नौकरी करने जाने की बात कहकर कपड़ों का बैग और बाइक लेकर घर से निकला था। पिता सतेंद्र सिंह से उसने खर्चे के तीन हजार रुपये भी लिए थे।

# पशुशाला से बछड़े को उठाकर ले गया तेंदुआ

## सीसीटीवी कैमरें में कैद हुई घटना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पशुशाला में बंधे बछड़े को तेंदुआ उठाकर ले गया। सीसीटीवी कैमरे में घटना देख किसान के होश उड़ गये। वन विभाग द्वारा लगाये गये पिंजरे में भी तेंदुआ नहीं फंस रहा है। जिससे ग्रामीणों में लगातार दहशत का माहौल है।

नौगावां सादात क्षेत्र के गांव कुतु. बपुर हमीदपुर में बीते दिनों तेंदुए ने हमला कर छह किसानों को घायल कर दिया था। गुस्साई भीड़ ने तेंदुए की पीट पीटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद देहात थाना क्षेत्र में उकसी मार्ग पर तेंदुए ने साइकिल सवार किसान पर हमला कर जख्मी किया था। इसके अलावा भी रजबपुर व कैलसा क्षेत्र में तेंदुए को देखा जा चुका है। वहीं, तेंदुआ को पकड़ने के लिए वन विभाग के तमाम प्रयास अभी तक नाकाम रहे हैं। ताजा मामला क्षेत्र के गांव रामनगर का है। यहां पर किसान चंद्रपाल सिंह का परिवार रहता है। उनका मकान गांव के बाहर है। सोमवार रात चंद्रपाल सिंह परिजनों के साथ घर में सो रहे थे। पशुशाला घर के दूसरे हिस्से में बनी है। बताया जा रहा है कि रात करीब ढाई बजे तेंदुआ उनके घर में घुस कर पशुशाला तक पहुंच गया। यहां से बछड़े को उठा कर ले गया। सुबह करीब चार बजे जब चंद्रपाल सिंह सोकर उठे तो उन्हें बछड़ा नजर नहीं आया। इसके बाद वह यह सोच कर फिर सो गए कि बछड़ा कहीं घर में ही होगा। मंगलवार सुबह भी बछड़ा नजर नहीं आया। शक होने पर घर पर लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी तो होश उड़ गए। तेंदुआ बछड़े को ले जाते हुए दिखाई दे रहा था। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# किशनगढ़ से वासुदेव तीर्थ तक हटवाया अतिक्रमण

## दुकान व भवन स्वामियों को दी चेतावनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका परिषद की टीम ने मौहल्ला किशनगढ़ से प्रसिद्ध श्रीवासुदेव तीर्थ तक अतिक्रमण हटवाया। नालों पर किया गया अवैध कब्जा जेसीबी की मद्द से गिरा दिया गया। जबकि दुकान व मकान स्वामियों को चेताया गया है कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

ईओ डा. ब्रिजेश कुमार ने बताया कि शासन के आदेशानुसार वर्षा से पूर्व नगर में नालों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। ताकि सड़कों पर जलभराव की समस्या पैदा न हो। लोगों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही थी कि नगर के मौहल्ला किशनगढ़ से वासुदेव तीर्थ तक नालों पर दुकानदारों व भवन स्वामियों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिस कारण बरसात का पानी सड़क पर जमा हो जाने के कारण जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है। पालि. का द्वारा इसकी जांच कराई गई। शिकायत सही पाये जाने पर आज पालिका की टीम अवर अभियंता रोहन राजा पटेल के नेतृत्व में यहां पहुंची तथा जेसीबी की मद्द से अतिक्रमण हटाया गया। टीम ने अतिक्रमणकारियों को चेताया कि यदि उन्होंने दोबारा से अतिक्रमण करने का प्रयास किया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पूर्व में ही भवन स्वामियों को अतिक्रमण हटाने को कहा गया था।

## एक नजर

### एसडीएम-सीओ ने किया ताजिये के रूट का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** आगामी मोहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को ग्राम फंदेड़ी सादात में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम विभा श्रीवास्तव एवं सीओ स्वेताभ भास्कर ने की। इस दौरान मुस्लिम धर्मगुरुओं, ताजिया कमेटियों के प्रतिनिधियों तथा ग्राम पंचायत प्रति. निधियों के साथ संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश साझा किए गए।प्रशासनिक अधिकारियों ने मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले ताजियों के रूट का भौतिक निरीक्षण भी किया तथा सुरक्षा, स्वच्छता, लाइटिंग, पेयजल आदि व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा, "मोहर्रम का त्यौहार हमारी गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह पर्व परंपरागत, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो। सभी ताजिया कमेटियां प्रशासन से सहयोग करें और तय मार्ग से ही जुलूस निकालें।" गोष्ठी में ग्राम प्रधान फाजिल जैदी, थाना प्रभारी मनोज कुमार, थाना पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी, ताजिया कमेटियों के पदाधिकारी व संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

### सांसद ने मृतक परिजनों को दी सांत्वना



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सांसद कंवर सिंह तंवर ने सड़क हादसे में जान गंवाने वाले युवकों के परिजनों को सांत्वना दी। सबसे पहले सांसद कंवर सिंह तंवर हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव फरोटा पहुंचे। यहां के रहने वाले जसमाल सिंह विथूड़ी के पुत्र कौशिन्द्र की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। सांसद ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। इसके बाद वह गांव बहापुर में महाराज सिंह के आवास पर पहुंचे। इनके पुत्र रिंकू की भी सड़क हादसे में मौत हो गई थी। सांसद ने पीड़ित परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर उनके साथ हुकम सिंह, महेश खडगवंशी, मनोज शर्मा, रमेश सिंह, रामपाल सिंह, परमाल सिंह, चमन कसाना, पिंटू भाटी, विजय सिंह, सोविन्द्र सिंह, अनिल कुमार, सरोज देवी, राजवीर, डोरी मौजूद रहे।

### पैथोलॉजी लैब संचालक की बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पैथोलॉजी लैब संचालक की चोर बाइक चोरी कर फरार हो गये। पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव दौलतपुर कलां निवासी कुंवरपाल सिंह का बेटा अनुज कुमार पैथोलॉजी लैब चलाता है। सोमवार की देर रात्रि करीब दस बजे वह नगर से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान जैसे ही वह बाइक लेकर मंगरौला गांव के नजदीक गंगा एक्सप्रेसवे पर दौलतपुर कलां गांव को जाने वाले अंडरपास के नीचे पहुंचा। इस दौरान वह बाइक खड़ी करके टॉयलेट करने के लिए चला गया। इसके बाद वह वहां पहुंचा तो उसकी बाइक गायब थी। इसके बाद पीड़ित के द्वारा 112 डायल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पीड़ित के द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई है। मामले में हल्का इंचार्ज परविंदर कुमार ने बताया कि पीड़ित के द्वारा बाइक चोरी की तहरीर दी गई है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### जापान के लिए लंगड़ा की खेप रवाना




**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** मैंगो पैक हाउस से निर्यातक फर्म आमिया फार्म फ्रेश के द्वारा लंगड़ा आम 500 किलो की पहली बार जापान के लिए रवाना की गई। निर्यातक इशांत सैनी ने बताया कि लंगड़ा वैरायटी के आम को हसनपुर से हार्वेस्ट कराया गया। फिर उसका वीएचटी ट्रीटमेंट कराया गया है।और फिर उसे जापान के लिए रवाना किया गया है। यह जापान के लिए अमरोहा पैक हाउस से पहला आम का शिपमेंट है। मंडी सचिव अरविंद कुमार और निर्यातक ईशांत सैनी ने पैक हाउस टीम के साथ लंगड़ा आम की पहली खेप को हरी झंडी दिखाकर एयरपोर्ट न्यू दिल्ली के रवाना किया। साथ ही पीपीक्यू टीम व आपेडा का सहयोग रहा।

# डींगरा बिजलीघर की क्षमता वृद्धि न हुई, तो आंदोलन

## भाकियू असली ने दी चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भारतीय किसान यूनियन असली के मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने डिंगरा बिजलीं घर की क्षमता वृद्धि 8 जुलाई तक न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी हैं। उन्होंने कहा यदि जल्द अधिकारियों ने किसानों की समस्या का समाधान नही किया तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन असली की पंचायत डिंगरा बिजलीं घर परिसर में सम्पन्न हुई। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओ पर चर्चा हुई। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष जसपाल गिल ने कहा कि किसानो की समस्या सुनने को कोई तैयार नहीं है। आज किसान हर विभाग के उत्त्पीडन से त्रस्त हैं किसान की कही सुनवाई नही हो रही है किसान दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं लेकिन समस्या का समाधान नही हो पा रहा। यूरिया की किल्लत से किसान जूझ रहा हैं लेकिन कोई सुध लेने वाला नही हैं। किसानों ने किसान सेवा सहकारी समिति की ब्याज दर सात प्रतिशत होने पर भी चिंता जताई। किसानों में कृषि विभाग से पर्याप्त मात्रा में यूरिया मुहैया कराने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी यदि जल्द सभी समस्याओ का समाधान नही हुआ तो डीएम को ज्ञापन देकर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान डूंगर सिंह, नरेश कुमार, राजेन्द्र, सचिन कौशिक, जसपाल गिल, रामवीर, मनीष यादव, शाकिर अली, खचेड़ू, सतपाल, गंगाशरण आदि मौजूद रहे

# एसपी की फर्जी आईडी बना की पैसे की डिमांड

## उड़ीसा व राजस्थान से जुड़े हैं साइबर अपराधी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आम आदमी की बात तो छोड़िये अब पुलिस अधिकारी भी साइबर ठगों के निशाने है। साइबर अपराधियों ने एसपी की फर्जी आईडी बनाकर लोगों से पैसे की डिमांड की। खुला. सा होने पर विभाग में हड़कम्प मच गया था। मामले के तार उड़ीसा व राजस्थान से जुड़े हैं। पुलिस जांच में जुटी है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

बीते महीने साइबर अपराधियों ने फेसबुक पर अमरोहा के एसपी अमित कुमार आनंद की फर्जी आईडी बना ली थी। इसके बाद लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते हुए पैसों की मांग की गई थी। सख्त जरूरत बताकर मैसेंजर के जरिए जिले के एसपी द्वारा पैसे मांगे जाने से लोग खुद हैरत में पड़ गए थे। इतना ही नहीं साइबर अपराधियों ने धोखा देने के नीयत से डीपी पर एसपी की फोटो भी लगा दी थी। लोगों ने पैसे ट्रांसफर करने के बदले इसकी जानकारी पुलिस को दे दी थी। इसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया था। वहीं, जानक. ारी पर एसपी अमित कुमार आनंद ने अपनी असली आईडी से पोस्ट शेयर कर लोगों को सतर्क किया था। किसी से भी पैसे नहीं देने की अपील की थी। साथ ही फेसबुक मुख्यालय को ई-मेल भेजकर इसकी रिपोर्ट भी की थी। एसपी के निर्देश पर तभी से साइबर थाना पुलिस फर्जी आईडी बनाने वाले साइबर अपराधियों को ट्रेस करने में जुटी थी। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि 6 मई 2025 को यूटीसी पर उनके नाम से एक फर्जी बनाई गई थी। आईडी बनाते समय एक मेल आईडी भी रजिस्टर्ड की गई थी। 26 व 27 मई को फेसबुक आईडी चलाते समय उनका आईपी एड्रेस मिला। इसके बाद दोनों आईपी एड्रेस का आईपीडीआर ट्रेस किया गया। इसके जरिए दोनों आरोपियों को वो मोबाइल नंबर मिले, जिनसे इंटरनेट इस्तेमाल किया गया था। इनमें एक मोबाइल नंबर उड़ीसा के जिला सुनीति कैंद्रपारा में बिनाखंडा निवासी लक्ष्मी प्रिया मैटी का है जबकि मेल आईडी क्रिएट करते समय सबमिट किया गया दूसरा नंबर राजस्थान के अलवर में सकत निवासी भागचंद कोहली का है। एसपी के मुताबिक कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए मामले में जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# मन्दिर जाने वाले रास्ते की सफाई हो

## जलभराव व गंदगी से श्रद्धालु परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मां चामुंडा मंदिर को जाने वाले मार्ग पर जल भराव एवं गंदगी के चलते भक्तों का निकलना दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों द्वारा एकत्र होकर प्रदर्शन कर समस्या का समाधान कराने की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखूपुर झकड़ी में स्थित मां चामुंडा मंदिर को जाने वाले मार्ग पर जल भराव एवं गंदगी के कारण ग्रामीण एवं भक्तों का आना-जाना दुश्वार हो गया है। मगलवार को ग्रामीणों ने एकत्र होकर प्रदर्शन किया। और जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है की कई बार ग्राम प्रधान से इस बारे में शिकायत की जा चुकी है लेकिन प्रधान द्वारा कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह उच्च अधिकारियों से मिलकर शिकायत दर्ज कराएंगे। प्रदर्शन करने वालों में धर्मवीर चौहान, लखपत ठाकुर, राजेश ठाकुर, राजेश ठाकुर, लो. केंद्र, मुकेश, प्रभा, संतोष, भूदेव, हरी राज, दीपक आदि मौजूद रहे।

# अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर किया रेप

## किशोरी की मां ने आरोपी के खिलाफ कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रेमी ने किशोरी को झांसे में लेकर अश्लील फोटो खींच लिये। जबकि आपत्तिजनक हालत में वीडियो भी बना ली। जिन्हें वायरल करने की धमकी दे उसने कई बार पीड़िता के साथ रेप किया। किशोरी की मां ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। एफआईआर के मुताबिक गांव के ही रहने वाले इंतेखाब ने करीब एक साल पहले किसान की नाबालिग बेटी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होने लगी, अक्सर वीडियो कॉल भी करते थे। आरोप है कि मुलाकात के बहाने बुलाकर युवक ने किशोरी के साथ शारीरिक संबंध बना लिए। इस दौरान इंतेखाब ने किशोरी के अश्लील फोटो खींच लिए। इतना ही नहीं आपत्तिजनक हालत में उसका वीडियो भी बना लिया। बाद में इन्हीं फोटो को वायरल करने की धमकी देकर कई बार रेप किया। इंतेखाब के उत्पीड़न से परेशान किशोरी ने परिजनों को आपबीती बता दी। इसके बाद किशोरी की मां ने मामले की शिकायत इंतेखाब के परिजनों से की तो उसने अश्लील फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। इंतेखाब और उसके परिजनों ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। सोशल मीडिया पर वीडियो फोटो वायरल होने के बाद किशोरी गुमसुम रहने लगी। मामले में किशोरी की मां ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में आरोपी इंतेखाब के खिलाफ दुष्कर्म, आईटी एक्ट व पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# वेंक्टेश्वरा का जर्मन एकेडमी के साथ शैक्षणिक अनुबंध



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय का विश्व की सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी संस्थान 'जर्मन एकेडमी ऑफ डिजीटल ऐजुकेशन' के साथ शैक्षणिक अनुबंध हुआ है। इस ऐतिहा. सिक शैक्षणिक अनुबंध में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में दोनों संस्थान हाइड्रोजन तकनीक एवं सोलर एनर्जी टेक्नोलॉजी के साथ फाईव-जी एडवान्स तकनीक पर फैकल्टी ऐक्सचेंज प्रोग्राम एवं स्टूडेन्ट एक्सचेंज प्रोग्राम पर संयुक्त रूप से काम करेंगे। मंगलवार को जर्मन एकेडमी ऑफ डिजीटल ऐजुकेशन के इण्डिया हेड मिस्टर अमित दास एवं रीजनल मैनेजर एनबी रॉय ने विश्वविद्यालय प्रबन्धन के साथ 'साझा समझौता पत्र' पर हस्ताक्षर कर एक दूसरे के साथ 'एमओयू एक्सचेंज किया। श्री वेंक्टेश्वरा विवि के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि ने कहा कि, जर्मन एकेडमी के साथ इस ऐतिहासिक शैक्षणिक अनुबन्धसे वेंक्टेश्वरा में नवाचारों के साथ उच्च तकनीक को बढ़ावा मिलेगा। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि शोध, नवाचारों एवं अनुभवी विदेशी जर्मन फैकल्टी के बेस्ट एक्सपोजर के दम पर 'वेंक्टेश्वरा स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग' को 'सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विक. सित करेंगे। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के कुलवति प्रो. कृष्ण कान्त दवे ने कहा कि, हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी, फाईव जी केनेक्टिविटी, सोलर एनर्जी जैसे अत्याधुनिक तकनीक के प्रशिक्षण से हमारे इंजीनियरिंग एवं एग्रीकल्चर में छात्र-छात्राओं को विदेशों में रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस मौके पर श्री जर्मन एकेडमी ऑफ डिजीटल ऐजुकेशन के इण्डिया हेड अमित दास, रीजनल मैनेजर एनबी रॉय, कुलसचिव पीयूष पाण्डेय, समूह सलाहकार प्रो.आरएस शर्मा, डॉ. राजेश सिंह, डॉ.एसएन साहू, डॉ. राजवर्द्धन, डॉ.अश्विन सक्सेना, डॉ.ओमप्रकाश गोसाई मौजूद रहे।

# साइबर अपराधियों को सिम बेचने वाले दो शातिर 6 फर्जी सिम समेत पकड़े



**कोसीकलां।** पुलिस ने मंगलवार देर रात दो साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। उनके पास से छह सिम कार्ड तथा दो एक्टिव सिम कार्ड, 6 आधार कार्ड बरामद किए है।

पकड़े गए आरोपी इन सिम कार्ड को साइबर अपराध करने वाले गिरोहों के सदस्यों को बेच देते थे।पुलिस ने चौकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कोसी शाहपुर रोड पर बुखरारी में मछली के तालाब के पास से तालिबान तथा साकिर निवासी नगला सिरौली को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से साइबर अपराधियों को बेचने हेतु 6 फर्जी मोबाइल सिम कार्ड तथा दो फर्जी मोबा. इल सिम कार्ड (चालू) तथा 6 आधार कार्ड बरामद किए है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह और उसके साथी मजदूरों की बस्तियों में कैनोपी लगाते थे।

वहां मजदूरों को नई सिम के आकर्षक ऑफर का लालच देकर उनके अंगूठे का निशान ले लेते थे। इन मजदूरों के नाम पर सिम एक्टिवेट कराई जाती थी। फिर इन सिम को साइबर अपराध करने वाले गिरोहों को 700 रुपये प्रति सिम के हिसाब से बेच दिया जाता था। वह अपने साथियों के जरिए यह सिम साइबर अपराधियों तक पहुंचाता था। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी है। इस गिरफ्तारी से साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## एसडीएम को दिया पत्र, एक व्यक्ति पर लगाया खेत से मिट्टी चोरी कर बेचने का आरोप

**जेवर।** मंगरौली रोड़ निवासी सुन्दर सिंह निर्मल ने उपजिलाधिकारी जेवर को पत्र देकर जेवर के ही मौहल्ला कोठेतरिया निवासी एक सभासद पर खेत से खनन कर मिटटी चोरी किए जाने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस पर मिटटी चोरी कर बेचने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगाया है। मंगरौली रोड़ जेवर निवासी सुन्दर सिंह निर्मल ने उपजिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि वर्तमान में वह परिवार सहित मेरठ के सरधना में रह रहा है उसने भगवन्तपुर छातंगा जेवर स्थित अपना खेत संख्या 518 रकबई 0.8680 हैक्टेयर जेवर के मौहल्ला कोठेतरिया निवास संजय पुत्र पदम सिंह नामक पार्षद को मुठठे (जिन्स) पर दे रखा था। उसने उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाकर उनके खेत से तकरीबन साढ़े तीन फुट गहरी समस्त खेत की मिटटी खनन कर चोरी छिपे बेच दी जानकारी होने पर उनकी पत्नी सोनी निर्मल ने संजय से मिटटी खनन कर खेत में गडढे किए जाने के सम्बन्ध में बात की तो वह उल्टे उनकी पत्नी से बदतमीजी पर उतरकर भददी भददी गाली गलोंच पर उतर जान से मारने की धमकी देने लगे। जिसके बाद उनकी पत्नी सोनी निर्मल द्वारा संजय के खिलाफ एक शिकायती पत्र जेवर पुलिस को दिया गया और पोर्टल पर भी शिकायत अपलोड़ कराई गई आरोप है कि थाना पुलिस ने उस पर कोई कार्यवाही नहीं वल्कि निस्तारण कर अन्य किसी के नम्बर पर मेसेज भेज दिया। आरोप है कि उक्त संजय उन्हें बार बार भुगत लेने की धमकी दे रहा है उन्होंने एसडीएम जेवर को पत्र देकर कार्यवाही कराने की मांग की है।

# नगर निगम में जनसुनवाई हुई 21 शिकायतें पहुंची



**मथुरा।** मंगलवार को सुबह 10 बजे से जनरल गंज स्थित नगर निगम मथुरा वृंदावन कार्यालय में नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा जनसुनवाई की गई एवं भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह द्वारा जनसुनवाई की गई तथा वृंदावन जोनल कार्यालय में सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नगर आयुक्त द्वारा सभी शिकायतकर्ताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 21 शिकायत प्राप्त हुईं जिनमें सीवर सफाई व पेयजल से संबंधित दो, नजूल विभाग से संबंधित दो, अतिक्रमण से संबंधित सात, स्वास्थ्य विभाग शौचालय सफाई की आठ, स्ट्रीट लाइट की दो तथा दो शिकायतें निर्माण से संबंधित प्राप्त हुयी। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराया जाये। जनसुनवाई में अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, कल्पना सिंह चौहान सहायक नगर आयुक्त, अनुज कौशिक सहायक नगर आयुक्त, नरेंद्र कुमार मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, हेमेंद्र गौतम सहायक अभियंता जल, जोनल सेनेटरी ऑफिसर महेशचंद्र, मुनि देव अवर अभियंता निर्माण आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# मैंथा की फसल नष्ट करने में छह नामजद

### मिट्टी डालकर आरोपियों ने खेत किया समतल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** थाना क्षेत्र के गांव वाजिदपुर मजरा सुल्तानपुर में कृषि भूमि पर खड़ी मेंथा की फसल नष्ट करने और आरसीसी पिलर उखाड़ने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव शहबाजपुर डोर निवासी मिथलेश पत्नी तपेश कुमार की कृषि भूमि वाजिदपुर मजरा सुल्तानपुर में स्थित है। आरोप है कि 16 जून को मुकेश, विपिन, रामवीर, कौशिंद्र, जोगेंद्र और रामवती ने उनकी भूमि पर खड़ी मेंथा की फसल को जोतकर नष्ट कर दिया। आरोपियों ने मौके पर मिट्टी डालकर खेत को समतल कर दिया। घटना की जानकारी के बाद मिथलेश द्वारा की गई शिकायत पर 19 जून को राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवाया। टीम की देखरेख में खेत की सीमाओं को चिन्हित करते हुए चारों ओर आरसीसी के 25 पिलर लगवाकर भूमि का कब्जा मिथलेश को वापस दिलाया गया। हालांकि, पीड़िता का आरोप है कि कुछ ही दिनों में नामजद आरो. पियों ने दोबारा मौके पर पहुंचकर सभी पिलर उखाड़ दिए। 21 जून को जब वह अपने पति के साथ खेत पर पहुंचीं, तो उन्हें इसकी जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने फिर से पुलिस से शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग की। थाना गजरौला प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि मिथलेश की शिकायत पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सेवा भारती ने किया प्रतिभाशाली बालिकाओं का सम्मान मेहंदी प्रतियोगिता में 123 बालिकाओं ने लिया हिस्सा



**कोसीकलां।** सेवा भारती के तत्वाधान में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 126 बालिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता की विजयी बालिकाओं को सम्मानित किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित प्रतियोगिता का आरम्भ कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल किशोर, गोकुल चंद खंडेलवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित करके किया। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बालिकाओं में छिपी प्रतिभा निखरकर आती है। प्रतियोगिता में चारुल, सोनिया, राधिका, नैंसी, खुसी, कोमल, पायल, सिया, तन्वी समेत 30 बालिकाओं को सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका दिव्या शर्मा, रंजना, नम्रता आदि ने निभाई। अनिल, राजेश सुपा. नियां, मनोज. राकेश पुष्पा, सपना आदि का सहयोग रहा।

## साढ़े तीन घंटे की कार्रवाई में हाइवे से सकुशल बरामद किया बालक

**मथुरा।** थाना फरह पुलिस ने गुमशुदा बालक को साढे तीन घण्टे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया। सोमवार को शाम को करीब 8 बजकर 20 मिनट पर थाना फरह पर कपिल कटारा पुत्र लाल. हंश निवासी बांकेबिहारी धाम कालोनी थाना फरह ने अपने परिचितों के साथ आकर सूचना दी कि उनका पुत्र देव कटारा उम्र करीब 13 वर्ष जो कक्षा आठ का छात्र है अपनी रेंजर साइकिल से दोपहर साढे तीन बजे से ट्यूशन के लिये गया हुआ था जो अभी तक वापस नहीं आया है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक द्वारा आवश्यक जानकारी लेकर उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई। अभियोग पंजीकृत करने की कार्यवाही कराते हुए थाना से तीन टीमों का गठन किया। इसके बाद बालक के घर के आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों और फोन कॉल के जरिये बालक की लोकेशन ट्रेस की। बालक ग्राम फतिहा के पास एनएच 19 पर कस्बा फरह की ओर आता हुआ दिखाई दिया। जिसको सकुशल ग्राम फतिहा कट के पास से बरामद किया गया।

# रात के अंधेरे में कोई न आया बचाने, बाइक के साथ जिंदा जल गए जिगरी दोस्त

**मथुरा।** मांट क्षेत्र में मांट वृंदावन रोड पर हाथी बाबा आश्रम के समीप हुए दर्दनाक हादसे में दो युवक जिंदा जल गये। घटना रात के समय करीब एक बजे हुई। रात के सन्नाटे में कोई उन्हें बचाने नहीं आया। करीब आधा घंटे तक दोनों युवक आग में जलते रहे। सूचना पर पहुंची दमकल और पुलिस टीम ने आग को बुझा कर युवकों को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों युवक करीबी दोस्त थे और एक साथ हलवाई का काम करते थे। शादियों में दावत तैयार का ठेका भी लेते थे। युवकों ने इसी दिन नई अपाचे खरीदी थी और रात को मोटरसाइकिल के साथ ही दोनों जल गये। हादसा हाथी बाबा आश्रम के पास बाइक के बिजली के खंभे से टकराने के कारण हुआ। बिजली का खम्भा भी टूट गया अैर बाइक में आग लग गई। दोनों युवक भी आग की चपेट में आ गये। दोनों युवकों की पहचान मांट के जहांगीरपुर गांव के लखन (27) और तेजपाल (24) के रूप में हुई है। लखन के छोटे भाई साव सिंह उर्फ बाबू ने बताया कि लखन ने 23 जून को वृंदावन से नई बाइक खरीदी थी। इसके बाद वह घर से मांट गया था। मांट थाना प्रभारी निरीक्षक जसबीर सिंह ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे में बिजली का खंभा भी टूट गया। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि मांट में हाथी बाबा मंदिर के पास एक बाइक बिजली के पोल से टकरा गई थी। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया है। मौके पर सीसीटीवी की तलाश की जा रही है।

# अधिशासी अधिकारी घर से ही चला रही नगर पंचायत कार्यालय

### ईओ पूजा सिंह पर नगर पंचायत सिवाल और शाहजहांपुर से दूरी बनाने का आरोप

- लोग बोले जनता का फोन उठाना पसंद नहीं करती ईओ
- दो महीने पहले हो चुका अधिशासी अधिकारी पूजा सिंह का रामपुर ट्रांसफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शाहजहांपुर और सिवाल नगर पंचायत की जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी पूजा सिंह को मिली हुई है। यहां पर होने वाले विकास कार्यों के साथ-साथ जनहित के कामों को भी अधिशासी अधिकारी को देखना होता है और सरकारी आदेश के अनुसार नगर पंचायत के क्षेत्र में ही अधिशासी अधिक. ारी को अब स्टे करना होता है जिसको लेकर योगी सरकार सख्त है।

वहीं इस मामले मे ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन भी योगी सरकार ने लिए हैं लेकिन उसके बावजूद अधिशासी अधिकारी पूजा सिंह ने आजकल अपने आवास को ही सरकारी कार्यालय मे तब्दील कर दिया है। वह अपने आराम की खातिर अपने घर को ही नगर पंचायत का ऑफिस बना बैठी हैं। नगर पंचायत शाहजहांपुर और सिवाल खास में आना जाना अब उन्हें पसंद नहीं है।

उन्होंने नगर पंचायत के कर्मचारियों की ड्यूटी भी अपने आवास पर फाइल लाने और ले जाने की लगा रखी है जबकि नियम के अनुसार उन्हें प्रतिदिन सरकारी कार्यालय में जाकर अपना काम करना है, उसके बावजूद वह ना तो सिवाल खास जाती हैं और ना ही शाहजहांपुर के विकास कार्य में कोई रुचि दिखा रही हैं। साथ ही साथ दोनों नगर पंचायत की किसी समस्या को लेकर कोई व्यक्ति उन्हें फोन करता है तो वह फोन उठाना भी गवारा नहीं समझतीं जिसको लेकर लोगों में अब नाराजगी भी दिख रही है। अधिशासी अधिक. ारी पूजा सिंह पूरी तरह अपनी नौकरी के कर्तव्य को भूलकर अपने आराम पर ध्यान दे रही हैं जिससे योगी सरकार की छवि खराब हो रही है। साथ ही साथ अधिशासी अधिकारी पूजा सिंह पर पेमेंट की फाइलों को रोकने और अन्य कामों पर हस्ताक्षर न करने के आरोपी भी लग रहे हैं। कई कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वह फाइलों को लेकर बहुत चक्कर कटाती हैं और अधिकतर पेमेंट से जुड़ी फाइलों को जानबूझकर रोकती हैं ताकि जिसका पेमेंट है वह परेशान होकर संपर्क करें और संपर्क करने के बाद किसी का कुछ भला हो सके।

दोनों नगर पंचायत के लोगों का कहना है कि अधिशासी अधिकारी पूजा सिंह नगर पंचायतों से पूरी तरह दूरी बनाकर सरकारी नियम कायदे कानून को ताक पर रख रही हैं। वहीं सूत्रों का कहना है कि जब किसी को घर बैठे मेवा मिल रहा है तो वह गर्मी में सरकारी काम के लिए क्यों निकले और क्यों पसीना बहाए।

साथ ही साथ जब ट्रांसफर के संबंध में एडीएम प्रशासन से जानकारी हासिल करनी चाी तो उनका फोन भी रिसीव नहीं हो सका।

### दो महीने पहले हो गया था रामपुर ट्रांसफर

इसी के साथ-साथ बताया जाता है कि अधिशासी अधिक. ारी पूजा सिंह का ट्रांसफर अप्रैल माह में रामपुर के स्वर में हो गया था लेकिन उसके बावजूद वह दो-दो नगर पंचायत का चार्ज लेकर अभी तक मेरठ में डटी हुई हैं जबकि शासनादेश के अनुसार उन्हें तत्काल रूप से मेरठ की नगर पंचायत से कार्य मुक्त कर दिया गया था लेकिन उसके बावजूद मेरठ के डीएम और एडीएम प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

अब इसके पीछे किसका कितना फायदा है यह तो मेरठ के अधिकारी ही बता सकते हैं लेकिन एक बात साफ दिखाई दे रही है कि अधिशासी अधिकारी पूजा सिंह योगी सरकार की ताकत से भी ऊपर हैं क्योंकि वह ट्रांसफर होने के दो महीने बाद भी मेरठ में बनी हुई हैं और इतना होने के बाद भी वह नगर पंचायत में जाना पसंद नहीं करती और सिर्फ खानापूर्ति के लिए जाती हैं जबकि शाहज. हांपुर गए उन्हें महीनो हो जाते हैं। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि मेरठ में अधिशासी अधिकारी ने अपने दम पर इतना बड़ा खेल कैसे किया कि ट्रांसफर होने के दो महीने बाद तक वह अपनी सीट पर जमी हुई हैं, इसके पीछे आखिर किसका हाथ है। इस संबंध में जब अधिशासी अधिकारी से बात करनी चाी तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

# सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी संस्थान जर्मन एकेडमी ऑफ डिजीटल ऐजुकेशन के साथ किया शैक्षणिक अनुबंध

- वेंक्टेश्वरा स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में करेंगे विकसित: डॉ. राजीव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान का इंजीनियरिंग एवं एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों के लिए विश्व की सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी कम्पनी जर्मन एकेडमी ऑफ डिजीटल ऐजुकेशन के साथ लेटेस्ट टेक्नोलॉजी फाईव-जी कनेक्टिविटी, हाइड्रोजन तकनीक एवं सोलर एनर्जी तकनीक पर स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम एवं फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए शैक्षणिक अनुबंध हो गया है। इस ऐतिहासिक शैक्षणिक अनुभव के तहत दोनो देशो के छात्र-छात्राएं कृषि एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक दूसरे देशो के तकनीक से रूबरू होगे। इस आशय की जानकारी आज इस एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद एक दूसरे के साथ एक्सचेंज होने पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने दी। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में आयोजित एम.ओ.यू. साईनिंग सेरेमनी समारोह का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, जर्मन एकेडमी के इण्डिया हेड प्रो. अमित दास, रीजनल मैनेजर एन.बी. रॉय, कुलसचिव पीयूष पाण्डेय आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके एवं समझौता पत्र एक दूसरे के साथ एक्सचेंज करके किया। इस अवसर पर समूह सलाहकार प्रो. आर.एस. शर्मा, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. एस.एन. साहू, डॉ. राजवर्द्धन, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. ओमप्रकाश गोसाई, डॉ. धीरज दुवे, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. रामकुमार, डॉ. श्रीराम गुप्ता, डॉ. अनिल जायसवाल, डॉ. योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ. एल. एस. रावत, डारेक्टर लीगल देव प्रताप सिंह, डॉ. सुमन, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप सिंह, विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।



# शेड्यूल के हिसाब से किसानों को मिले बिजली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानू ने आधार कार्ड संशोधन के नाम पर गड़बड़ी किये जाने का आरोप लगाते हुए शेड्यूल के मुताबिक बिजली आपूर्ति किये जाने की मांग की है।

मंगलवार को ब्लॉक परिसर में स्थित एसडीएम कार्यालय के सामने भारतीय किसान यूनियन भानू की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आधार कार्ड संशोधन एवं शेड्यूल के मुताबिक बिजली सप्लाई की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू भानू के युवा जिला अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कहा कि जो घरेलू विद्युत कनेक्शन है उनका बिल अत्यधिक मीटर द्वारा ज्यादा निकाला जा रहा है। उनको तत्काल सही कराया जाए। किसान आयोग का गठन किया जाये। किसानों का शीघ्र कर्जा माफ किया जाये। वही नगर में आधार कार्ड संशोधन नहीं हो पा रहे है। जिससे लोगों के सामने समस्या उत्पन्न हो गई है। कहा कि अगर किसानों की समस्याओं का समय से समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन भानू संगठन घोर आंदोलन करेगा। उसके बाद एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन भी प्रेषित किया गया। बैठक में राजीव कुमार, सतपाल सिंह, इरशाद मलिक,लव कुश कुमार, जमशेद चौधरी, हरपाल सिंह, राहुल चौहान,कोमल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्कूलों को मर्ज करने का आदेश वापस लिया जाए

### प्राथमिक शिक्षक संघ ने उठाई मांग

**हसनपुर।** प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्कूलों को मर्ज करने के आदेश वापस लेने की मांग की। मंगलवार को आयोजित बैठक में परिषदीय स्कूलों के मर्ज करने का प्राथमिक शिक्षक संघ ने खुलकर विरोध किया। और उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की गई कि परिषदीय स्कूलों को मर्ज करने के आदेश को तत्काल निरस्त किया जाये।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि शासन द्वारा आदेश जारी कर कम छात्र संख्या वाले परिषदीय स्कूलों को निकटवर्ती स्कूलों में मर्ज करने का निर्णय लिया है। जिसका उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ विरोध प्रकट करता है। उन्होंने बताया कि जनपद में 10 छात्र संख्या तक नामांकित परिषदीय स्कूलों को बंद कर दूसरे स्कूलों में मर्ज करने का आदेश जारी किया गया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आईसीसी ने पंत को लगाई फटकार

## हेडिंग्ले में बॉल नहीं बदलने पर अंपायर पर भड़के थे, नियम के उल्लघंन पर दिया एक डिमेरिट पाइंट




**लीड्स, वार्ता।** टीम इंडिया के उप कप्तान ऋषभ पंत को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने फटकार लगाई है। साथ ही एक डिमेरिट पाइंट भी दिया है। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर है। वे हेडिंग्ले टेस्ट में तीसरे दिन बाल बदलने के लिए फील्ड अंपायर से भिड़ गए थे।

काउंसिल के मुताबिक पंत ने आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल-1 का उल्लंघन किया है और इसके लिए उन्हें एक डिमेरिट पाइंट दिया गया है। पेनल्टी के तहत कोई आर्थिक जुर्माना नहीं लगाया गया है। पंत लिए यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था। 24 महीने के भीतर 4 डिमेरिट पाइंट मिलने पर खिलाड़ी पर एक मैच का सस्पेंशन लग जाता है। पंत ने अपनी गलती मान ली है और आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच के रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा उन पर लगाई गई सजा को भी स्वीकार कर लिया है। मुकाबले के तीसरे दिन हुई थी घटना इंग्लिश पारी के 61वां ओवर मोहम्मद सिराज डालने आए। ओवर की तीसरी बाल की बाद बुमराह ने बाल को लेकर अंपायर से शिकायत की। अंपायर से गेंद को बाल चेकर (गेज) में डालकर जांचने को कहा। हालांकि, गेंद पास हो गई। इसके बाद ओवर की पांचवीं बाल पर हैरी ब्रूक ने आगे निकलकर चौका लगा दिया। इसके बाद पंत ने भी गेंद को लेकर दूसरे अंपायर से शिकायत की। गेंद एक बार फिर गेज टेस्ट में पास हो गई, लेकिन पंत इससे नाराज दिखे। उन्होंने गुस्से में गेंद को दूर फेंक दिया। गेज टेस्ट में बाल की साइज नापी जाती है। आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के मुताबिक, लेवल-1 और लेवल-2 के उल्लंघन पर 1 से 2 डिमेरिट पाइंट्स के साथ शून्य से 50 फीसदी मैच फीस लगती है। लेवल-3 के उल्लंघन करने पर 6 टेस्ट और 12 वनडे का सस्पेंशन मिलता है। पंत पर 1 डिमेरिट पाइंट का जुर्माना लगाया गया है।

वहीं अगर कोई खिलाड़ी 24 महीने में चार या ज्यादा डिमेरिट पाइंट जमा करता है, तो वे सस्पेंशन पाइंट में बदल जाते हैं, जिसके बाद खिलाड़ी पर एक टेस्ट या दो वनडे या दो टी-20 मैचों का बैन लग सकता है। डिमेरिट पाइंट 24 महीने तक रिकॉर्ड में रहते हैं।

### ब्रुक ने प्रसिद्ध को उकसाया

● **भारतीय पारी के दौरान कहाः क्या तुम्हें छक्का मारना आता है, अगली ही गेंद पर कैच आउट हुए कृष्णा**

**लीड्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में मैच के दौरान की एक घटना काफी चर्चा में है। दरअसल, भारतीय पारी के दौरान इंग्लैंड के हैरी ब्रुक ने प्रसिद्ध कृष्णा को उकसाने की कोशिश की और इसमें वह कामयाब भी हो गए। भारत को आखिरी झटका प्रसिद्ध के रूप में लगा। वह खाता नहीं खोल सके। भारत की दूसरी पारी के 96वें ओवर में शोएब बशीर गेंदबाजी कर रहे थे। इस ओवर की पांचवीं गेंद पर स्लिप में खड़े हैरी ब्रुक ने प्रसिद्ध से कहा कि क्या आप लंबे-लंबे छक्के लगा सकते हैं? इस पर प्रसिद्ध मुस्कुराए और उन्होंने जवाब दिया कि अगर मुझे करना होता तो मैं ब्रूक कहलाता। इसके बाद अगली गेंद पर प्रसिद्ध ने बड़ी हिट लगाने की कोशिश की और डीप मिड विकेट में जोश टंग को कैच थमा बैठे।

# ऋषभ पंत ने बैटिंग का स्टाइल बदला और इतिहास रचा

● **कोच बोलेः पहले हर बॉल पर आक्रामक होते थे, अब डिफेंसिव खेले बाहर जाती गेंदे छोड़ी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय उप कप्तान ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में भी शतक लगाया। वे एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जमाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने। पंत ने पहली पारी में 134 रन और दूसरी पारी में 118 रन बनाए। इंग्लैंड टेस्ट में उनके बल्ले से ऐसे ही रन नहीं निकले हैं। इसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत और बल्लेबाजी स्टाइल में किए बदलाव अहम वजह है। पंत के सोनेट क्लब में कोच रहे देवेंद्र शर्मा ने दैनिक भास्कर को बताया कि उन्होंने डिफेंस और ड्राइव पर काम किया। धैर्य से खेलने और शाट्स चयन पर काम किया देवेंद्र शर्मा ने दैनिक भास्कर को बताया कि ऑस्ट्रेलिया और उसके बाद आईपीएल में उनके बल्ले से रन नहीं निकल रहे थे। वह काफी निराश थे। उनकी आलोचना की जा रही थी। पंत ने मुझसे से बात. चीत की। फिर हम दोनों ने रिव्यू किया और पाया कि कुछ चीजों पर काम करने की जरूरत है। सबसे पहले यह तय हुआ कि टेस्ट में उन्हें धैर्य से खेलना होगा और शाट सेलेक्शन पर काम करना होगा। बाहर जाती हुई गेंदों को छोड़ना होगा और अच्छे गेंद को सम्मान देना होगा। इसके लिए पंत ने रोजाना 2.30 से 3.00 घंटे प्रैक्टिस की। खुद को मानसिक रूप से भी इसके लिए तैयार किया। क पंत इंग्लैंड में पहली पारी से अपने नेचर के विपरीत खेलते नजर आए। वह शुरू से ही डिफेंसिव मोड में खेले। पहले वह हर बाल पर आक्रामक रहते थे, वहीं अब उन्होंने धैर्य रखना सीख लिया है और शाट सेलेक्शन में सावधानी बरती। ऐसा नहीं है कि पंत ने आक्रामक शैली को छोड़ दिया है, पर अच्छी गेंद को सम्मान देना शुरू कर दिया और खराब गेंदों पर शाट्स लगाना शुरू कर दिया है। उन्होंने डिफेंस और ड्राइव पर अच्छा काम किया है। यही कारण है कि दोनों ही पारियों में वह शतक लगाने में सफल रहे। कार एक्सीडेंट के बाद पंत खुद दोबारा क्रिकेट खेलने को लेकर डाउट में थे शर्मा बताते हैं कि 2022 के आखिरी दिन दिल्ली से रुड़की जाते हुए कार एक्सीडेंट में पंत को काफी चोटें आई थी। उनके घुटने की लिगामेंट टूट गई। जब मैं उन्हें देहरादून में देखने गया, तो मुझे भी लगा कि अब क्रिकेट खेलना मुश्किल हो सकता है।

# दोनों पारियों में शतक जमाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बने ऋषभ

● **जो रूट ने टेस्ट में 210 कैच पूरे किए, इस मामले में रूट ने राहुल द्रविड़ की बराबरी की**

**लीड्स, वार्ता।** भारत ने एंडरसन -तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रन का टारगेट दिया है। मैच के चौथे दिन भारतीय टीम दूसरी पारी में 364 रन पर आलआउट हो गई।

लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में स्टंप्स तक इंग्लैंड ने बिना किसी नुकसान के 21 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड जीत से 350 रन दूर है। ऋषभ पंत पहले भारतीय विकेटकीपर बने, जिन्होंने टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाया। जो रूट ने टेस्ट में 210 कैच पूरे किए, उन्होंने इस मामले में राहुल द्रविड़ की बराबरी की। सुनील गावस्कर ने पंत को सेंचुरी के बाद जंप लगाने को कहा। टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड में एक मैच में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में अब ऋषभ पंत का नाम भी शामिल हो गया है।

यह रिकॉर्ड उन्होंने एंड्रयू फ्लिंटाफ (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, एजबेस्टन, 2005) और बेन स्टोक्स (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, लाड्र्स, 2023) के साथ साझा किया है। इन सभी ने इंग्लैंड में एक टेस्ट मैच में 9-9 छक्के लगाए हैं। इस टेस्ट मैच में भारत की ओर से 5 अलग-अलग बल्लेबाजों ने शतक लगाए, जो भारतीय टेस्ट इतिहास में पहली बार हुआ है। यह टेस्ट क्रिकेट में छठी बार है, जब किसी टीम के पांच बल्लेबाजों ने एक ही टेस्ट में शतक लगाए हों। इसके साथ ही भारत दूसरी टीम बन गई है जिसने बाहर (विदेश में) खेलते हुए ऐसा कारनामा किया है। इससे पहले ऐसा केवल 1955 में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ किंग्स्टन में किया था। केएल राहुल ने करियर का 9वां शतक लगाया।

उन्होंने इंग्लैंड में अपनी तीसरी सेंचुरी लगाई। वे 137 रन बनाकर आउट हुए। ऋषभ पंत पहले भारतीय बल्लेबाज हैं, जिन्होंने इंग्लैंड में टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाया। वे ओवरआल सातवें भारतीय हैं जिन्होंने ये कारनामा किया। पंत टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में भी शतक लगाया। वे एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जमाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने। दुनिया में उनसे पहले यह कारनामा सिर्फ जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर ने किया है। फ्लावर ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ साल 2001 में हरारे टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जमाया था। पंत ने पहली पारी में 134 रन और दूसरी पारी में 118 रन बनाए। टेस्ट मैच में किसी भारतीय विकेटकीपर द्वारा सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अब ऋषभ पंत के नाम है। उन्होंने लीड्स टेस्ट में 134 और 118 रन की पारियां खेलकर कुल 252 रन बनाए।

खेल विशेष

## पूर्व क्रिकेटर दिलीप दोशी का निधन हुआ



**77 साल की उम्र में लंदन में ली आखिरी सांस, पहले टेस्ट में लिए थे 5 विकेट**

**लंदन, वार्ता।** भारत के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का लंदन में दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया। वह 77 साल के थे। दिलीप दोशी के परिवार में पत्नी कालिंदी, बेटा नयन, और बेटी विशाखा है। दोशी उन नौ भारतीय क्रिकेटरों में से एक थे जिन्होंने अपने पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर दिलीप ने भारत के लिए कुल 33 टेस्ट मैच खेले और 114 विकेट अपने नाम किए। इसमें छह बार पांच विकेट हाल भी उन्होंने लिए थे। भारत के लिए खेले 15 वनडे मैचों में उन्होंने 22 विकेट लिए। दिलीप ने सौराष्ट्र और बंगाल के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेली। उन्होंने इंग्लैंड की वार्विकशर और नाटिंघमशर के लिए भी क्रिकेट खेला। 32 साल की उम्र में किया डेब्यू दोशी ने 32 साल की उम्र में भारत के लिए डेब्यू किया था। उन्होंने 80 के दशक में चुपचाप से क्रिकेट को अलविदा कह दिया था क्योंकि वह उस समय भारतीय क्रिकेट के संचालन से नाराज थे। उन्होंने अपनी आटोबायोग्राफी भी लिखी है जिसका नाम 'स्पिन पंच' हैं। साल 1981 में मेलबर्न में खेले गए टेस्ट मैच में दिलीप ने भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।



# केकमैनोविच को हराकर इवांस लेक्सस ईस्टबोर्न ओपन के दूसरे दौर में

**वाइल्ड कार्ड एंट्री के रूप में खेल रहे इवांस ने केकमैनोविच को 3-6, 6-4 व 6-4 से हराया**

**लंदन, वार्ता।** ब्रिटेन के डैन इवांस ने लेक्सस ईस्टबोर्न ओपन में सार्बिया के मिओमिर केकमैनोविच को हराकर टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा।

वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप में खेल रहे 35 वर्षीय खिलाड़ी इवांस ने सोमवार को दो घंटे नौ मिनट तक चले मुकाबले में विश्व के 49वें नंबर के खिलाड़ी मिओमिर केकमैनोविच को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली है। केकमैनोविच ने पहले सेट में दो बार इवांस की सर्विस तोड़ी, लेकिन दूसरे सेट की शुरुआत में ब्रिटिश खिलाड़ी ने वापसी करते हुए जीत दर्ज की और उसके बाद तीसरा गेम भी जीत कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अगले दौर में इवांस का मुक. ाबला अमेरिकी दूसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी टॉमी पॉल से होगा।

# अगले डोमेस्टिक सीजन में मुंबई से नहीं खेलेंगे पृथ्वी शॉ



● **मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से एनओसी मांगा, एमसीए बोला- हम जल्द ही फैसला लेंगे**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शा अगले डोमेस्टिक सीजन में मुंबई से नहीं खेलेंगे। 25 साल के शा ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) से नो-आब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) मांगा है। शा पिछले कुछ समय से रेड बाल टीम से बाहर हैं।

एमसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि शा की ओर से एनओसी मांगने वाला एक लेटर मिला है। एमसीए सूत्र ने बताया, हां, हमें उनका एक लेटर मिला है और इसे मंजूरी के लिए शीर्ष परिषद को भेज दिया गया है और उम्मीद है कि शाम तक इस पर निर्णय ले लिया जाएगा। लेटर में शा ने लिखा कि वे मुंबई टीम में बिताए समय के लिए आभारी हैं, जिसके लिए उन्होंने 2017 में डेब्यू किया था, लेकिन अब वह आगे बढ़ना चाहते हैं। पृथ्वी शा का डोमेस्टिक क्रिकेट करियर शुरुआत से ही बेहद शानदार रहा है। उन्होंने 2017 में मुंबई की ओर से रणजी ट्रॉफी में फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया और पहले ही मैच में शतक जड़ दिया। फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में उन्होंने लगातार अच्छे प्रदर्शन किए और 3000 से ज्यादा रन बना चुके हैं। टी-20 फार्मेट में भी उन्होंने मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेला है। शा ने डोमेस्टिक क्रिकेट में रणजी, दलीप और विजय हजारे तीनों ही प्रमुख टूर्नामेंटों में डेब्यू मैच में शतक लगाया। इसके अलावा वह 2018 में भारत की अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता टीम के कप्तान भी रहे। शा को 2021 से टीम इंडिया में मौका नहीं मिला 2018 में भारत को अपनी कप्तानी में अंडर-19 वर्ल्ड कप जिता चुके पृथ्वी शा ने 2018 में ही इंटरनेशनल डेब्यू भी कर लिया था। उन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट में ही शतक लगाया। उन्होंने जुलाई 2021 में श्रीलंका के खिलाफ आखिरी इंटरनेशनल मैच वनडे के रूप खेला और तब से ही वह भारत के लिए कोई मुकाबला नहीं खेल सके।

# पाल्मेरास की इंटर मियामी फीफा क्लब विश्वकप के नॉकआउट चरण में जगह पक्की

● **लुइस सुआरेज ने 65वें मिनट में गोल कर स्कोर दोगुना कर दिया**

**फ्लोरिडा, वार्ता।** इंटर मियामी ने लियोनेल मेस्सी फीफा क्लब विश्वकप में पाल्मेरास के साथ 2-2 से ड्रॉ खेलकर नॉकआउट चरण में जगह बना ली। इंटर मियामी ने सोमवार को खेले गये मुकाबले में पहले हॉफ में 16वें मिनट में टैडियो एलेंडे के गोल से पाल्मेरास पर शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद लुइस सुआरेज ने 65वें मिनट में गोलकर स्कोर दोगुना कर दिया, लेकिन मैच के अंतिम मिनटों में मियामी की ओर से दागे गये दो गोल के कारण मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। नॉकआउट चरण में इंटर मियामी का सामना यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा।

# टी-ब्रेक तक इंग्लैंड का स्कोर 269/4

● **रूट-स्टोक्स नाबाद, शार्दूल ने डकेट-ब्रुक के विकेट लिए, भारत ने 371 रन का टारगेट दिया**

**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड ने एंडरसन -तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 4 विकेट पर 269 रन बना लिए हैं। टीम को आखिरी सेशन में जीत के लिए 102 रन की जरूरत है। जो रूट और बेन स्टोक्स नाबाद हैं। शार्दूल ठाकुर ने बेन डकेट (149 रन) और हैरी ब्रूक (0) को कैच आउट कराया। प्रसिद्ध कृष्णा ने ओली पोप (8रन) और जैक क्राली (65 रन) के विकेट झटके। मंगलवार को लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे मुकाबले का आखिरी दिन है। इंग्लैंड ने 21/0 के स्कोर से खेलना शुरू किया। भारत ने इंग्लिश टीम को 371 रन का टारगेट दिया है। पहली पारी में इंग्लैंड 465 और भारत 471 रन पर आलआउट हो गई। भारत को पहली पारी में 6 रन की बढ़त मिली थी। 5वें दिन के दूसरे सेशन में भारतीय टीम ने वापसी की। टी-ब्रेक तक इंग्लैंड का स्कोर 269/4 है। इंग्लिश टीम को आखिरी सेशन में 102 रन बनाने हैं। जो रूट और बेन स्टोक्स की जोड़ी नाबाद है। 55वां ओवर डाल रहे शार्दूल ठाकुर ने लगातार दो बाल पर दो विकेट झटके। उन्होंने ओवर की तीसरी बाल पर बेन डकेट को सब्सिट्यूट नीतीश कुमार रेड्डी के हाथों कैच कराया। डकेट 149 रन बनाकर आउट हुए। ओवर की चौथी बाल पर हैरी ब्रूक को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। ब्रूक खाता भी नहीं खोल सके। शार्दूल ने इस ओवर में महज 3 रन खर्च किए। वे हैट्रिक पर थे, लेकिन बेन स्टोक्स ने 3 रन लेकर अपना खाता खोल लिया। 371 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 250 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। बेन डकेट शतक बनाकर खेल रहे हैं। 45वें ओवर में इंग्लैंड ने दूसरा विकेट भी गंवा दिया है। यहां ओली पोप 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने बोल्ड कर दिया। प्रसिद्ध ने अपने पिछले ओवर में जैक क्राली को आउट किया था। 43वें ओवर में इंग्लैंड ने पहला विकेट गंवाया। यहां जैक क्राली 65 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें केएल राहुल के हाथों कैच कराया। प्रसिद्ध ने इंग्लिश ओपनर्स की 188 रनों की साझेदारी को ब्रेक किया। इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। हालांकि, कुछ ही देर में बारिश बंद हो गई और मैच दोबारा शुरू हो गया। बेन डकेट ने टेस्ट क्रिकेट में छठा शतक पूरा कर लिया है।उन्होंने 40वां ओवर डाल रहे रवींद्र जडेजा की चौथी बाल पर चौका लगाकर सेंचुरी पूरी की। 39वें ओवर की आखिरी बाल पर बेन डकेट को जीवनदान मिला। बेन डकेट ने पुल शाट खेला लेकिन गेंद टाप-एज होकर हवा में गई। मिडविकेट पर खड़े यशस्वी जायसवाल दौड़कर गेंद तक पहुंचे और डाइव लगाई, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में भारत के खिलाफ 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। बेन डकेट ने 37वां ओवर डाल रहे जसप्रीत बुमराह की पहली बाल पर चौका लगाकर स्कोर 150 पार पहुंचाया।

# अनाहत-चिनप्पा की जोड़ी एशियाई स्क्वैश चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

**जोहोर, वार्ता।** अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई स्क्वैश युगल चैंपियनशिप 2025 के महिला वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। यहां एरिना एमास में खेले गए मुकाबले में अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलीपींस की जेमिका एरिबाडो और यवोन एलिसा डालिडा की जोड़ी को मात्र 12 मिनट में 2-0 (11-6, 11-3) से हराया। भारत की अन्य महिला युगल जोड़ी, पूजा अर्थी रघु और रथिका सीलन ने अपने पूल बी मैच में सिंगापुर की विक्की यू यिंग लाई और ग्रेसिया चुआ रुई एन को 2-0 (11-8, 11-9) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, वे अपना क्वार्टर फाइनल मैच मलेशिया की आइना और यी शिन यिंग से 2-0 (11-7,11-8) से हार गई और वे अब प्लेसमेंट राउंड में पांचवें से आठवें स्थान को लेकर स्पर्धा करेगी। पुरुष युगल वर्ग में गत चैंपियन अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में कोरिया गणराज्य के लमवु ली और जूयंग ना के खिलाफ 2-1 (10-11, 11-3, 11-5) से जीत दर्ज की। दूसरी ओर, रवि व गुहान की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में हांगकांग के चेउक नाम लाई और वैलोक टो के खिलाफ 2-0 (11-6, 11-8) से हार का सामना करना पड़ा।


## सम्पादकीय

बुधवार, 25 जून 2025

# सीजफायर पर संशय

मंगलवार की सुबह एक अच्छी खबर आई। जिसमें ईरान व इजरायल के बीच छिड़े संघर्ष में 12वें दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यह घोषणा की कि दोनों देशों के बीच सीजफायर हो गया और यह मंगलवार की सुबह से लागू हो गया। हालांकि इस बीच ऐसी भी खबरें आईं जिसमें दोनों देशों द्वारा संघर्ष विराम का उल्लंघन करने की बात सामने आई, लेकिन कुल मिलाकर स्थिति नियंत्रण में आती दिखाई दी। अब देखना यह है कि सीजफायर कब तक चलता है, क्योंकि ईरान व इजरायल के बीच अविश्वास की बहुत बड़ी कमी है और किसी की तरफ से जरा सी चूक सीजफायर को तोड़ने का कारण बन सकती है। सीजफायर के बाद अब यह कयास भी लगने शुरू हो गए हैं कि इस जंग में कौन जीता कौन हारा। सच तो यह है कि इस जंग ने कई मिथक को तोड़ा है। नुकसान-फायदे एक तरफ रखते हुए यह बात अब दावे के साथ कही जा सकती है कि इजरायल की साख इस संघर्ष से बुरी तरह प्रभावित हुई है। ईरान की मिसाइलों को इजरायल के एयर डिफेंस सिस्टम रोकने में जहां नाकाम रहे, वहीं इजरायल भी ईरान के परमाणु संयंत्रों को निशाना बनाने के बाद भी आश्वस्त दिखाई नहीं देता कि उसने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोक दिया है। इजरायल ही नहीं बल्कि अमेरिका भी जिसने 22 जून को ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों पर हमला किया, जिसमें उसने बी/2 विमानों तक का प्रयोग किया वह भी आश्वस्त नहीं है कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को काफी नुकसान पहुंचा चुका है। यह बात अलग है कि वह यह दावा कर रहा है कि उसका हमला सफल रहा, लेकिन वहां परमाणु रिएक्टर विकिरण के कोई संकेत नहीं मिले। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि उसके परमाणु ठिकानों को कोई खास नुकसान नहीं पहुंचा। इस सीजफायर को इजरायल व ईरान दोनों ही अपने-अपने नजरिये से देख रहे हैं। अब दोनों ही अपने आपको विजयी मुद्रा में बता रहे हैं। अब किसका कितना नुकसान है यह तो आने वाले वक्त में ही पता चलेगा, लेकिन जैसाकि हमने कहा कि ईरान ने इजरायल को इस युद्ध में जबरदस्त टक्कर दी, जिसको अपनी वायु सुरक्षा प्रणाली पर गुमान था वह कई बार असहाय दिखाई दिया। अमेरिका और पश्चिमी देश मिलकर भी इजरायल की साख नहीं बचा पाएगा। जहां तक बात ईरान की है, सीजफायर के बाद भी ईरान का वही नजरिया दिखाई दे रहा है। जो वह पहले कहता रहा है। ईरान ने कहा है कि वह झुका है ना झुकेगा। कभी किसी के सामने सरेंडर नहीं करेगा और यदि उस पर हमला होता है, तो उसका मुंहतोड़ जवाब देगा और सबसे बड़ी बात जो ईरान की तरफ से देखने में आई है वह यह कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे नहीं हटेगा। जबकि सारे झगड़े की जड़ भी उसका परमाणु कार्यक्रम ही है। ईरान और अमेरिका खुलकर यह बात कह चुके हैं कि वह किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देंगे। ऐसे में देखना होगा कि यह सीजफायर कितना टिकाऊ रह पाता है। यूं भी अभी सीजफायर ही हुआ है अभी आगे किसी तरह की कोई वार्ता नहीं हुई है। असली पता तभी चलेगा जब दोनों पक्षों में वार्ता होगी।

## राज्यसभा सचिवालय से कोई ई-मेल नहीं मिला



इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव को कथित घृणास्पद भाषण मामले में राज्यसभा सचिवालय से ऐसा कोई ईमेल नहीं मिला है, जिसमें पुष्टि की गई हो कि पिछले छह महीनों के दौरान उनके आधिकारिक ईमेल पर तीन बार नोटिस भेजा गया है, इस संबंध में नोटिस 13 दिसम्बर 2024 को प्रस्तुत किया गया था, मैंने सभापति धनखड़ से कई बार मुलाक.ात की है, लेकिन उन्होंने न्यायमूर्ति यादव को हटाने के नोटिस पर मेरे हस्ताक्षरों के सत्यापन का मुद्दा कभी नहीं उठाया, जबकि पूरी प्रक्रिया का प्रस्तुतकर्ता और आरंभकर्ता मैं ही हूं, शेखर यादव को हटाने के लिए 55 सांसदों ने प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन उनमें से एक सदस्य सरफराज अहमद के हस्ताक्षर नोटिस पर दो बार हैं।

**-कपिल सिब्बल, वरिष्ठ अधिवकता**

# नशीली दवाओं के विरुद्ध महत्वकांक्षी युद्ध





ललित गर्ग

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 26 जून को नशीली दवाओं मुक्त दुनिया को निर्मित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने, कार्रवाई और सहयोग को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य गलत सूचनाओं का मुकाबला करना और नशीली दवाओं के बारे में तथ्यों को साझा करना है।

साथ ही साक्ष्य आधारित रोकथाम, स्वास्थ्य जोखिमों और विश्व नशीली दवाओं की समस्या, उपचार और देखभाल से निपटने के लिए उपलब्ध समाधानों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। अवैध ड्रग्स एवं तस्करी मानव के लिए बहुत बड़ी पीड़ा एवं संकट का स्रोत हैं। सबसे कमजोर लोग, खास तौर पर युवा लोग, इस संकट का खामियाजा भुगतते हैं। ड्रग्स का इस्तेमाल करने वाले और नशे की लत से जूझ रहे लोग अंधेरी दुनिया में भटकते हुए कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के खुद के हानिकारक प्रभाव, उनके द्वारा झेला जाने वाला कलंक, स्वास्थ्य संकट और भेदभाव और अक्सर उनकी स्थिति के प्रति कठोर और अप्रभावी प्रतिक्रियाएं दुनिया को एक महासंकट में धकेल रही है। इसलिए नशे एवं नशीली दवाओं के बढ़ते प्रचलन एवं तस्करी को रोकने के लिए दुनिया को एकजुट होकर इस महत्वाकांक्षी युद्ध को सफल बनाना नितांत अपेक्षित है।

हर साल संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) वैश्विक जागरूकता अभियानों और नीति सिफारिशों का मार्गदर्शन करने के लिए एक थीम निर्धारित करता है। 2025 की थीम है- जंजीरों को तोड़ना सभी के लिए रोकथाम, उपचार और पुनर्प्राप्ति। यह नारा सामुदायिक समर्थन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी से निपटने में वैश्विक एकजुटता की आवश्यकता पर जोर देता है। यूएनओडीसी की विश्व मादक पदार्थ रिपोर्ट 2020 के अनुसार, वर्ष 2018 में वैश्विक स्तर पर 269 मिलियन लोगों ने मादक पदार्थों का उपयोग किया, जो वर्ष 2009 की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है तथा अनुमान है कि 35 मिलियन लोग मादक पदार्थ उपयोग विकारों से पीड़ित हैं। यह दिवस न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और वैकल्पिक आजीविका सहित रोकथाम में निवेश का आह्वान करता है-जो टिकाऊ लचीलेपन के निर्माण के साथ उन्नत एवं स्वस्थ मानव जीवन का आधार हैं। दुनिया में सभी राष्ट्रों में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, सभी देशों में बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि दुनिया नशीले पदार्थों की राजनीति के युग से गुजर रही है। इसलिए भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। जिससे समय के साथ दुनिया में हेरोइन, अफीम, गांजा, चरस के अलावा अन्य नशों के साथ कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन बढ़ने लगा है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग और अवैध तस्करी वैश्विक स्तर पर चिंता का विषय बनी हुई है, जिससे लाखों व्यक्ति, परिवार और समाज प्रभावित हो रहे हैं। इसीलिए यह दिवस एक स्वस्थ और नशीली दवाओं से मुक्त समाज बनाने के लिए साक्ष्य-आधारित नीतियों, सामुदायिक सहभागिता और नुकसान कम करने की रणनीतियों के महत्व पर प्रकाश डालता है। पिछले वर्ष विश्वभर में 15-64 वर्ष की आयु के 300 मिलियन से अधिक लोगों ने नशीले पदार्थों का उपयोग किया है। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकार से पीड़ित 8 में से 1 व्यक्ति को उपचार मिल पाता है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंच की तत्काल आवश्यकता उजागर होती है। वैश्विक नशीली दवाओं का व्यापार प्रतिवर्ष 400 बिलियन डॉलर से अधिक उत्पन्न करता है, जिससे संगठित अपराध, भ्रष्टाचार और हिंसा को बढ़ावा मिलता है।

इस बड़े संकट की रोकथाम की आवश्यकता को महसूस करते हुए ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 7 दिसम्बर, 1987 को संकल्प 42/112 के माध्यम से आधिकारिक तौर पर इस दिवस को स्थापित किया। इसका लक्ष्य नशीली दवाओं से संबंधित समस्याओं से निपटने में वैश्विक सहयोग को मजबूत करना और दंडात्मक उपायों के बजाय सार्वजनिक स्वास्थ्य-आधारित प्रतिक्रियाओं को बढ़ावा देना है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग शरीर में लगभग हर प्रणाली को प्रभावित करता है, जिससे गंभीर अल्पकालिक और दीर्घकालिक परिणाम सामने आते हैं। मादक द्रव्यों के सेवन से दीर्घकालिक स्वास्थ्य स्थितियां पैदा होती हैं, जिसमें ओपिओइड, मेथ और सिंथेटिक ड्रग्स सबसे ज्यादा मृत्यु दर और दीर्घकालिक अंग क्षति का कारण बनते हैं। इसके अलावा, नशीली दवाओं के दुरूपयोग के मान.सिक स्वास्थ्य परिणाााम उपयोगकर्ता से परे तक फैल जाते हैं, जिससे अक्सर परिवार टूट जाते हैं, रोजगार छिन जाता है और अपराध दर बढ़ जाती है।

भारत में नशीली दवाओं का दुरुपयोग एक बढ़ता हुआ संकट है, जो भौगोलिक रूप से कमजोर, बढ़ती उपलब्धता और कम उम्र में इसकी शुरुआत से प्रेरित है। यह समस्या सभी आयु समूहों में फैली हुई है, लेकिन युवाओं में यह विशेष रूप से चिंताजनक है, जिसके स्वास्थ्य और सामाजिक परिणाम महत्वपूर्ण हैं। नशा मुक्त भारत अभियान-जागरूकता, शिक्षा और साम.ुदायिक कार्रवाई वाला एक राष्ट्रीय अभियान है। सीमा नियंत्रण और नारकोटिक्स ब्यूरो (एनसीबी)- बढ़ते नशीली दवाओं एवं नशे उत्पादों की तस्करी से निपटता है। यह नशीली दवाओं की जब्ती और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर काम करता है। नशे एवं ड्रग्स के धंधे की रोकथाम एवं जन-जागृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में उल्लेखनीय उपक्रम किए हैं, नई-नई योजनाओं को लागू किया है। मोदी सरकार नशीली दवाओं के दुरुपयोग के शिकार लोगों के कल्याण, नशामुक्ति एवं नशामुक्त भारत को निर्मित करने के प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान ने भारत में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स को व्यापक स्तर पर फैलाया है, जिसके दुष्परिणाम विशेषत: पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड़ रही है, देर आए दुरस्त आए की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में ड्रग्स-फ्री इंडिया अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। देश के युवा अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमा.रियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं, पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने जीवन के अस्तित्व पर चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नए तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी के चक्र को तोड़ने के लिए समन्वित दीर्घकालिक कार्रवाई की आवश्यकता है।

# मध्य प्रदेश में उठाएं समुद्री बीच का मजा

**हनुवंतिया बीच मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा वाटर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सैलानी सिर्फ मोटरबोटिंग, गोताखोरी, जेट स्कीइंग, सर्फिंग और जोरबिंग के अलावा हॉट एयर बैलूनिंग और पैरा एक्टिविटीज जैसी शानदार और मजेदार एक्टिविटी के लिए पहुंचते हैं। हर साल हनुवंतिया आइलैंड में जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक शामिल होते हैं।**



मध्य प्रदेश का गठन साल 1956 में हुआ था। यह देश के सबसे बड़े राज्यों में शामिल एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य भी है। देश के मध्य में स्थित मध्य प्रदेश में कई ऐसी खूबसूरत और शानदार जगहें मौजूद हैं, जहां पर सिर्फ देशी ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटक भी घूमने के लिए पहुंचते रहते हैं। मध्य प्रदेश में भोपाल से लेकर इंदौर तक, ग्वालियर, मांडू, ओरछा और जबलपुर जैसी कई ऐतिहासिक जगहें हैं, जिनके बारे में लगभग हर कोई जानता है। वहीं मध्य प्रदेश में हनुवंतिया एक ऐसी जगह है, जहां पर आप बीच का लुत्फ उठा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हनुवंतिया की खूबसूरती और इसकी खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं।

**हनुवंतिया**

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में इंदिरा सागर बांध के पास हनुवंतिया स्थित है। यह खंडवा शहर से करीब 45 किमी दूरी पर मौजूद है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से हनुवंतिया करीब 233 किलोमीटर दूर है। वहीं इंदौर से करीब 138 किमी, देवास से करीब 195 किमी और उज्जैन से 197 किमी दूर है।

**इस जगह की खासियत**

बता दें कि इंदिरा सागर बांध के बैकवाटर में स्थित हनुवंतिया मध्य प्रदेश की एक मनमोहक जगह है। हनुवंतिया को कई लोग आइलैंड या हनुवंतिया टापू के नाम से भी जानते हैं। इस जगह की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि लोग इसको एमपी का शमिनी गोवाश भी कहते हैं।

यह जगह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ एक फेमस पर्यटन स्थल माना जाता है। यहां पर गर्मियों में भारी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। हनुवंतिया टापू नीले रंग के पानी और खूबसूरती के कारण गोवा की याद दिलाता है। वहीं मानसून में हनुवंतिया की खूबसूरती अपने चरम पर होती है।

**सैलानियों के लिए क्यों है खास**

गर्मियों में हनुवंतिया को मध्य प्रदेश को एक परफेक्ट पॉइंट माना जाता है। खासकर वीकेंड में भारी संख्या में पर्यटक घूमने और पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं। हनुवंतिया का शांत और शुद्ध वातावरण पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है। यह जगह अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर एक्टिविटी के लिए जाना जात है। यहां पर कई लोग सिर्फ एडवेंचर एक्टिविटी करने के लिए पहुंचते हैं।

**वॉटर स्पोर्ट्स के लिए है फेमस**

बता दें कि हनुवंतिया बीच मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा वाटर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सैलानी सिर्फ मोटरबोटिंग, गोताखोरी, जेट स्कीइंग, सर्फिंग और जोरबिंग के अलावा हॉट एयर बैलूनिंग और पैरा एक्टिविटीज जैसी शानदार और मजेदार एक्टिविटी के लिए पहुंचते हैं। हर साल हनुवंतिया आइलैंड में जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक शामिल होते हैं।

**आसपास घूमने की जगहें**

बता दें कि हनुवंतिया के आसपास कई शानदार और खूबसूरत जगहें मौजूद हैं। जिनको आप ट्रिप के दौरान एक्सप्लोर कर सकते हैं। जैसे इंदिरा सागर बांध, घंटाघर, गौरी कुंज, नागचून बांध खंडवा, तुलजा भवानी माता मंदिर को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

...साभार प्रभ.

# ग्लूटेन इंटॉलरेंस पर रोटी खाने से भी करना पड़ता है परहेज



अच्छे स्वास्थ्य के लिए खान-पान में सुधार करना बेहद जरूरी होता है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक सभी लोगों को आहार में पौष्टिक चीजें, नट्स-सीड्स और साबुत अनाज को भरपूर मात्रा में शामिल करना चाहिए। भारतीय भोजन साबुत अनाज और चावल-रोटी आम अनाज है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ लोगों को इस तरह के आम दैनिक चीजों के सेवन से भी समस्या हो सकती हैं। विशेषतौर पर जिन खाद्य पदार्थों में ग्लूटेन की मात्रा पाई जाती है, वहीं इसका सेवन करने से शरीर के लिए समस्या बढ़ाने वाली हो सकती है। इस स्थिति को मेडिकल भाषा में ग्लूटेन इंटॉलरेंस कहा जाता है।

ग्लूटेन इंटॉलरेंस एक ऐसी स्वास्थ्य स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को ग्लूटेन नामक प्रोटीन को पचाने में परेशानी होती है। यह प्रोटीन मुख्यतरू गेहूं, जौ और राई जैसे खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। इसलिए ऐसे व्यक्तियों को ब्रेड, पास्ता, रोटी-पराठा और बिस्किट जैसी चीजें खाने से भी परहेज करना पड़ता है।

**ग्लूटेन इंटॉलरेंस और इसके मामले**

आंकड़ों पर नजर डालें, तो पता चलता है कि भारत में करीब अनुमानत: 6 से 8 मिलियन लोग सीलिएक डिजीज से पीड़ित है, जोकि ग्लूटेन इंटॉलरेंस का एक रूप है। ऐसे में अगर आप ग्लूटेन वाली चीजों का सेवन करते हैं, तो आपको बार-बार पेट में सूजन, गैस बनना, डायरिया, कब्ज, पेट में दर्द, थकावट, कमजोरी और स्किन पर चकत्ते जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

वहीं कुछ लोगों को बिना सीलिएक डिजीज के बिना भी ग्लूटेन वाली चीजों से एलर्जी हो सकती है।

**क्यों होता है ग्लूटेन इंटॉलरेंस**

विशेष रूप से ग्लूटेन इंटॉलरेंस, नॉन-सीलिएक ग्लूटेन सेंसिटिविटी एक ऐसी स्थिति है। जिसमें शरीर ग्लूटेन के प्रति असामान्य प्रतिक्रिया करता है। हालांकि यह क्यों होता है, इसके सटीक वजहों को पूरी तरह से नहीं समझा जा सका है। लेकिन एक्सपर्ट की मानें तो पर्यावरणीय कारक, गट माइक्रोबायोम और आनुवंशि.कता सहित कई कारक जिम्मेदार हो सकते हैं।

कुछ शोध बताते हैं कि ग्लूटेन इंटॉलरेंस गेहूं और अन्य ग्लूटेन युक्त अनाज में कुछ कार्बोहाइड्रेट को पचाने में समस्या के कारण भी हो सकती है। यह कार्बोहाइड्रेट आंत में किण्वित होने लगती हैं, जिसके कारण गैस, सूजन और पेट दर्द जैसे लक्षण हो सकते हैं।

**आप तो नहीं हैं इसका शिकार**

कहीं आप भी ग्लूटेन इंटॉलरेंस नहीं हैं, इसका पता लगाने के लिए कुछ खास लक्षणों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। अगर आपको सामान्य खाना जैसे गेंहू या जौं से बनी चीजें खाने के बाद पेट में दर्द, दस्त या कब्ज, गैस और सिरदर्द की समस्या हो जाती है, तो सावधान हो जाना चाहिए। वहीं कुछ लोगों को इन चीजों को खाने से स्किन पर लाल चकत्ते हो सकते हैं। अगर अक्सर खाना खाने के बाद आपको यह समस्या हो रही हैं, तो फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**ग्लूटेन इंटॉलरेंस के उपाय**

बता दें कि सीलिएक डिजीज का पता लगाने के लिए सीरोलॉजिकल टेस्ट या फिर आंतों की स्थिति का पता लगाने के लिए कुछ टेस्ट किए जाते हैं। जिससे पता चलता है कि आपको यह समस्या क्यों हो रही है। ऐसे में अगर आपको ग्लूटेन इंटॉलरेंस की समस्या होती है तो आपको कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए। हालांकि इस समस्या के लिए कोई दवा नहीं है, सिर्फ ग्लूटेन फ्री डाइट से दूरी बनाना ही बचाव का उपाय है। इस समस्या वाले लोगों को गेहूं, जौ, राई और इनसे बने उत्पादों से परहेज करने की सलाह दी जाती है। ग्लूटेन इंटॉलरेंस वाले लोगों के लिए चावल, मक्का, बाजरा, ज्वार और कुट्टू जैसे विकल्प अच्छे हो सकते हैं। लेकिन इसके बारे में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## क्या है ग्लूटेन कैसे करता है काम

ग्लूटेन एक प्रोटीन है जो गेहूं, जौ और राई जैसे अनाजों में पाया जाता है। यह खाद्य पदार्थों को उनकी बनावट और आकार देने में मदद करता है। कुछ लोगों को ग्लूटेन से एलर्जी या संवेदनशीलता हो सकती है, जिसके कारण सीलिएक रोग या गैर-सीलिएक ग्लूटेन संवेदनशीलता जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**ग्लूटेन क्या है?**

ग्लूटेन प्रोटीन का एक संयोजन है जो प्राकृतिक रूप से गेहूं, जौ और राई में पाया जाता है। यह इन अनाजों से बने खाद्य पदार्थों को एक साथ बांधने और उन्हें एक विशिष्ट बनावट देने में मदद करता है। ग्लूटेन ब्रेड, पास्ता, और अन्य बेक्ड वस्तुओं को उनका आकार और लचीलापन देता है।

**ग्लूटेन से संबंधित समस्याएं**

**सीलिएक रोग**- यह एक ऑटोइम्यून बीमारी है जिसमें ग्लूटेन के सेवन से छोटी आंत को नुकसान होता है।

**गैर-सीलिएक ग्लूटेन संवेदनशीलता**-यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें ग्लूटेन के सेवन से पेट दर्द, सूजन, थकान और अन्य लक्षण हो सकते हैं।

**ग्लूटेन मुक्त आहार**- कुछ लोग ग्लूटेन से संबंधित समस्याओं से बचने के लिए ग्लूटेन मुक्त आहार का पालन करते हैं। ग्लूटेन मुक्त आहार में, वे खाद्य पदार्थों से परहेज करते हैं जिनमें ग्लूटेन होता है, जैसे कि गेहूं, जौ और राई से बने उत्पाद। इसके बजाय, वे चावल, मक्का, क्विनोआ, और अन्य ग्लूटेन मुक्त अनाज और खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं।

**ग्लूटेन मुक्त आहार के संभावित लाभ**- सीलिएक रोग और गैर-सीलिएक ग्लूटेन संवेदनशीलता वाले लोगों के लिए लक्षणों से राहत।

...साभार प्रभ.

# ट्रम्प की नोबेल की हसरतें रह गई अधूरी

## यूक्रेनी सांसद और पाकिस्तान ने भी दिखाई पीठ



- ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन युद्ध को मात्र 24 घंटे में खत्म कराने का वादा किया था
- कई नेताओं ने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की है
- विदेश मंत्री इशाक डार के साइन वाला अनुशंसा-पत्र नोबेल समिति को भेजा जा चुका है

**कीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 'नोबेल पीस प्राइज' के लिए नामित करने वाले यूक्रेनी सांसद ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। यूक्रेन की संसदीय विदेश समिति के प्रमुख ओलेक्सांद्र मेरेज़ूको ने मंगलवार को न्यूजवीक से कहा कि उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच सीजफायर सुनिश्चित करने की उनकी क्षमता में किसी भी प्रकार का विश्वास और आस्था खो दी है।

मेरेज़ूको ने कहा कि हाल के सप्ताहों में यूक्रेनी राजधानी पर बड़े पैमाने पर हुए हमलों पर ट्रम्प की कोई प्रतिक्रिया नहीं थी। उन्होंने तुष्टिकरण का रास्ता चुना है। ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन युद्ध को मात्र 24 घंटे में खत्म कराने का वादा किया था। मगर, रूस ने हाल के हफ्तों में यूक्रेन पर विनाशकारी हमले जारी रखे हैं। इतना ही नहीं सीजफायर समझौते पर पहुंचने की कोशिशें भी थमी हुई हैं। इतना ही नहीं ईरान के 3 प्रमुख परमाणु केंद्रों फोर्दो, इस्फहान और नतांज पर अमेरिका द्वारा हाल ही में किए गए हमलों के बाद पाकिस्तान के भी सुर बदले हैं। पाकिस्तान में राजनीतिक हलकों और प्रमुख हस्तियों के बीच राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कई नेताओं ने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की है। पाकिस्तानी सरकार ने एक चौंकाने वाला फैसला लेते हुए कहा था कि वह भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान शांति प्रयासों के मद्देनज़र ट्रम्प को 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करेगी। विदेश मंत्री इशाक डार के साइन वाला अनुशंसा-पत्र नोबेल समिति को भेजा जा चुका है। हालांकि अमेरिकी हमलों के बाद इस फैसले पर कड़ी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई-एफ) प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, राष्ट्रपति ट्रम्प का शांति का दावा अब झूठा साबित हो चुका है। सरकार को नोबेल नामांकन की सिफारिश तत्काल वापस लेनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तानी नेतृत्व ट्रम्प की सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से हालिया मुलाकात और डिनर से अत्यधिक प्रभावित होकर यह फैसला ले बैठा। फजल ने सवाल उठाया, जो नेता फलस्तीन, सीरिया, लेबनान और अब ईरान पर इजरायल समर्थित हमलों का समर्थन करता हो, वह शांति का प्रतीक कैसे हो सकता है? पूर्व सीनेटर और विदेश नीति विश्लेषक मुशाहिद हुसैन सैयद ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, ट्रम्प अब संभावित शांतिदूत नहीं, बल्कि युद्ध भड़काने वाले बन गए हैं। सरकार को इस अनुशंसा को तत्काल रद्द कर देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया था कि ट्रम्प इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और युद्ध लॉबी के प्रभाव में आकर अपने कार्यकाल की सबसे बड़ी भूल कर रहे हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसद अली मुहम्मद खान ने भी एक्स पर पुनर्विचार करें लिखते हुए अमेरिकी हमलों और गाजा में इजरायल द्वारा जारी हिंसा को लेकर अमेरिका की भूमिका की आलोचना की। पीटीआई ने इन हमलों को बिना उकसावे के आक्रामक कार्रवाई बताया और ईरान की संप्रभुता के समर्थन में आवाज उठाई।

# गाजा: राशन लाइन पर एयरस्ट्राइक, 25 की मौत

## फलस्तीनियों ने इजरायली सेना पर लगाया आरोप

- इजरायली सेना टैंक और ड्रोन्स से लोगों पर गोलीबारी कर रही थी

**गाजा।** गाजा में राशन भरे ट्रकों का इंतजार कर रहे लोगों पर हुई गोलीबारी में 25 फलस्तीनियों की मौत हो गई। चश्मदीदों और अस्पतालों ने आरोप लगाया है कि ये गोलीबारी इजरायली सेना की तरफ से की गई। हालांकि इजरायली सेना ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

अर्बन नुसीरत शरणार्थी कैंप में स्थित अवदा अस्पताल ने बयान जारी कर बताया कि फलस्तीनी नागरिक वादी गाजा के दक्षिण में सलाह ए दीन रोड पर राशन के ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक गवाह ने बताया कि जब लोगों ने ट्रकों की तरफ बढ़ना शुरू किया तो इजरायली सेना ने लोगों पर गोलीबारी कर दी। एक व्यक्ति ने बताया कि यह नरसंहार था। इजरायली सेना टैंक और ड्रोन्स से लोगों पर गोलीबारी कर रही थी। कई लोग मारे गए या घायल हुए हैं। एक अन्य गवाह ने बताया कि लोगों की भीड़ के ऊपर ड्रोन्स उड़ रहे थे और लोगों पर नजर रख रहे थे। जैसे ही लोगों ने ट्रकों की तरफ बढ़ना शुरू किया तो टैंक और ड्रोन्स से गोलियां चलने लगीं। वह बेहद भयावह मंजर था। अवदा अस्पताल ने बताया है कि 146 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 62 की हालत गंभीर है। गंभीर रूप से घायलों को दूसरे अस्पतालों में भिजवाया गया है। मध्य गाजा के दीर ए बलाह में स्थित अल-अक्सा अस्पताल में छह लोगों के शव पहुंचे हैं।

### गाजा में दूरसंचार सेवा ईंधन की कमी से फिर से बंद हो सकती है: संयुक्त राष्ट्र

**गाजा सिटी।** गाजा में कई दिनों से बंद महत्वपूर्ण दूरसंचार को मरम्मत के बाद चालू कर दिया गया है , लेकिन ईंधन की कमी के कारण यह फिर से बंद हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र (संरा) के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने सोमवार को चेतावनी दी। ओसीएचए ने कहा कि सप्ताहांत में, क्षतिग्रस्त फाइबर केबल की मरम्मत के बाद गाजा में दूरसंचार बहाल कर दिया गया। आपातकालीन राहत के समन्वय और जीवन बचाने के लिए आवश्यक मानवीय टीमों के पास 24 घंटे से अधिक समय तक अपेक्षाकृत स्थिर कनेक्टिविटी रही है।

# ट्रम्प प्रशासन को संघीय न्यायालय से लगा बड़ा झटका

## हार्वर्ड विवि में विदेशी छात्रों का प्रवेश बंद करने से दूसरी बार रोका

- इससे पहले शुक्रवार को भी संघीय न्यायाधीश ने पहली बार निषेधाज्ञा जारी की थी

**वाशिंगटन।** हार्वर्ड विवि और ट्रम्प प्रशासन के बीच चल रहे विवाद के बीच संघीय न्यायालय ने बड़ा आदेश दिया है। संघीय न्यायाधीश ने ट्रम्प प्रशासन के विदेशी छात्रों को हार्वर्ड विश्वविद्यालय में प्रवेश बंद करने के आदेश पर दूसरी बार रोक लगा दी है।

बोस्टन में अमेरिकी जिला न्यायाधीश एलिसन बरो ने अपने आदेश में कहा कि मामले के निपटारे तक विदेशी छात्रों के हार्वर्ड में अध्ययन के लिए अमेरिका आने की सुविधा को बरकरार रखा जाएगा। यह फैसला हार्वर्ड के लिए एक और कानूनी जीत है, जो हाल के महीनों में व्हाइट हाउस की कई नीतियों के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहा है। इससे पहले शुक्रवार को भी संघीय न्यायाधीश ने पहली बार निषेधाज्ञा जारी की थी। इसमें भी ट्रम्प प्रशासन के आदेश पर रोक लगाई गई थी। इस साल मई में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के खिलाफ केस दर्ज किया था। यह विभाग विदेशी छात्रों को वीजा देने की अनुमति देता है। विभाग ने हार्वर्ड की वीजा अनुमति रद्द कर दी थी, जिससे करीब 7,000 विदेशी छात्रों का भविष्य संकट में पड़ गया था। मामले में छात्रों को या तो यूनिवर्सिटी छोड़नी पड़ती या अमेरिका में उनका कानूनी दर्जा खत्म हो जाता।

इसके बाद जून में ट्रम्प प्रशासन ने एक बार फिर विदेशी छात्रों के हार्वर्ड में दाखिले पर रोक लगाने की कोशिश की, लेकिन अदालत ने इस पर भी अस्थाई रोक लगा दी। ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर चिंताओं का हवाला देते हुए हार्वर्ड में पढ़ने के लिए विदेशी छात्रों को अमेरिका में प्रवेश करने से रोकने का कदम उठाया। इससे पहले, अमेरिकी सरकार के होमलैंड सुरक्षा विभाग ने कैम्ब्रिज, मैसाचुसेट्स में हार्वर्ड के विदेशी छात्रों को पढ़ाने की अनुमति भी रद्द करने की कोशिश की थी।

ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड का +2.6 अरब डालर का रिसर्च फंड काट दिया। सरकारी कान्ट्रैक्ट रद्द किए, यूनिवर्सिटी की टैक्स छूट खत्म करने की धमकी दी, और अप्रैल में हार्वर्ड से विदेशी छात्रों से जुड़े दस्तावेज भी मांगे। इसके बाद जब ट्रम्प सरकार को हार्वर्ड की तरफ से मिली जानकारी पर्याप्त नहीं लगी, तो 22 मई को यूनिवर्सिटी का स्टूडेंट और एक्सचेंज विज़िटर प्रोग्राम सर्टिफिकेशन रद्द कर दिया गया। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के बीच लंबे समय से टकराव चला आ रहा है। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि हार्वर्ड बहुत ज्यादा लिबरल हो गया है और यह यहूदी-विरोधी व्यवहार को नजरअंदाज करता है।

# एनएसए डोभाल की चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात



- बोले: आतंकवाद का मुकाबला करना जरूरी, डोभाल ने कहा: सीमा पर शांति बनाए रखना जरूरी

**बीजिंग।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बीजिंग में चीन के स्टेट काउंसलर और विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की। यह बैठक शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सुरक्षा सलाहकारों की 20वीं बैठक के मौके पर हुई। इस दौरान डोभाल ने साफ तौर पर कहा कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए आतंकवाद के हर रूप का मिलकर मुकाबला करना जरूरी है। भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में दोनों देशों ने आपसी रिश्तों की हालिया प्रगति की समीक्षा की और दोनों देशों के नागरिकों के बीच संबंध बढ़ाने पर जोर दिया। इससे पहले दिसम्बर 2024 में भी डोभाल और वांग ने बीजिंग में बैठक की थी, जहां कैलाश मानसरोवर यात्रा, ट्रांस-बार्डर नदी सहयोग और नाथुला ट्रेड जैसे मुद्दों पर 6 सहमतियों पर फैसला हुआ था। डोभाल 17 दिसम्बर को भारत और चीन के बीच विशेष प्रतिनिधि स्तर की 23वीं बैठक में शामिल होने चीन पहुंचे थे। बैठक में यह तय हुआ कि अजीत डोभाल और वांग ई भारत में स्पेशल रिप्रजेंटेटिव (एसआर) स्तर की 24वीं वार्ता में जल्द मुलाकात करेंगे। एनएसए डोभाल ने यह भी कहा कि सीमा पर शांति बनाए रखना और आतंकवाद से कठोरता से निपटना जरूरी है। पाक-भारत झड़प के बाद पहली बड़ी कूटनीतिक बैठक यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब भारत और पाकिस्तान के बीच 7 से 10 मई तक सैन्य झड़प हुई थी, जिसकी शुरुआत 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई थी।

## हमला...



बीर्शेबा। ईरान के मिसाइल हमले में नष्ट हुए आवासीय भवनों के मलबे के बीच काम करते इजरायली सैनिक व बचावदल, इस हमले में कई लोग मारे गए।

# इजरायल ने ईरान के खिलाफ सभी लक्ष्य किए पूरे

तेल अवीव। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को कहा कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान में निर्धारित सभी लक्ष्य पूरे कर लिए गए हैं और परमाणु तथा मिसाइल खतरों को समाप्त कर दिया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि सोमवार रात प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रक्षामंत्री, सेना प्रमुख और मोसाद प्रमुख के साथ सुरक्षा कैबिनेट बैठक में घोषणा की कि ईरान के खिलाफ अभियान में इजरायल ने न सिर्फ अपने सभी लक्ष्य पूरे कर लिए हैं, बल्कि उन्हें पार भी कर लिया है। बयान में कहा गया है कि इजरायल ने बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु हमलों संबंधी दोहरे खतरों को समाप्त कर दिया है।

# इजरायल को दहलाकर मुस्लिमों के हीरों बने खामेनेई

## इस्लामिक देशों ने भले ही न दिया हो साथ, पर खामेनेई ने लिया लोहा



**मो. अहसान**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार तड़के ऐलान किया कि इजरायल और ईरान युद्ध में दोनों पक्ष सीजफायर के लिए मान गए हैं। ये ऐलान कतर में अमेरिकी अल उदीद एयरबेस पर ईरान के हमले के कुछ घंटो बाद किया गया।

भले ही ईरान का ये हमला सांकेतिक था, लेकिन ईरान ने इसके जरिये अमेरिका को साफ कर दिया कि वह ट्रम्प और नेतन्याहू की धमकी से डरने वाले नहीं है। इजरायल के वजूद के बाद से ये पहली जंग थी, जिसमें इतने बड़े पैमाने पर इजरायली शहरों पर हमले हुए। 86 साल की उम्र में पहुंच चुके ईरानी लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अपनी हत्या के खतरे के बाद भी ईरान के लोगों के सम्मान और संप्रभुता की रक्षा के लिए सरेंडर करने से इन्कार कर दिया। साथ ही साफ किया कि ईरान के लोग फलस्तीन के लिए अपनी आखिरी सांस तक लड़ते रहेंगे, जिसके बाद ईरान का सम्मान पूरी दुनिया के मुसलमानों में बढ़ गया है।

सऊदी और तुर्की जैसे देश मुस्लिम दुनिया का प्रतिनिधित्व करने का दावा करते हैं, लेकिन ये दोनों ही देश इजरायल के खिलाफ एक्शन लेने में नाकाम रहे हैं। ईरान द्वारा अमेरिका और इजरायल को दो टूक जवाब देने के बाद अब शिया मुसलमानों के साथ-साथ सुन्नी मुसलमानों में खामेनेई का कद बढ़ गया है। पिछले करीब 21 महीनों से जारी गाजा में इजरायली नरसंहार की सऊदी, कतर जैसे खाड़ी देशों ने सिर्फ निंदा ही की है। लेकिन ईरान ने फलस्तीन के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर अटल रहते हुए शुरुआत से ही इजरायल की नाक में दम किया है। ईरान एक शिया देश और फलस्तीन एक सुन्नी देश, लेकिन गाजा पर जब हमला हुआ ईरान सबसे पहले इजरायल के खिलाफ खड़ा हुआ। युद्ध की शुरुआत से ही ईरान की प्रॉक्सी हूती, हिजबुल्लाह जैसे संगठनों ने इजरायल की नाक में दम किया। वहीं जानकार मानते हैं कि हमास को भी ईरान सैन्य और आर्थिक सहायता देता है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी कूटनीतिक तरीके से ईरान ने फलस्तीन का मुद्दा उठाया। गाजा जंग के 2 साल पूरे होने से पहले ही इजरायल और अमेरिका की नजरों में ईरान खलने लगा। फिर इजरायल ने ईरान में अपने जासूसी नेटवर्क के जरिए ईरान के प्रमुख नेताओं और अधिकारियों की हत्याएं करानी शुरू की। फिर भी ईरान फलस्तीन के साथ देने से पीछे नहीं हटा। साथ ही ट्रम्प ने ये भी धमकी दी कि हमें पता है कि खामेनेई कहा हैं और ईरान सरेंडर करे। खामेनेई ने अपनी जान की परवाह किए अपने उत्तराधिकारी तय करते हुए देशवासियों से अपील की कि मेरी जान कुछ कीमत नहीं रखती, मेरे बाद ईरान को आपको इस्लामिक गणराज्य के लिए खड़े रखना है। साथ ही अमेरिकी हमले का जवाब देने का संकल्प लिया। मंगलवार तड़के ईरान ने वही किया जैसा कहा था और कतर में मौजूद अमेरिकी एयर बेस पर करीब 10 मिसाइलों से हमला किया और बताया कि हम अमेरिका के ठिकानों को भी निशाना बनाने में सक्षम है। ईरान ने भी झुके अमेरिका और इजरायल को सीजफायर के लिए मजबूर किया है।

# एक ही दिन में लगभग डेढ़ हजार अफगानी परिवार स्वदेश लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान में पाकिस्तान और ईरान से सोमवार को एक ही दिन में लगभग 1500 से अधिक अफगान शरणार्थी परिवारों की वापसी हुई है। अफगानिस्तान के सरकारी मीडिया बख्तर न्यूज ने मंगलवार को बताया कि कुल 1469 अफगान शरणार्थी परिवार कई क्रॉसिंग पॉइंट्स के माध्यम से लौटे। इनमें से अधिकांश कल ईरान से लौटे हैं।

इन सभी परिवारों को क्रॉसिंग पॉइंट्स पर अफगान अधिकारियों से आवश्यक सहायता मिली है। गौरतलब है कि 13 जून से ईरान पर इजरायली हमलों के बाद ईरान से अफगान शरणार्थियों की स्वदेश वापसी बढ़ गई है। पिछले सप्ताह अफगानिस्तान में प्रतिदिन 10,000 व्यक्तियों का प्रवेश दर्ज किया गया है। लगभग दो वर्षों में लगभग 20 लाख अफगानी शरणार्थी स्वदेश लौट आए हैं। ईरान और पाकिस्तान ने बड़े पैमाने पर अफगानिस्तानी लोगों को स्वदेश भेजा है जिसके बाद से इन देशों से प्रतिदिन हज़ारों लोगों को अफ़गानिस्तान वापस भेजा जा रहा है। इसके साथ ही पाकिस्तानी अथवा ईरानी नागरिकता एवं वर्क परमिट वाले अफगानियों को भी जबरन निर्वासित किया जा रहा है। तालिबान सरकार ने ईरान और पाकिस्तान दोनों के साथ इस मुद्दे को उठाया है।

# अमेरिका और ईयू के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर तेजी से बढ़ रही वार्ता: सीतारमण



### भारत की निर्यात-आधारित गति अधिक व्यापक और लचीली होती जा रही है

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निर्यात को बढ़ावा दिये जाने का उल्लेख करते हुए मंगलवार को यहां कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही पूरी हो जाएगी।

श्रीमती सीतारमण ने यहां इंडिया एक्जिम बैंक द्वारा आयोजित ट्रेड कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए विकसित भारत योजना के तहत सरकार के व्यापार और विनिर्माण दृष्टिकोण को सामने रखा। उन्होंने कहा कि भारत की निर्यात-आधारित गति अधिक व्यापक और लचीली होती जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और 4 देशों के ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) ब्लॉक के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और ब्रिटेन के साथ बातचीत पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ बातचीत वास्तव में बहुत तेजी से चल रही है और जल्द ही निष्कर्ष पर पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की व्यापार वृद्धि आकस्मिक या बिखरी हुई नहीं है। इसके बजाय, यह लक्षित नीतिगत कदमों के साथ संरेखित है। यूएई, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और ईएफटीए ब्लॉक के साथ हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) ने नए बाजार खोले हैं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025 में भारत का कुल निर्यात 825 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक है।

# श्रीनगर में इजरायली झंडे का भित्तिचित्र हटाया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को श्रीनगर के जदीबल इलाके में इजरायली झंडे का एक भित्तिचित्र हटाया दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि ज़ादीबल इमामबाड़ा के बाहर सड़क पर इजरायल झंडे का भित्तिचित्र बनाया गया है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करके इसे हटवा दिया ताकि साम्प्रदायिक सौहार्द और शांति बनी रहे। श्रीनगर के बाहरी इलाके में अमेरिकी और इजरायली झंडे लगाने के आरोप में दो लोगों को हिरासत में लिए जाने के एक दिन बाद यह मामला सामने आया है। पुलिस जांच में पता चला कि इस घटना में इलाके की तीन किशोरियां भी शामिल थीं। उनकी उम्र और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए, उनके माता-पिता को थाने बुलाया गया।


देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कोचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एकजाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)